ख़बरों के 41 साल, ख़बरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र


# देशबन्धु

सतना, शुक्रवार 07 अगस्त 2026 । वर्ष –41 । अंक –158 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ कॉकरोच अब किस... ■ भारत में बढ़ती... 04
■ यूनुस के सपोर्ट में नहीं थे आर्मी चीफ वकार... ■ चांद से टकराया मस्क का बेकाबू रॉकेट... 09
■ सरकार की ऑनलाइन शॉपिंग में... ■ रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली... 11
■ इंडिया-श्रीलंका सीरीज... ■ बुमराह नं. -1... 10

### छात्र आंदोलनों पर बोले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

# जेन-जी हमारी पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार, वे देश विरोधी नहीं, उनकी शिकायतें वास्तविक



**मुंबई,( एजेंसियां )।** जहां भाजपा के कई मंत्री, सांसद और प्रवक्ता जंतर मंतर के छात्र आन्दोलन को लेकर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं, कोई विदेशी फंडिंग से जोड़ रहा है तो कोई उन्हें विदेशी ताकतों और विपक्ष के हाथों खेलता बता रहा है। वहीं इस बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि, जेन-जी विरोध-प्रदर्शन कर रही है तो उन्हें 'देशविरोधी' नहीं कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश की अपनी नई पीढ़ी है और उनके मुद्दों को संवाद के जरिए समझकर समाधान निकालने की जरूरत है। एक छात्र संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा, 'अगर जेन-जी प्रदर्शन कर रही है तो इसका मतलब यह नहीं कि वे एंटी-नेशनल हैं। वे हमारे अपने लोग हैं, हमारी अगली पीढ़ी हैं। मेरा मानना है कि जेन-जी और जेन अल्फा मौजूदा पीढ़ी की तुलना में अधिक ईमानदार हैं। उनके साथ देशभक्ति और सेवा की ईमानदार अपील प्रभावी होती है। विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का मााध्यम उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का एक माध्यम है। विभिन्न विचारों के बीच संवाद से ही व्यापक सहमति बनती है। यदि किसी कारण से लोगों की बात नहीं सुनी जाती, तब आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है, लेकिन उसका उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। भागवत ने कहा कि हाल की घटनाओं में छात्रों की शिकायतें वास्तविक हैं

#### *सभी के लिए शिक्षा सुलभ होनी चाहिए*

*शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए और उसकी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'शिक्षा हमारे बच्चों और अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए है, पैसा कमाने का माध्यम नहीं।*

## सार संक्षेप

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का गुरुवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया।



सामरिक बल कमान की देख-रेख में किये गये परीक्षण के दौरान सभी संचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई। यह मिसाइल 4,000 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है और एक टन वजनी परमाणु हथियार ले जा सकती है। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल से देश की रणनीतिक रक्षा और प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी।

### विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की कोई योजना नहीं : नायडू

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना के दावों को गलत बताया और कहा कि इससे हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है।

AKS University Satna
adani Cement
98 स्टूडेंट्स का अडानी सीमेंट में प्लेसमेन्ट
Rewa 8889717776 8889647776
Sidhi 8889587776
Amanganj : 7692807776
CAMPUS 8889207776

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-22 साल तक बकसूर जेल की सलाखों के पीछे रहा।

**चुहिया- हां प्रिये**- जब अदालतें तथ्यों से मुंह मोड़ लें तो सजा बेकसूर भी भुगतने मजबूर हो जाते हैं।

## डॉ. यादव आज छिंदवाड़ा से करेंगे 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026' का शुभारंभ

**छिन्दवाडा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 अगस्त को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न जनशिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम की समस्त कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है।



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य जनविश्वास, जनकल्याण हेतु क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जन संवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय किया जाना है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा में देश का अग्रणी राज्य : मुख्यमंत्री

### 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में मध्यप्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल का हुआ प्रेजेंटेशन

♦ सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली मेट्रो से किया सफर





सम्मेलन में भूटान के ऊर्जा मंत्री त्शेरिंग से भेंट करते मुख्यमंत्री और दूसरे चित्र में सम्मेलन स्थल जाने के लिए मेट्रो पर सवार डॉ. यादव।

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक देश के 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तथा हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। म.प्र. आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में शामिल होने के लिए एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के माध्यम से शिवाजी स्टेडियम तक यात्रा कर स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। दिल्ली मेट्रो अपने संचालन में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा का उपयोग करती है, इसलिए मुख्यमंत्री ने हरित ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में मेट्रो से यात्रा की। नई दिल्ली में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2026 में मध्यप्रदेश ने स्वच्छ एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में >>शेष पृष्ठ 3 पर

## सड़क हादसे में घायल के लिए डॉक्टर बने झाबुआ विधायक

**झाबुआ, एजेंसी।** झाबुआ में मानवता की मिसाल पेश करते हुए झाबुआ विधायक डॉ.विक्रांत भूरिया ने सड़क दुर्घटना में घायल महिला को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्रेसर और आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण उन्होंने स्वयं प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने घायल महिला के घाव की सफाई कर टांके लगाए और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया।

जानकारी के अनुसार, विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया अपने विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुरा दौरे पर थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में शांति मैड़ा नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विधायक मौके पर पहुंचे और घायल महिला को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुरा ले गए। डॉ. भूरिया पेशे से सर्जन भी रहे हैं। अस्पताल पहुंचने पर ड्रेसर और आवश्यक स्टाफ उपलब्ध नहीं मिला, जिसके चलते उन्होंने स्वयं महिला का उपचार शुरू किया। उन्होंने घाव की सफाई कर टांके लगाए और प्राथमिक उपचार किया। महिला के कंधे में गंभीर चोट होने पर एक्स-रे कराने का प्रयास किया गया, लेकिन बिजली की समस्या के कारण एक्स-रे मशीन चालू नहीं हो सकी। घटना के दौरान अस्पताल में दवाइयों, ड्रेसिंग सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधनों की कमी भी सामने आई। डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि कल्याणपुरा सहित जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ और संसाधनों की भारी कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों में डॉक्टर, ड्रेसर और फार्मासिस्ट जैसे आवश्यक पद रिक्त हैं, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

> अस्पताल में ड्रेसर न होने पर खुद लगाए टांके
>
> दवाईयों और उपकरणों की कमी भी हुई उजागर

### डीएनए रिपोर्ट में कट पेस्ट की गलती

## पांच सालों में पेश की गयी 20 प्रतिशत डीएनए रिपोर्ट की करवाई जाये रैंडम जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट में कट पेस्ट के जरिए गलत नाम दर्ज होने के मामले को गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने भोपाल स्थित राज्य फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की पिछले पांच वर्षों में तैयार डीएनए और अन्य वैज्ञानिक रिपोर्ट में से 20 प्रतिशत रिपोर्ट की रैंडम जांच कराने के आदेश दिए हैं।

इसके साथ ही न्यायालय ने मुख्य सचिव को सात दिन के भीतर प्रदेश के बाहर के तीन वैज्ञानिक अधिकारियों की स्वतंत्र समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। समिति छह महीने में जांच पूरी करेगी। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान एफएसएल की प्रभारी निदेशक डॉ. हर्षा सिंह न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुईं। उन्होंने स्वीकार किया कि डीएनए रिपोर्ट में गलत नाम दर्ज होना कट पेस्ट की गलती के कारण हुआ हो सकता है। इस पर कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यदि एक मामले में ऐसी त्रुटि सामने आई है तो यह जांचना जरूरी है कि अन्य रिपोर्ट में भी ऐसी गलती तो नहीं हुई।



> ♦ हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को दिये सात दिनों में स्वतंत्र जांच एजेंसी गठित करने के आदेश
>
> ♦ फॉरेंसिक साइंस, बायोलॉजी या बायोकेमिस्ट्री जैसे संबंधित विषयों के विशेषज्ञ की नियुक्ति पर भी सरकार को गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए

दरअसल, यह मामला नर्मदापुरम जिले के साकेत इटारसी निवासी पंकज कुमार बिंदोलिया की आपराधिक अपील से जुड़ा है। पंकज ने पॉक्सो विशेष न्यायालय द्वारा 16 मार्च 2026 को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को चुनौती दी है। सुनवाई में सामने आया कि 31 दिसंबर 2024 की एफएसएल रिपोर्ट में गलत व्यक्ति का नाम दर्ज था। कोर्ट ने एफएसएल निदेशक पद पर फॉरेंसिक साइंस, बायोलॉजी या बायोकेमिस्ट्री जैसे संबंधित विषयों के विशेषज्ञ की नियुक्ति पर भी सरकार को गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए हैं।

## सितंबर से देशभर में 'बोलती पब्लिक' अभियान चलाएगी सीजेपी : दिपके

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने जंतर-मंतर आंदोलन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को युवाओं की बड़ी जीत बताते हुए पार्टी के आगामी एजेंडे का ऐलान किया। दिपके ने गुरुवार को कहा कि पिछले कई वर्षों से सरकार यह संदेश देती रही कि सत्ता में बैठे लोगों से कोई सवाल नहीं पूछ सकता। लेकिन युवाओं के आंदोलन ने इस धारणा को बदल दिया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सिर्फ एक व्यक्ति का इस्तीफा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आंदोलन की सफलता और जनता के भीतर से डर खत्म होने का प्रतीक है।



कॉकरोच जनता पार्टी की विचारधारा पर बोलते हुए दिपके ने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय संविधान के मूल्यों पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों से प्रेरित होकर पार्टी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए काम करेगी।

दिपके ने बताया कि पार्टी की दो दिवसीय कोर कमेटी की बैठक में सितंबर से देशभर में 'बोलती पब्लिक' नाम से राष्ट्रीय अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत पार्टी देशभर में जाकर लोगों से उनकी समस्याएं और अपेक्षाएं जानेगी। उनका कहना है कि आज राजनीतिक दल और सरकारें आम जनता, खासकर युवाओं से कट चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का पहला और सबसे बड़ा मुद्दा शिक्षा सुधार होगा। उनका आरोप है कि देश में शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। निजी स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों की बढ़ती फीस ने आम परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को व्यवसाय नहीं, बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार माना जाना चाहिए।

### ट्रायल कोर्ट ने जांच सही से नहीं की, हाईकोर्ट मूकदर्शक बना रहा

# 22 साल जेल में रहा बेगुनाह, सुको ने निचली अदालतों को फटकारा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** न्यायिक संस्थाओं की कमजोरी कभी-कभी किसी जिन्दगी के साथ ऐसा खिलवाड़ कर देती है कि जब बेकसूर आदमी भी उम्रकैद जैसी सजा काटने के लिए मजबूर हो जाए। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसे शख्स को बरी किया है, जिसे अपनी जिंदगी के 22 साल जेल में गुजारने पड़े।

यह सब उसे ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट की वजह से भुगतना पड़ा। क्योंकि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही से जांच नहीं की और दोषी ठहराए जाने के बाद हाई कोर्ट ने उसकी अपील पर सुनवाई नहीं की, यानी हाई कोर्ट मौन बना रहा। जिसके बाद उसने शीर्ष अदालत में गुहार लगाई। यह एक ऐसा विशिष्ट मामला है जहां एक गरीब वादी का न्याय के लिए संघर्ष न्यायपालिका के ही हाथों विफल हो गया, जब अदालत ने तकनीकी आधार पर सुनवाई से इनकार कर दिया। गरीब दोषी पहले ही 12 साल जेल में बिता चुका था, जब उसने हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने अपील दायर करने में देरी के तकनीकी



आधार पर उसकी सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के इनकार करने के बाद उसे 10 साल और जेल में गुजारना पड़ा।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा**-जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने तमाम बिंदुओं पर ध्यान देते हुए उसे बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट को यह स्वीकार करना पड़ा कि- न्याय तक पहुंच अभी भी हमारे समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों और विशेष रूप से उनमें से दोषी ठहराए गए और जेल में बंद लोगों से दूर है । जस्टिस जेबी परदीवाला और के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा, 'हम उस आदेश से बेहद निराश और चिंतित हैं, जिसमें 3,157 दिनों की देरी की माफी मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया और परिणामस्वरूप धारा 302 के तहत दोषसिद्धि के आदेश के खिलाफ 'जेल अपील ज्ञापन' को भी खारिज कर दिया गया, जिसमें >>शेष पृष्ठ 3 पर

> *पीठ ने कहा कि जब लोकतंत्र के तीनों स्तंभ लगातार हर नागरिक, विशेषकर गरीबों के घर तक कानूनी सहायता पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, तब हमें उदार दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। केवल उदार दृष्टिकोण ही नहीं, बल्कि एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि किसी दोषी के अदालत का दरवाजा खटखटाने पर होने वाली देरी को माफ किया जा सके, चाहे वह कितनी भी बड़ी क्यों न हो, जो इस मामले में कुछ गंभीर चिंताएं पैदा करता है।*

JAN JYOTI
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

# 3 महीने बादः आवारा स्ट्रीट डॉग की अब खैर नहीं

## झुंड के झुंड घूमते इन आवारा कुत्तों को पकड़कर मां बांग्लामुखी कंपनी करेगी बधियाकरण

**शहर से लेकर जिले भर में आवारा जानवर इतने तदाद में होते जा रहे हैं कि लोगों को अपराधियों से ज्यादा अब इनसे डर लगने लगा है। खासकर स्ट्रीट डॉगों से, जिनकी इन दिनों शहर में इतनी भरमार हो गई है कि अब दिन में भी झुंड के झुंड दिखाई देने लगे हैं और बीच सड़क से लेकर गली, मोहल्लों में घुसकर कहीं छोटे जानवरों, तो कहीं छोटें बच्चों-बच्चियों पर हमला कर काट खाते है और लहुलुहान कर देते है।**



**सतना, देशबन्धु।** कुछ महीने पहले एक आवारा कुत्ते द्वारा दौड़-दौड़ कर कई किलोमीटर तक आधा सैकड़ा लोगों को काटकर जख्मी करने का मामला सामने आया था। इसके कुछ दिन बाद फिर एक आवारा पागल कुत्ते के काटने से कई लोगों के लहुलुहान होने की घटना सामने आई थी। बावजूद इसके यहां का स्थानीय प्रशासन खासकर नगर पालिक निगम इन आवारा कुत्तों की न तो धरपकड़ करने की पहले कार्यवाही की और न ही नगर के हर गली, मोहल्ले, बीच सड़क में घूमते और राह चलते लोगों पर टकटकी लगाए बैठे इन आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर बधियाकरण की योजना को काफी समय तक अंजाम दिया, जिससे नगरवासी आज भी इनके हमले से डर के साए में रहते है। जबकि नगरीय प्रशासन से लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कह चुका था कि हर राज्य अपने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में म्युनिसिपल कार्पोरेशन के माध्यम से धरपकड़ कर बधियाकरण का कार्य करवाए, लेकिन सतना नगर पालिक निगम सतनावासियों के लिए खतरा बने इन आवारा कुत्तों को लेकर अब जाकर इतने सालों बाद संजीदा हुआ है।

### हो गया टेंडर, बन रही बधियाकरण हॉस्पिटल

नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि रीवा रोड से कटिया-सिजहटा जाने वाले मार्ग के पास बन रहे एसटीपी प्लांट के बगल से आवारा कुत्तो को पकड़कर बधियाकरण करने के लिए हास्पिटल बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। इस कार्य के लिए जबलपुर की मां बांग्लामुखी एक एजेंसी को 60 लाख रूपए में ठेका दिया गया है, जो तीन महीने में बनाकर बधियाकरण का काम करेगा।

आवारा कुत्तों की धरपकड़ के लिए कटिया-सिजहटा रोड में भवन हास्पिटल बन रहा है। इसके पहले भी आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर बधियाकरण के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन कोई सामने नहीं आया। अब जाकर इतने सालों बाद किसी कंपनी ने ठेका लिया है। देखते हैं कि कब तक इन आवारा कुत्तों को पकड़कर बधियाकरण करते हुए शहरवासियों को राहत देने का काम किया जाएगा।



**रावेन्द्र मिथलेश सिंह, नेता प्रतिपक्ष ननि**

# सीईओ उचेहरा को कारण बताओ नोटिस

- **मझगवां, रामपुर के उपयंत्रियों को सीआर वार्निंग सहित नो वर्क नो पे का नोटिस**



**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिला पंचायत और जनपद पंचायतों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की और कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति लाएं।

कलेक्टर ने उचेहरा विकासखण्ड के परसमनिया क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूहों को पत्थर-पटिया खदान से संबद्ध करने के प्रकरणों को टीएल की बैठक में नहीं रखने पर सीईओ जनपद उचेहरा से नाराजगी व्यक्त करते हुए सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने कहा कि मझगवां, रामपुर बघेलान के उपयंत्रियों को सीआर वार्निंग सहित नो वर्क नो पे की नोटिस जारी करें और समय पर प्रगति नहीं आने पर इनके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सोहावल को छोडकर अन्य विकासखण्डों की प्रगति धीमी है। अगले दो सप्ताह में सभी अपूर्ण कार्यो को पूरा करें। जिसकी समीक्षा बैठक ली जाएगी।

### 2283 शालाओं में एमडीएम का वितरण

कलेक्टर ने कहा कि जिले में 2283 शालाओं में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत एमडीएम का वितरण किया जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण में जाने वाले अधिकारी स्कूलों और आंगनवाडी केन्द्रों में दिए जा रहे पका भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण जरूर करें।

### 178 कार्य लंबित

बताया गया कि जी राम जी योजना के कार्य सिपरी तक अनुमोदन के लिए भेज दिए गए है। योजना में 450 ग्राम ग्राम पंचायतों में 113 कार्य प्रारंभ कर दिए गए। जबकि 419 कार्य सिपरी में मैप किए गए है और 178 कार्य लंबित है।

## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 26.00 डि.सें. | 28.00 डि.सें. | सुबह: 90 |
| | | शाम: 97 |

## सार-समाचार

### आज सौंपी जाएगी मेडिकल कॉलेज को देह



**सतना, देशबन्धु।** संत मोतीराम आश्रम की सेवाओं से प्रेरित होकर महंत स्वामी खिम्यादास के सानिध्य में पोड़ी निवासी राममिलन कुशवाहा ने 30 जुलाई को मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया था और 5 दिन बाद 5 अगस्त को उनका स्वर्गवास हो गया। आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने बताया कि 7 अगस्त शुक्रवार को सुबह 11 बजे उनकी पार्थिव देह मेडिकल कॉलेज को सौंपी जाएगी। आश्रम के भाई प्रह्लाद एवं सेवादारी विनोद गेलानी ने संयुक्त रूप से बताया स्वामी के सानिध्य में यह 14वीं देह गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ मेडिकल कॉलेज को दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि संत मोतीराम आश्रम के माध्यम से अभी तक 160 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया है।

### दुष्कर्म करने वाला आरोपी गया जेल

**सतना, देशबन्धु।** शौच के लिए गई नाबालिग लड़की को जबरजस्ती पकड़कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर रामपुर बाघेलान थाना पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मिली जानकारी मुताबिक पीड़िता लिखित आवेदन दिया कि अतुल प्रजापति पिता सुदर्शन प्रजापति का घर मेरे घर से कुछ दूरी पर है। 18 जुलाई को मम्मी-पापा रिश्तेदारी में गए हुये थे। रात करीब 8 बजे अकेले शौच के लिए घर से कुछ दूर खेत तरफ गई थी तभी वहां पर अतुल मिला और उसने मेरा मुंह दबा लिया तथा जबरदस्ती मेरे साथ बलात्कार किया और धमकी दिया कि अगर तुम यह बात किसी को बताई तो तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा। 3 अगस्त को फिर मेरा गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। तब मै अपना हाथ छुड़ाकर वहां से भाग कर अपने घर आ गई। नाबालिग पीड़िता की रिपोर्ट पर पाक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर पुलिस विवेचना में लिया और आरोपी अतुल प्रजापति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी थाना प्रभारी सहित उप निरीक्षक प्रीती कुशवाहा , स. उप निरीक्षक शंकरदयाल मिश्रा. आरक्षक दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक अखण्ड प्रताप सिंह, सीताशरण द्विवेदी, रमाकांत तिवारी, आरक्षक राजीव पटेल, महीप तिवारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।



### महाआरती पन्नीलाल चौक में 10 को

**सतना, देशबन्धु।** सावन माह के पावन सोमवार के अवसर पर 10 अगस्त को पन्नीलाल चौक में शिव महाआरती का आयोजन किया जाएगा। पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सर्व समाज की महिलाओं की विशेष सहभागिता रहेगी। महाआरती शाम 7.45 बजे होगी। पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता मुन्ना, महामंत्री हेमंत जैन एवं नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता माधवगढ़ ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, माताओं, बहनों एवं बेटियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की आराधना एवं महाआरती में शामिल होने की अपील की है।

# रुपयों की जरूरत ने कराया दोस्त का कत्ल

## अमकुई हत्याकांड

- **पुलिस ने किया युवक की हत्या का खुलासा**
- **मृतक को साथ लेकर जाने वाला ही है आरोपी**

## आरोपी के कब्जे से कई अहम सबूत पुलिस को मिले

**सतना, देशबन्धु।** नागौद अनुविभाग में जसो थाना क्षेत्र के ग्राम अमकुई गांव में रहने वाले युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने पहले दिन से ही संदेही मृतक के दोस्त को हत्या का आरोपी बनाया है। अहम सबूत मिलने के बाद पुलिस ने गुरूवार को आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि अमकुई निवासी रामकेश कुशवाहा का 20 वर्षीय इकलौता बेटा अतुल विगत 1 अगस्त की रात से लापता था। मंगलवार 4 अगस्त को दिन में उसकी लाश दुरेहा ठाड़ी पाथर जंगल में मिली थी। बता दें कि लाश मिलने के बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया था। आरोप था कि जसो थाना पुलिस ने पहले तो गुमशुदगी दर्ज करने में टाल-मटोल की, बाद में संदेही से ढंग से पूछताछ भी नहीं की। परिजनों का कहना था कि अतुल आखरी बार गांव के ही श्यामू नामदेव के साथ था। हंगामे के बाद जब पुलिस ने संदेही को पूछताछ के लिए अपने कब्जे में ले लिया तब बड़ी संख्या में लोग एसडीओपी कार्यालय पहुंच थे।



मृतक, अतुल कुशवाहा

### पता कर लिया था पासवर्ड

हत्या के आरोप में पकड़े गए सुधीर उर्फ श्यामू ने पुलिस को बताया कि उसे रुपयों की जरूरत थी और अतुल के पास अक्सर बड़ी रकम हुआ करती थी। इसलिए उसने किसी तरह अतुल के उस मोबाइल फोन का पासवर्ड पता कर लिया था, जिससे वह रुपयों का लेन देन करता था। श्यामू इस बात को जानता था कि वह अतुल से रुपए मांगेगा तो वह उसे देगा नहीं।



आरोपी, सुधीर

### दोस्ती थी, लेकिन पक्की नहीं

पुलिस का कहना है कि एमपी ऑनलाइन का काम करने वाले अतुल कुशवाहा (20) के साथ स्कूल में पढ़ाई कर चुका सुधीर उर्फ श्यामू नामदेव (19) उसका दोस्त तो था, लेकिन दोनों की पक्की दोस्ती नहीं थी। आरोपी ने पुलिस के सामने इस बात को कुबूल किया है कि स्कूल में भी दोनों के झगड़े होते थे और कुछ दिन पहले भी दोनों के बीच हाथापाई हुई थी।

### पड़ोसी से मांगी थी बाइक

श्यामू अपने पड़ोसी की मोटर साइकिल मांगकर ले गया था। पुलिस ने उसे जब्त किया है। आरोपी श्यामू ने अपने घर के पीछे गड्ढे में छिपाकर रखा अतुल का मोबाइल फोन बरामद कराया। श्यामू के घर में बने एक रैक से 12 हजार 500 रुपए भी जब्त किए गए हैं, जो अतुल के बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि हत्या के इस सनसनीखेज अपराध में श्यामू अकेला ही आरोपी है, जिसके कब्जे से कई अहम सबूत मिले हैं।

### घूमने के बहाने लेकर गया

पुलिस ने बताया कि आरोपी श्यामू ने योजनाबद्ध तरीके से अतुल को उसकी दुकान से ही अपने साथ लिया और पास के गांव जाने के बहाने लेकर गया। अमकुई स्कूल के पीछे बने जंगल की ओर जाने के बाद टॉयलेट के बहाने गाड़ी रोकी और उतरकर कुछ दूर आगे चला गया। तब गाड़ी के पास रुका अतुल अपना मोबाइल चलाने लगा। इसी बीच श्यामू पीछे से आया और उसने अतुल का गला दबाकर उसके साथ मारपीट की। नाक और मुंह में कई गंभीर चोट पहुंचाई। जब वह घायल हो गया तो श्यामू ने जेब से जीआई तार निकालकर अतुल का गला घोंट दिया। उसका मोबाइल फोन, नगद रुपए अपने कब्जे में लेकर श्यामू ने अतुल का शव पास की झाड़ियों में छिपाया और उसके ऊपर बोरी डाल दिया।

# विद्युत सब स्टेशन घुनवारा में ऑपरेटर से मारपीट, तोड़फोड़

- **घटना के बाद अमदरा में हुई एफआईआर, सरपंच पति समेत अन्य पर है आरोप**

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिला में घुनवारा विद्युत सब स्टेशन के ऑपरेटर से मारपीट और स्टेशन में तोड़फोड़ करते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि घुनवारा सरपंच के पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। शिकायत होने पर पुलिस ने सरपंच पति समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

विद्युत विभाग के सब स्टेशन घुनवारा में ऑपरेटर शारदा सोनी पिता स्व. पुरूषोत्तमदास सोनी (33) निवासी घुनवारा ने पुलिस को बताया कि 5 अगस्त की रात करीब साढ़े 10 बजे सरपंच पति ओम साहू पिता बब्बू साहू अपने साथी सिंटू साहू, लोकपाल बुंदेला और सचिन चौधरी के साथ सब स्टेशन पहुंचे। आते ही सभी ने गालियां दी और मारपीट करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। ऑफिस की लॉगबुक को भी फाड़ दिया। जबकि उन्हें बताया जा रहा था कि विद्युत आपूर्ति मैहर से बंद है। इस मामले में अमदरा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 332 (सी), 221, 121 (1), 132, 324(2), 351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



## विहिप की बैठक में बनी रूपरेखा



**सतना, देशबन्धु।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल नगर की बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी 4 सितबर को विहिप के 62वें स्थापना दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विहिप बजरंग दल प्रखंड स्तर पर ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन करेगा। जिसे लेकर चर्चा हुई। बैठक में विहिप की प्रांत उपाध्यक्ष सीमा सिंह, जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह, लखन केसरवानी, देवेंद्र सत्यवानी, रावेंद्र सिंह, दीपक सोई, अशोक अग्रवाल, आदर्श त्रिपाठी, मनीष शर्मा, अभिजीत गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सीएम जनविश्वास अभियान नागौद में आज

**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का संचालन 7 अगस्त से 8 जनवरी तक किया जाएगा। जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त को नागौद जनपद पंचायत से हो रहा है। इस अभियान के लिए जिला स्तर के विभाग प्रमुख अधिकारी एक बस में बैठकर कलेक्ट्रेट परिसर से सुबह 10 बजे नागौद के लिए रवाना होंगे। इस अभियान के सुचारू संचालन हेतु रोस्टर निर्धारित किया गया है। इस दौरान 7 अगस्त को नागौद, 14 अगस्त को रघुराजनगर सिटी, 21 अगस्त को मझगवां, 11 सितम्बर को उचेहरा, 18 सितम्बर को सोहावल तथा 25 सितम्बर को रामपुर बाघेलान में अभियान आयोजित होगा।

## लीनेस क्लब यंग स्टार्स के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**सतना, देशबन्धु।** लीनेस क्लब सतना यंग स्टार्स का प्रथम दीक्षा एवं पदस्थापना समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। डिस्ट्रिक्ट सीएम-1 सम्पदा की डिस्ट्रिक्ट फाउंडर प्रेसिडेंट एवं एडमिनिस्ट्रेटर लीनेस अंजू कटारे के निर्देशन में गठित क्लब के समारोह में नवगठित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पद एवं कर्तव्य की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. बीना मिश्रा, रश्मि जैन, मीरा अग्रवाल, डॉ. मनीषा सोई, सीमा अग्रवाल सहित लीनेस क्लब सतना मेन, लीनेस क्लब सतना विंध्य तथा लीनेस क्लब सतना गोल्ड की अध्यक्षों एवं सदस्यों सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। दीक्षा एवं पदस्थापना अधिकारी अंजू कटारे ने क्लब की अध्यक्ष नेहा बढ़ेरिया, उपाध्यक्ष, सचिव सीमा चमडिया, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष मीनाक्षी खंडेलवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने सेवा, नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नेहा बढ़ेरिया ने अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए क्लब के माध्यम से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा चतुर्वेदी ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## सावन में झूला डाला, सावन की देखो बदरिया...



**सतना, देशबन्धु।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रामानुज वैष्णव मंडल द्वारा व्यंकटेश झूलनोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सावन में झूला डाला, सावन की देखो बदरिया... श्याम झूले जैसे मधुर भजनों के साथ श्रीकृष्ण-राधा की मनोहारी झूलन झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। वैष्णव मंडल के व्यवस्थापक बद्री प्रसाद गुप्ता ने कहा कि गुरु की आज्ञा से बड़ी कोई आज्ञा नहीं होती। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही मनुष्य आध्यात्मिक उन्नति और ईश्वर की कृपा प्राप्त कर सकता है। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं जयघोष से वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-राधारानी के झूले को श्रद्धापूर्वक झुलाकर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की मंगलकामना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार सहित रामचरण गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राजकुमार साहू, सुनील गुप्ता, प्रदीप सक्सेना, राजेश मेहता, रमेश गुप्ता, श्रीराम गुप्ता आशीष गुप्ता, वंदना गुप्ता, अशोक गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, बेटू, सतीश गुप्ता, राधामाया गुप्ता, रेणु साहू, बबिता साहू, राजकुमार साहू, प्रमोद गुप्ता, रमेश गुप्ता, लवकुश गुप्ता, विनीत गुप्ता, मधुसूदन गुप्ता, श्रीनिवास गुप्ता, गोपाल गुप्ता, अनंत नारायण गुप्ता, व्यंकटेश गुप्ता, श्याम लाल गुप्ता, रिंकी गुप्ता, राधा त्रिपाठी, उषा आदि शामिल रहे।


**सूचना**

मैं मुनी लाल जैन जो मेरी आरा मशीन कृष्णा नगर में मे. जैन ट्रेडर्स टिम्बर मर्चेंट (सतना) जो किराये की भूमि में स्थित थी। प्लाट किराये का था। प्लाट मालिक द्वारा खाली कराने की वजह से मेरी आरा मशीन बिरला रोड कुलगवां पावर हाउस के पास प्रेमवती चौरसिया व मुन्नीलाल चौरसिया की आराजी में लगाना चाहता हूं, जिसको आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर मेरे

**मुनी लाल जैन**
मोबा.: 9993517471


# जिले भर में कल सड़कों पर नहीं दौड़ेगीं यात्री बसें

## सीएम के नाम बस ऑनर्स एसो. ने दिया मांग पत्र, मांगे पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर में बंद रहेंगी यात्री बसें



**सतना, देशबन्धु।** प्रांतीय इकाई की सागर में 26 जुलाई की बैठक में पारित निर्णय के परिपेक्ष में शासन व परिवहन विभाग द्वारा काफी समय से बस आपरेटरों की लंबित मांगो का क्रियान्वयन न होने के कारण परिवहन विभाग व शासन के विरुद्ध प्रांतीय इकाई के आदेशानुसार प्रदेश भर में 8 अगस्त से बसों का संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में सतना बस ऑनर्स एसोसिएशन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम मांगो का ज्ञापन एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिलाडिया को सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया गया। इस दौरान बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश गौतम एवं सचिव बृजेंद्र सिंह परिहार सहित अन्य पदाधिकारी और बस संचालक उपस्थित रहे।

### यात्रियों को होगी परेशानी

एसोसिएशन का कहना है कि यदि उनकी लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 8 अगस्त से जिले सहित प्रदेशभर में बसों का संचालन बंद किया जाएगा। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बस संचालकों ने प्रशासन से मांगों पर जल्द उचित कार्रवाई करने की अपील की है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

बस आनर्स एसोसिएशन के सचिव बृजेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन व परिवहन विभाग द्वारा लम्बे समय से मध्यप्रदेश के बस ऑपरेटरों की लंबित मांगो का क्रियान्वयन व निराकरण नहीं किया जा रहा। जिससे बस ऑपरेटर शासन व परिवहन विभाग की नीतियों से असंतुष्ट व परेशान हैं। उन्होंने बताया कि बस ऑपरेटरों की प्रमुख मांग है कि मुख्यमंत्री नवीन परिवहन नीति निरस्त की जाए। मार्गो का राष्ट्रीयकरण न किया जाए। अंतर्राज्यीय परमिट पुनः प्रारम्भ किए जाएं। बसों की 15 वर्ष आयु सीमा समाप्त कर परिवहन विभाग द्वारा पूर्व में निर्धारित सीमा 20 वर्ष की जाए। नवीन बसों की पंजीयन प्रक्रिया में संशोधन किया जाए एवं यात्री किराया में वृद्धि की जाए।

### योजनाओं की होगी जमीनी पड़तालः सांसद

**सतना, देशबन्धु।** सांसद गणेश सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा 7 अगस्त से 8 जनवरी तक पूरे मध्यप्रदेश में शुरू किए जा रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का स्वागत करते हुए इसे जनता और शासन के बीच विश्वास को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया है। उन्होंने सीएम डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान केवल योजनाओं की समीक्षा तक सीमित न रहकर उनके वास्तविक क्रियान्वयन का आकलन करेगा।



## अनोखा विरोध: आरती की थाली, माला और पूड़ी सब्जी लेकर ननि पहुंचा युवक



### नगर निगम अधिकारी कर्मचारी पर गंभीर आरोप

**रीवा देशबन्धु।** नगर निगम कार्यालय में आज एक अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला है। कालाकोट पहनकर नगर निगम पहुंचे युवक के हाथ में आरती की थाली, फूलों की माला और पूरी सब्जी देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया। लगातार युवक का कहना था कि अतिक्रमण की शिकायत पर नगर निगम की टीम अतिक्रमणकारी के घर तो पहुंचती है लेकिन वहां से पूरी सब्जी और न्योछावर खाकर वापस चली आती है। युवक का कहना है कि अगर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सब्जी ही खानी है तो वह आज पूरी सब्जी लेकर आया है और उसकी जो शिकायत है उसका निराकरण किया जाए।

दरअसल मामला नगर निगम के वार्ड क्रमांक 26 स्थित छत्रपति नगर का है। जहां रहने वाले विनय गुप्ता नामक शख्स ने आज नगर निगम कार्यालय पहुंचकर ना सिर्फ नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए बल्कि हाथों में आरती की थाली, फूलों की माला और पूरी सब्जी के साथ उन्होंने नगर निगम के विरोध प्रदर्शन भी किया है। विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे विनय गुप्ता ने बताया कि उनके घर के सामने स्थित एक परिवार के द्वारा सड़क की नाली में चबूतरा बना लिया गया है। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर रखा गया है और घर के छज्जे को भी सड़क तक बाहर निकाल लिया गया है। फरियादी का कहना है कि अतिक्रमण के चलते मौके पर जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। जिसमें ना सिर्फ कीड़े-मकोड़े पनपते हैं बल्कि पानी रुकने की वजह से यहां गंदगी का आलम है। जिससे पीड़ित परिवार नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।



### आरोपी के घर मेहमान नवाजी करवा कर लौट आते है कर्मचारी

फरियादी के अनुसार उक्त अतिक्रमण की शिकायत उनके द्वारा कई बार नगर निगम सहित सीएम हेल्पलाइन तक में की गई लेकिन कारवाई की जगह उन्हें आश्वासन मिलता रहा है। आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर तो पहुंचे लेकिन जिस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत की गई उसके घर जाकर बकायदा मेहमान नवाजी और न्योछावर लेकर वापस लौट आए। फिलहाल पीड़ित ने आज यह अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए मामले में त्वरित कारवाई करने की मांग की है।

## रीवा से जल्द शुरू होगी इलेक्ट्रिक बस सेवा निगमायुक्त ने डिपो पहुंचकर परखी तैयारियां

### एक सप्ताह में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ करने के दिए निर्देश



**रीवा देशबन्धु।** निगम आयुक्त अक्षत जैन ने गुरुवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बस डिपो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आगामी एक सप्ताह के भीतर समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण कर शीघ्र इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि डिपो में चार्जर स्थापित किए जा चुके हैं। निगम आयुक्त ने कहा कि चार्जिंग की शेष व्यवस्थाएं भी शीघ्र पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही बसों के पंजीयन सहित समस्त औपचारिकताएं, कंडक्टरों का प्रशिक्षण एवं दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया भी निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए रीवा सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड द्वारा इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है। परियोजना की लागत लगभग 9 करोड़ रुपये निर्धारित है। ये बसें रीवा से सतना, सीधी एवं जबलपुर मार्गों पर संचालित की जाएंगी। प्रत्येक मार्ग पर 2-2 बसें संचालित की जाएंगी। निगम आयुक्त ने बताया कि शहर को सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट हब बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा तथा शहरवासियों को प्रदूषण-रहित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिलेगी।

## सार-समाचार

### जीडीसी में हुआ व्याख्यानमाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन




**रीवा देशबन्धु।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मनीषा प्रधान ने भारतीय ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक चिंतन तथा आयार्च प्रफुल्ल चन्द्र राय के वैज्ञानिक योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रयासन शास्त्र विभाग, प्राणी शास्त्र विभाग एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने किया, एव डॉ हिदायतुल्ला खान ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सुश्री तनु ओझा, डॉ पंकज नीरज, डॉ अनुराग सिंह, डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

### आदतन आरोपी को किया जिला बदर

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आदतन आरोपी अंकित द्विवेदी पिता राजेश द्विवेदी उर्फ राजू महाराज आयु 21 वर्ष निवासी शांति विहार कालोनी रीवा को एक वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश दिए हैं। आदतन अपराधी के विरूद्ध क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने, मारपीट, चोरी, छेड़छाड़ और आम जनता में दहशत फैलाने जैसे अपराध विभिन्न थानों में दर्ज हैं। जिस पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किए हैं।

### कृषि महाविद्यालय में पौधरोपण एवं सोलर लाइट ट्रैप की स्थापना



**रीवा देशबन्धु।** कृषि महाविद्यालय रीवा म प्र में एक पेड़ माँ के नाम कृषि महाविद्यालय रीवा स्टाफ एवं रीवा के सम्मानित अतिथियों द्वारा द्वारा अतिथि गृह क्षेत्र में अधिष्ठाता डा़ एसके त्रिपाठी के निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया द्य वृक्षारोपण के उपरांत स्थापित सोलर लाइट ट्रैप का उद्घाटन अधिष्ठाता द्वारा किया गया। इस अवसर पर जुगल किशोर कनोडीया उद्योगपति रीवा, डिब्रायू फार्मासूटीकल रीवा से डा़ मुनीनिद्र द्विवेदी, नरेंद्र कुमार द्विवेदी द्विवेदी ने भाग लिया कृषि महाविद्यालय रीवा के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष डा़ एसएम कुरुमबंशी, डा़ वीके सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, डा़ राधा सिंह, डा़ प्रदीप मिश्रा, डा़ एके गिरी, डा़ शिवानी तिवारी, डा़ आदित्य श्रीवास्तव, छत्रसाल पांडेय, सिद्धिमुनि, जेपी तिवारी एवं जगदीश प्रसाद तिवारी की भूमिका उल्लेखनीय रही।

### सेल्समैन सदहना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**रीवा।** जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान सदहना के सेल्समैन रामचरण वर्मा के विरूद्ध थाना सिरमौर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सेल्समैन द्वारा माह अप्रैल में आवंटित खाद्यान्न को माह मई में उपभोक्ताओं के अंगूठे लगवाकर निकाला गया। किन्तु इसका वितरण नहीं किया गया। दुकान में भण्डारित सामग्री का कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा द्वारा सत्यापन करने पर दुकान में पोर्टल में दर्ज मात्रा से गेंहू 23358 किलोग्राम, फोर्टिफाइड चावल 6663.72 किलोग्राम, शक्कर 83 किलोग्राम तथा नमक 1327 किलोग्राम कम पाया गया।

## नशे के विरुद्ध असली मुहिम ब्रम्हाकुमारीज़ संस्थान ने शुरू की: उप मुख्यमंत्री




**रीवा देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रीवा द्वारा नशा मुक्त भारत महा अभियान एवं विशाल रक्तदान महादान अभियान का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ एवं लॉन्चिंग कार्यक्रम कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। उपस्थित सभी लोगों ने '10 करोड़ नशा मुक्त भारत संकल्प' की शपथ लेकर नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नि:स्वार्थ भाव से मानवता की सेवा कर रहा है। यह संस्था अपने लिए कुछ नहीं चाहती, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। नशे के विरुद्ध वास्तविक और स्थायी मुहिम ब्रह्माकुमारीज़ ने शुरू की है। केवल कानून या दंड से नशे की समस्या समाप्त नहीं होगी, बल्कि व्यक्ति के विचारों और संस्कारों में परिवर्तन लाना होगा, जो आध्यात्मिक जागृति से ही संभव है।

### नशा मुक्त भारत महाअभियान एवं रक्तदान अभियान का हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके निर्मला बहन जी जोनल इंचार्ज भोपाल जोन ने की। उन्होंने कहा कि राजयोग व्यक्ति को आत्मबल, आत्मविश्वास और आत्मसंयम प्रदान करता है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने वास्तविक आत्मस्वरूप को पहचानकर परमात्मा से संबंध जोड़े, तो नशा जैसी बुराइयाँ स्वत: समाप्त हो सकती हैं।



उन्होंने अभियान की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएँ दीं। मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मानवाधिकारों की वास्तविक रक्षा तभी संभव है जब समाज मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त हो। विशेष संबोधन में बीके श्रीकांत भाई, बीके विनय पंड्या तथा बीके डॉ. ने आध्यात्मिकता और राजयोग को नशामुक्त एवं तनावमुक्त समाज की आधारशिला बताते हुए युवाओं से व्यसनमुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया।

## कांग्रेस सेवादल की बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर दिया विशेष जोर



**रीवा देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल जिला रीवा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, विशाल मेगा मार्ट के बगल, बजरंग नगर (उर्रहट), रीवा में कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले भर से कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक, मंडलम, शहर एवं जिला स्तर के पदाधिकारी निर्धारित वर्दी में उपस्थित हुए तथा संगठन को अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए विस्तृत मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन के दौरान कांग्रेस सेवादल के जिला ग्रामीण अध्यक्ष अनिल तिवारी एवं शहर अध्यक्ष आनन्द कुशवाहा ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस सेवादल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वैचारिक एवं संगठनात्मक शक्ति का महत्वपूर्ण आधार है संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा जनता के बीच निरंतर संवाद स्थापित करना समय की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक एवं मंडलम स्तर तक संगठन को सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करना होगा। मुख्य अतिथि श्री प्रताप नारायण मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस सेवादल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा, अनुशासन, सेवा और समर्पण की पहचान है।

## गौ अभ्यारण्य और गौधाम को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र बनाएं : उप मुख्यमंत्री

### *गौधाम के विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करें: उप मुख्यमंत्री*



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में बसामन मामा गौ अभ्यारण्य तथा हिनौती गौधाम के विकास कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक गौशालाएं निराश्रित और बीमार गौवंश को आश्रय देने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती का संदेश दे रही हैं। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का सफल माडल विकसित किया गया है।

हिनौती गौधाम में भी प्राकृतिक खेती के माडल का विकास करें। गौ अभ्यारण्य और गौधाम को प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण और शोध का केन्द्र बनाएं। हम सबको स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक खेती को ही अपनाना होगा। भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक खेती ही अंतिम उपाय है। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौ अभ्यारण्य तथा हिनौती गौधाम की प्रदेश भर में चर्चा हो रही है। इनके विकास से जुड़े कार्यों को तय समय-सीमा में कराएं। एसडीएम सिरमौर निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा निर्माण एजेंसियों को कार्य के मूल्यांकन के अनुसार भुगतान कराएं। बसामन मामा मोड़ से गौ अभ्यारण्य तक सड़क के दोनों ओर पीपल के पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए वन विभाग को 25 लाख रुपए की राशि आवंटित कर दी गई है।

## किशोरों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम 'चाह' का हुआ शुभारंभ



**रीवा देशबन्धु।** बाल संप्रेक्षण गृह रीवा में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा मार्गदर्शन में बाल संप्रेक्षण गृह में निवासरत किशोरगण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम चाह का शुभारम्भ किया गया। जिसके तहत इलेक्ट्री शियन एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण किशोरगणों को प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश ने अपने आशीर्वचन में किशोरगणों को तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे मे जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, एडीएम सपना त्रिपाठी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती विश्वेस्वरी मिश्रा ने अपने अपने विचार व्यक्त किये और किशोरगणों के सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र, आईटीआई प्राचार्य सौरव शुक्ला, जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय मिश्र, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रंजना शर्मा, महिला बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव, परिवीक्षा अधिकारी अनिल पांडेय तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 22 साल जेल में रहा

दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जबकि विवादित आदेश के समय वह 12 साल और अब 10 साल की अतिरिक्त अवधि, कुल मिलाकर 22 साल जेल में बिता चुका था। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट को इस बात पर भी विचार करना चाहिए था कि यह जेल के माध्यम से अपील थी और न्यायालय को इस मामले का व्यावहारिक दृष्टिकोण, या बल्कि सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए था और कम से कम याचिकाकर्ता को अपनी आपराधिक अपील पर गुण-दोष के आधार पर बहस करने का एक अवसर देने के लिए देरी को माफ कर देना चाहिए था। सबूतों की जांच करने पर अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी के अविश्वसनीय और संदिग्ध बयान के आधार पर दोष सिद्ध करने योग्य नहीं था। जिसके बाद अदालत ने उसे तिहरे हत्याकांड के मामले में बरी कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उससे थर्ड डिग्री (यातना) देकर इकबालिया बयान लिया गया, जिसे कानून में सबूत के तौर पर स्वीकार भी नहीं किया जा सकता था। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही तरीके से जांच नहीं की और हाई कोर्ट भी मूकदर्शक बना रहा। जिसके चलते बिना किसी मजबूत सबूत के उस व्यक्ति की जिंदगी के 22 साल बर्बाद हो गए।

### मध्यप्रदेश नवकरणीय....

अपनी उपलब्धियों और भविष्य की कार्य योजना का प्रभावी प्रेजेंटेशन दिया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी तथा भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री एच.ई. ल्योनपो जेम त्शेरिंग तथा श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री श्री अनुरा करुणाथिलका, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा म.प्र. श्री मनु श्रीवास्तव सहित देश-विदेश के ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट त्ङ्ख गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में निवेश-अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और पर्याप्त प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता से मध्यप्रदेश देश के अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। यह आयोजन स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने तथा सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

## राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस पर कांग्रेस अल्पसंख्यक ने गरीबों को वितरित किए फल एवं मिठाई

### कांग्रेस नेताओं एवं कार्य कर्ताओं ने की सहभागिता



**रीवा देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के आह्वान पर, प्रदेश प्रभारी आबिद कागजी, सह प्रभारी लियाकत अली गद्दी तथा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट शेख अलीम के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार राज्यसभा सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस के अवसर पर रीवा स्थित साईं मंदिर परिसर में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को फल एवं मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला मैहर प्रभारी मुस्तहाक खान ने कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी सदैव समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से संसद में उठाते रहे हैं।

उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज सहित सभी वर्गों के अधिकारों एवं सम्मान की लड़ाई निरंतर मजबूती से आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने जनाब इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घ जीवन की कामना की तथा सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखन लाल खंडेलवाल, पूर्व शहर कार्यकारी अध्यक्ष वसीम राजा, पूर्व शहर अध्यक्ष सईद मिस्त्री, ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा एवं मोहम्मद रफीक अंसारी, पूर्व शहर अध्यक्ष अल्प संख्यक विभाग इस्लामुद्दीन सौदागर, अखिलेश द्विवेदी, डॉ. प्रतिभा सिंह, सुरेश वर्मा, रईस खान, रईसू, नूर अफजल, अनवर अंसारी, मुर्तुजा अंसारी, लल्लू यादव, मोहम्मद हारून खान, रामलखन ताम्रकार, रामस्वरूप झंझोट, सुशील बढ़ोलिया, संतोष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### *कमिश्नर के निर्देश पर हुई त्वरित कार्यवाही*

## माध्यमिक शाला सिलपरा में पानी की निकासी सुनिश्चित कराई गई



**रीवा देशबन्धु।** रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही की गई है। माध्यमिक शाला सिलपरा में बारिश के दौरान पानी भर जाने एवं इससे स्कूल के बच्चों को होने वाली परेशानी की शिकायत का समाधान कर दिया गया है। स्कूल में पानी निकासी के लिए बनाई गई नाली जाम हो गई थी।

नाली की साफ सफाई कर उसमे फसे कचरे, घास एवं झाड़ियों को हटाकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई गई। अब स्कूल में बारिश के दौरान पानी भरने की समस्या नहीं आएगी। उल्लेखनीय की रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी गत दिवस ग्रामीण क्षेत्र के निरीक्षण के लिए जनपद पंचायत रीवा के ग्राम सिलपरा पहुंचे थे। माध्यमिक शाला के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान स्कूल में पानी भर जाता है और इसकी निकासी के लिए बनाई गई नाली कचरे से जाम होने के कारण जल निकासी व्यवस्था बंद हो गई है। कमिश्नर ने जनपद पंचायत रीवा की मुख्य कार्य पालन अधिकारी को स्कूल होने वाले जल भराव की निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे।

### श्रम न्यायालय रीवा में होगी प्रकरण की सुनवाई

**रीवा।** श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा रीवा जिले के मजदूर से जुड़े औद्योगिक विवाद से जुड़े प्रकरण की सुनवाई के लिए प्रकरण श्रम न्यायालय रीवा को सौंपा है।


### नाम सुधार आम सूचना

मैं अनिल शर्मा, वार्ड क्रमांक-5/703 ढेकहा रीवा का निवासी हूँ मेरा पुत्र ओम शर्मा नावालिग है जिसका आई.डी.बी.आई. बैंक शाखा करहिया रीवा में खाता क्रमांक 1759104000002196 मे खाता धारक स्व0 त्रिवेणी प्रसाद के द्वारा खाता खोलते समय उसका नाम नामिनी के रूप में ओमप्रकाश शर्मा एवं आई.डी.बी.आई शाखा जान टावर रीवा खाता कमांक 0423104000175720 मे नामिनी के रूप में ओमप्रकाश द्विवेदी लिखा है जबकि नामिनी, ओमप्रकाश शर्मा/द्विवेदी एवं ओम शर्मा एक व्यक्ति है, जिसके सम्पूर्ण अभिलेखों में उसका नाम ओम शर्मा पिता अनिल शर्मा है। दोनो बैंक खातों में जहाँ पर नामिनी ओमप्रकाश शर्मा एवं ओमप्रकाश द्विवेदी लिखा है उसे ओम शर्मा पिता अनिल शर्मा लिखा व पढ़ा माना जाय।

सूचनादाता/पिता
ओम शर्मा पिता अनिल शर्मा
जरिये अधिवक्ता वेदप्रकाश वर्मा

देशबन्धु

सतना, शुक्रवार, 07 अगस्त 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# कॉकरोच अब किस दिशा में बढ़ेंगे

जंतर-मंतर पर पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन खत्म हो चुका है और धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा भी हो गया है। इस बीच प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिन पर सुनवाई चल रही है। इस तरह देखा जाए तो कॉकरोच जनता पार्टी ने मोदी सरकार के नुमाइंदों के साथ मिलकर जो समझौता किया था और महीने भर से ऊपर चला आंदोलन खत्म हुआ था, तो अब कॉकरोच जनता पार्टी किस दिशा में आगे बढ़ेगी। क्या वह किसी राजनैतिक दल में तब्दील होगी, या फिर शिक्षा व्यवस्था के जो अनसुलझे सवाल हैं, उन्हें उठाएगी, या उसकी भूमिका बस यहीं तक सीमित थी, ऐसे कई सवालों पर जवाब मिलने अब शुरु हो गए हैं।

बुधवार और गुरुवार दो दिनों तक कॉकरोच जनता पार्टी की बैठक चली और अब अभिजीत दिपके ने गुरुवार को अपने अगले कदम के बारे में बताया है। दिपके के मुताबिक सीजेपी अब देश भर में एक नयी मुहिम छेड़ रही है, जिसका नाम होगा 'क्या बोलती पब्लिक'। इस मुहिम की घोषणा करते हुए दिपके ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को समझना और उनके लिए काम करना होगा। बकौल, दिपके इस अभियान का सबसे पहला ध्यान शिक्षा क्षेत्र पर होगा, धीरे-धीरे इसे अन्य मुद्दों पर भी केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सबसे पहले ध्यान इसलिए दिया गया है क्योंकि स्कूल, कॉलेज और कोचिंग की बढ़ती फीस की वजह से कई परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध नहीं करवा पाते। उन्होंने कहा, देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हमारा पहला मुद्दा होगा। इस पर हमें काम करना है। हमारा मानना है कि देश में शिक्षा महंगी हो गई है। पहली कक्षा के लिए सालाना फीस 1 लाख रुपए से लेकर 2 लाख रुपए के बीच है। इसके अलावा कई जगह डोनेशन भी चलता है। दिपके ने सवाल उठाया कि देश में लोगों की आय इतनी कम है। आखिर वह कैसे अपने बच्चों को इतनी फीस देकर पढ़ा पाएंगे? कॉलेज और कोचिंगों की महंगी फीस कई परिवारों को कर्ज के जाल में फंसा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कॉकरोच पार्टी छात्रों के और तमाम परिवारों के इस आर्थिक बोझ को कम करना चाहती है। अभिजीत दिपके ने भीम राव अंबेडकर का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है। शिक्षा को सभी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। लेकिन आज के समय में शिक्षा केवल एक मुनाफे का धंधा बन चुकी है।

अभिजीत दिपके की ये बातें भारतीय राजनीति के लिए देजा वू पल समान लग रही हैं। फ्रेंच भाषा से लिए गए इस शब्द का अर्थ है पहले से देखा या महसूस किया हुआ। ज्यादा नहीं बस डेढ़ दशक पहले 26 नवंबर 2012 को आम आदमी पार्टी बनी थी। अरविंद केजरीवाल की बनाई यह पार्टी इंडिया अगेंस्ट करप्शन नाम के अभियान से ही निकली थी। आम आदमी पार्टी ने भी जनता पर पकड़ बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर ही जोर दिया। और इसमें कोई संदेह नहीं कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो चाहे सरकारी स्कूल हों या मोहल्ला क्लिनिक की अवधारणा इनसे लाखों लोगों की जिंदगी में सहूलियत बढ़ी। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बहुत हद तक आप सरकार ने सुधार किया था। फरवरी 2020 में जब ट्रंप भारत के दौरे पर थे, तो अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने एक सरकारी स्कूल का दौरा भी किया था।

आम आदमी पार्टी ने अपने गठन के वक्त यही दावा किया था कि वह राजनीति में बदलाव करेगी और मौजूदा चलन से हटकर काम करके दिखाएगी। लेकिन राजनैतिक मजबूरी कहें या महत्वाकांक्षा, आम आदमी पार्टी भी अब उसी रवैये पर चलती है जैसे बाकी राजनैतिक दल। भाजपा के विरोध में आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनना मंजूर किया और उसी कांग्रेस से हाथ मिलाया, जिसकी मुखालफत वो करती रही है। लेकिन अब उसे इस गठबंधन में सहजता महसूस नहीं हुई तो वह अलग भी हो गई है। भविष्य में आम आदमी पार्टी क्या अकेले ही रहेगी या फिर किसी गठबंधन का हिस्सा बनेगी यह कहना कठिन है।

ठीक ऐसे ही अब कॉकरोच जनता पार्टी का हाल भी दिख रहा है। 'क्या बोलती पब्लिक' में जिस पब्लिक पर जोर दिया जा रहा है, वह आम आदमी ही है। बेशक अभिजीत दिपके ने अभी कहा है कि वह राजनीतिक पार्टी नहीं बनेंगे। बल्कि स्थानीय स्तर पर सुधार करने के लिए एक 'प्रेशर ग्रुप' यानी दबाव बनाने वाले समूह की तरह काम करेंगे। और जनता के बीच जाकर जानेंगे कि लोग देश के मौजूदा हालात के बारे में क्या सोचते हैं और उन्हें किन मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बिना राजनैतिक आधार के क्या वे केवल प्रेशर ग्रुप बनाकर उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे, जिसके लिए कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। बेशक मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणी से आहत होकर उसके लिए दिए गए जवाबी तंज में कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। लेकिन जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में आंदोलन खड़ा करने में उसकी ही भूमिका रही है। बाद में वामदल के छात्र संगठन इस आंदोलन में शामिल हुए तो इसमें नए आयाम जुड़े और फिर लगभग विपक्ष के हर दल के नेता ने जंतर-मंतर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आंदोलन सीजेपी तक शामिल नहीं रहा, लेकिन यह भी सच है कि आंदोलनकारियों की तरफ से सरकार से समझौता सीजेपी ने ही किया। ऐसे हालात में भले ही अभी सीजेपी राजनैतिक दल में तब्दील नहीं होगी। लेकिन वो उन्हीं मुद्दों को उठाने की बात कर रही है, जिनके समाधान लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा बनकर ही तलाशा जा सकता है। अब सीजेपी क्या विपक्षी मोर्चे का अघोषित हिस्सा बनकर काम करेगी, क्या शिक्षा, बेरोजगारी, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट जैसे मुद्दों के अलावा वह अपनी विचारधारा स्पष्टता के साथ जनता के सामने रख पाएगी, या वाकई सामाजिक आंदोलन की तरह ही काम करेगी और पूरी तरह राजनीति से अलग रहेगी, इन सारे सवालों के जवाब निकट भविष्य में मिल जाएंगे, ऐसी उम्मीद है।

# भारत में बढ़ती असमानता और सिकुड़ते अवसर

■ राजेश पांडेय

भारत को हमेशा चमकीली संभावनाओं का देश माना जाता है। पुराने दौर में उसके लिए सोने की चिड़िया विशेषण का इस्तेमाल होता था। उसमें दुनिया की बड़ी ताकत के बतौर उभरने की क्षमता रही है। लेकिन वर्तमान स्थिति खोए हुए अवसरों की अनंत कथा के रूप में तब्दील हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। राजनीतिक सत्ता के समान संपत्ति और साधन चंद लोगों के हाथों में सिमट गए हैं। नीतियों और प्राथमिकताओं में कुछ अमीरों को ज्यादा अहमियत मिल रही है। विश्व बैंक के आंकड़े और कई विशेषज्ञों के निष्कर्ष हालात की सही तस्वीर पेश करते हैं। जानकारी छिपाने और तोड़-मरोड़कर तथ्य पेश करने में माहिर सरकार भी कई बार सच बता देती है।

भारत ने आजादी के बाद मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल अपनाया था। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार का झुकाव समाजवाद और पूर्व सोवियत संघ की व्यवस्था की तरफ था। सरकार ने कई उद्योगों की बुनियाद रखी और बड़े बांध बनाए। विशुद्ध पूंजीवाद के पैरोकार कई अर्थशास्त्री देश की अपेक्षाकृत धीमी विकास दर के लिए इस मॉडल को जिम्मेदार मानते हैं। खासतौर से 2014 के बाद तो देश की तमाम समस्याओं का ठीकरा नेहरू के कार्यकाल पर फोड़ने का सिलसिला चल पड़ा है। बहरहाल, पं. नेहरू के दौर में बने एक विराट सार्वजनिक क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा किए। कुछ नए शहर अस्तित्व में आए, अर्थव्यवस्था को सहारा मिला और अवसरों में आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी थी। एक बेहद पिछड़े देश ने विकास की दौड़ में बड़े देशों से होड़ करने का सपना देखा था।

विकास के नेहरूवादी मॉडल में आगे जाकर कई सरकारों ने बदलाव किए हैं। लेकिन आर्थिक गैरबराबरी नए शिखर स्पर्श कर रही है। यहां हम आय, संपत्ति, उत्पादन के तुलनात्मक आंकड़ों से विकास की वास्तविक स्थिति का काफी हद तक मूल्यांकन कर सकते हैं। पेरिस इकानॉमिक्स स्कूल की विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के मुताबिक भारत में कुछ लोगों के हाथ में संपत्ति और आय के जमा होने का स्तर चरम पर पहुंच गया है। वह दुनिया के सबसे ज्यादा असमान देशों की श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय आय के 58 प्रतिशत हिस्से पर टॉप दस प्रतिशत लोगों का कब्जा है। दूसरी ओर सबसे निचली सीढ़ी पर बैठे 50 प्रतिशत लोगों के हिस्से में सिर्फ 15 प्रतिशत आमदनी आई है। कुल राष्ट्रीय आय के 40 प्रतिशत के मालिक एक फीसदी लोग हैं। विश्व बैंक की जुलाई 2026 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को निम्न मध्यम आय की अर्थव्यवस्था बताया गया है। यह दर्जा 2009 से चल रहा है। मतलब पिछले 15-16 वर्षों से स्थिति लगभग यथावत है।

भारत के महाशक्ति बनने की संभावनाएं वर्षों से जताई जा रही हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद तो विश्व गुरु, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था सहित कई दावे जोर-शोर से किए जा रहे हैं। लेकिन इन दावों पर संदेह बढ़ा है। इंडियन एक्सप्रेस में अभी हाल प्रकाशित सी राजामोहन के लेख में दो विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि भारत में बड़ी ताकत बनने की कई खूबियां हैं पर इतनी नहीं कि वह दुनिया की व्यवस्था को आकार दे सके। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के इतिहासकार ब्रेंडन सिम्स ने अपनी नई किताब- द रिटर्न ऑफ ग्रेट पावर्स में भारत को फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ महाशक्ति बनने की कगार पर खड़े देशों की सूची में रखा है। वे लिखते हैं यदि अगले दशक में भारत का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ब्रिटेन, जापान और जर्मनी से अधिक हो जाता है तब भी वह अमेरिका और चीन से बहुत पीछे तीसरे स्थान पर रहेगा। फॉरेन अफेयर्स पत्रिका में एक लेख में टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के माइकेल बेकले की दलील है, विश्व राजनीति में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका तो बनी रहेगी लेकिन अपनी कई घरेलू कमजोरियों के कारण उसके वास्तविक महाशक्ति बनने की संभावना नहीं है।

ये घरेलू कमजोरियों कौन सी हैं? 2014 के बाद धार्मिक ध्रुवीकरण बढ़ा है, सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई ने राजनीतिक दलों के साथ औद्योगिक, व्यावसायिक हलकों में डर पैदा किया है। उद्योगपति निवेश करने में हिचकिचा रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री कभी चेतावनी तो कभी सवाल पूछने के अंदाज में कहते हैं, समझ में नहीं आता है उद्योगपति निवेश करने से पीछे क्यों हट रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में प्राइवेट सेक्टर का निवेश जीडीपी के 11 प्रतिशत पर आ गया है। वहीं मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यह 14 प्रतिशत था। यह स्थिति उस वक्त है जब मोदी सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स की दर 2019 में 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत कर दी।

> भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है।

अब उद्योगपति सरकार के फैसलों, उसकी नीतियों पर सवाल उठाने की बजाय उसकी तारीफ करने में लगे रहते हैं। हर बजट का जमकर स्वागत होता है। कुछ साल पहले तक उद्योगपति राहुल बजाज सरकार के खिलाफ खुलकर बोलते थे। फरवरी 2022 में उनके निधन के बाद उद्योग क्षेत्र से ऐसी कोई असरदार आवाज सामने नहीं आई है। कॉरपोरेट सेक्टर जोखिम भी नहीं उठा रहा है। उसका ध्यान किराए, ब्याज, शेयर बाजार के लाभांश और वायदा बाजार जैसी रेंटियर गतिविधियों पर ज्यादा है। 2012-13 से 2023-24 के आयकर रिटर्न के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है, व्यावसायिक गतिविधियों से कंपनियों की कुल कर योग्य आय 57.3प्रतिशत से गिरकर 54.3प्रतिशत पर आ पहुंची थी।

न्यूयॉर्क के थिंक टैंक रोडियम ग्रुप और ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट का निष्कर्ष है, मैन्युफैक्चरिंग में भारत आगे नहीं बढ़ सका है। चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट और अमेरिका से व्यापार युद्ध ने दूसरे देशों के लिए आर्थिक फायदा उठाने के मौके बनाए हैं। लेकिन भारत के मुकाबले इस स्थिति को वियतनाम, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको जैसे देशों ने ज्यादा भुनाया है। पश्चिमी देशों की कई कंपनियों ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग चीन से हटाकर इन देशों में स्थानांतरित कर दी है।

निजी क्षेत्र के निवेश में गिरावट के बीच कुछ अमीरों की संपत्ति तेज रफ्तार से बढ़ रही है। दो उद्योगपतियों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आगे निकलने की जबर्दस्त होड़ है। फोर्ब्स की सूची के अनुसार 2026 के मध्य में 8.84 लाख करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ अडानी भारत के सबसे अमीर शख्स थे। 2021 में उनकी संपत्ति 7.12 लाख करोड़ रुपए थी। उन्होंने पांच साल से कम समय में अपनी संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपए का इजाफा कर लिया है। अडानी ने भारतीय अमीरों के सिंहासन पर लंबे समय से आसीन मुकेश अंबानी को पीछे हटा दिया है। 2021 में अंबानी की संपत्ति लगभग 8.84 लाख करोड़ रुपए थी। यह 2026 में घटकर 8.65 लाख करोड़ रुपए पर आ गई।

असमानता की एक और तस्वीर इन आंकड़ों में देखिए। बीते कुछ वर्षों में कुछ भारतीयों की आय और संपत्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अभी हाल में वित्त मंत्रालय ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक आय वाले लोगों की संख्या 2021-22 के 142 से बढ़कर 2025-26 में 576 हो गई थी। एक अरब 40 करोड़ की आबादी में यह संख्या मुट्ठी भर कही जाएगी। दूसरी और बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिन्हें अच्छा जीवन बिताने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार 2025 में नियमित कर्मचारियों का औसत सालाना वेतन 2.7 लाख रुपए (22 हजार 699 रुपए मासिक) था। वहीं आकस्मिक कामगार का औसत दैनिक वेतन सिर्फ 453 रुपए रहा।

पिछले माह जंतर-मंतर और कुछ राज्यों में युवाओं के आंदोलन का मुख्य कारण सिर्फ प्रश्नपत्रों का लीक होना नहीं है। उसने बढ़ती बेरोजगारी और सिकुड़ते अवसरों के खिलाफ अपनी चिंता, आक्रोश और असंतोष जताया है। हर साल गिनी-चुनी सरकारी नौकरियों में आवेदन करने वालों की संख्या लाखों में रहती है। अधिकतर युवाओं को उनकी योग्यता और क्षमता के हिसाब से रोजगार नहीं मिल रहे हैं। इसलिए वे मजबूरी में सामान की सप्लाई करने वाले रोजगार से काम चला रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में खाना और अन्य सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनियों में रोजगार कई गुना बढ़ा है। शहरों में लोगों के दरवाजों पर गर्मागर्म खाना और सामान की डिलीवरी करने वाले लोगों में ज्यादातर युवा ही होते हैं। भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है। उसके सामने युवा आबादी से लाभ उठाने का मौका है। ऐसा सुनहरा अवसर एक शताब्दी में एक-दो बार ही मिलता है। इस बार चूके तो हम विकसित भारत का सपना साकार होते नहीं देख पाएंगे। अनंत संभावनाओं के बावजूद अमेरिका और चीन जैसे देशों के पीछे चलते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**


# डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन : भारत की हरित क्रांति के जनक

भारत रत्न डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को भारत में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में याद किया जाता है। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी एवं क्रांतिकारी योगदान ने भारत को खाद्यान्न संकट से उबारकर विश्व के सबसे बड़े अनाज उत्पादक देशों में शामिल कर दिया। वैज्ञानिक कार्यपद्धति, अभिनव प्रयोग, प्रभावी नीतिगत हस्तक्षेप तथा किसानों के साथ जमीनी स्तर पर जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय कृषि की दिशा और दशा दोनों बदल दी।

7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु में जन्मे डॉ. स्वामीनाथन ने अपना सम्पूर्ण जीवन खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया। 1960 के दशक में जब भारत बार-बार अकाल, खाद्यान्न संकट और आयात पर निर्भरता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा था, तब डॉ. स्वामीनाथन ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नेतृत्व से देश की कृषि व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

**डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की कृषि विरासत के प्रमुख स्तंभ**

***1. उच्च उपज देने वाली किस्में:-*** डॉ. स्वामीनाथन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप उच्च उपज देने वाली गेहूं एवं धान की किस्मों का विकास और प्रसार था। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता नॉर्मन बोरलॉग सहित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के साथ मिलकर मेक्सिको की कम ऊंचाई वाले गेहूं की किस्मों को भारत में लाने और उन्हें भारतीय किस्मों के साथ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन नई किस्मों ने भारत की जलवायु एवं कृषि परिस्थितियों में बेहतरीन परिणाम दिए। इस हरित क्रांति की शुरुआत पंजाब और हरियाणा से हुई और शीघ्र ही पूरे देश में फैल गई।



प्रदीप पाटिल

> जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

***2.आधुनिक कृषि अनुसंधान प्रणाली का निर्माण***

डॉ. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को एक सशक्त एवं गतिशील संस्था के रूप में विकसित किया, जिसने कालांतर में वैज्ञानिकों, किसानों और नीति-निर्माताओं के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में कृषि अनुसंधान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर किसानों की वास्तविक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो गया।

***3.टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि के प्रबल समर्थक***

डॉ. स्वामीनाथन अपने समय से बहुत आगे की सोच रखने वाले वैज्ञानिक थे। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग तथा भूजल के अंधाधुंध दोहन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति समय रहते चेताया। उन्होंने 'सदाबहार क्रांति' (एवरग्रीन रिवोल्यूशन) की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना था। डॉ. स्वामीनाथन ने जैविक खेती, जल संरक्षण तथा फसल विविधीकरण को विशेष महत्व दिया।

***4.छोटे एवं सीमांत किसानों के अधिकार तथा बीज-संप्रभुता***

डॉ. स्वामीनाथन ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि आधुनिक विज्ञान का लाभ छोटे एवं सीमांत किसानों तक भी पहुंचे। उन्होंने किसानों के बीजों को सुरक्षित रखने, उपयोग करने और साझा करने के अधिकारों का पुरजोर समर्थन किया। उनके प्रयासों से पौधा-किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 अस्तित्व में आया, जिसे अभिनव प्रयोग और परंपरा के संतुलन का वैश्विक उदाहरण माना जाता है।

***5.संवेदनशील एवं तथ्य-आधारित कृषि नीति के समर्थक***

राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2006 में प्रस्तुत उनकी रिपोर्ट में अनुशंसा की गई कि फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उत्पादन लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए। किसानों को उचित मूल्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना तथा संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने का उनका दृष्टिकोण आज भी भारत की कृषि नीति का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है।

भावी दिशा- आज भारत जलवायु परिवर्तन, बाजार की अनिश्चितता तथा जल संकट जैसी नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में डॉ. स्वामीनाथन की सोच हमें आगे बढ़ने का स्पष्ट मार्ग दिखाती है। इसके लिए आईसीएआर जैसी संस्थाओं का आधुनिकीकरण तथा कृषि विस्तार सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाना जरूरी है ताकि प्रत्येक किसान नवीनतम अनुसंधान, तकनीक एवं कृषि सलाह से जुड़ सके। इसी प्रकार मोबाइल ऐप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा डिजिटल कियोस्क जैसी आधुनिक और नवोन्मेषपूर्ण तकनीकों का व्यापक उपयोग लाभप्रद होगा।

जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। छोटे, सीमांत, बटाईदार, महिला एवं जनजातीय किसानों के लिए संस्थागत ऋण, फसल बीमा तथा बेहतर बाजार सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाई जाए।

उनकी अन्य सिफारिशों जैसे ग्रामीण आधारभूत संरचना में निवेश तथा वर्षा आधारित कृषि के विकास हेतु राष्ट्रीय वर्षा आधारित क्षेत्र प्राधिकरण को लागू करना भी भारत की कृषि व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर सकता है।

डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का बड़प्पन उनके समग्र दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने आनुवंशिकी को नैतिकता से, उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण से तथा विज्ञान को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ा। उनका विश्वास था कि कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का आधार है। आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब डॉ. स्वामीनाथन के विचार और उनकी दूरदर्शिता पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं।

## आपके पत्र

# सुविधा नहीं गरीब के जीवन का आधार है राशन व्यवस्था

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। विकास, डिजिटलीकरण और कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा देशभर में होती है, लेकिन क्या यह योजनाएं देश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक समान रूप से सभी को लाभान्वित करती हैं? इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। जबकि हकीकत यह है कि आज भी बिहार जैसे राज्यों के कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं, जहां हज़ारों गरीब परिवारों को राशन जैसी सुविधा समय पर नहीं मिल पाती है।

जिन घरों की आय इतनी कम है कि रोज़ कमा कर लाने से रोज़ का खाना बनता है, उनके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब राशन समय पर नहीं मिलता, कम मात्रा में मिलता है या बिना किसी स्पष्ट कारण के राशन कार्ड से किसी सदस्य का नाम काट दिया जाता है, तब इसका सबसे बड़ा असर उन परिवारों पर पड़ता है जिनके लिए दो वक्त का भरपेट भोजन जुटाना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

बिहार के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार रहते हैं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करते हैं। खेतिहर मजदूर, दिहाड़ी श्रमिक, भूमिहीन किसान और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग अक्सर अनिश्चित आय पर निर्भर रहते हैं।

बरसात, बाढ़, सूखा या बीमारी जैसे हालात उनकी कमाई को और प्रभावित कर देते हैं। ऐसे समय में सरकारी राशन ही उनके घर का चूल्हा जलाए रखने का सबसे भरोसेमंद सहारा बनता है। यदि किसी महीने राशन मिलने में देरी हो जाए, तो परिवार को भूखे पेट सोने की नौबत तक आ जाती है।

एक आंकड़े के अनुसार बिहार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 8.7 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार, लगभग 2 करोड़ से अधिक राशन कार्ड राज्य में सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से पात्र परिवारों को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल और गेहूं) अत्यंत रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत आने वाले अत्यंत गरीब परिवारों को प्रति परिवार 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है। यही व्यवस्था लाखों परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

राशन कार्ड का महत्व केवल अनाज प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। आज यह अनेक सरकारी योजनाओं तक पहुंच का महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बन चुका है। पात्र परिवारों को राशन मिलने के साथ-साथ कई मामलों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ भी मिलता है। इसके अतिरिक्त कई सरकारी योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने, पहचान प्रमाण के रूप में उपयोग करने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने में भी राशन कार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**श्रुति कुमारी, मुजफ्फरपुर बिहार**



# ललित सुरजन की कलम से

## दफा 499 और 500

*वर्तमान समय के अधिकतर नेताओं का पढ़ने-लिखने से कोई वास्ता नहीं है। ऐसे में उनके पास अगर अपनी बात कहने के लिए सही शब्दों का अभाव है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। दूसरे- किसी नेता का उसे सुनने आई भीड़ को देखकर प्रफुल्लित हो जाना स्वाभाविक है, लेकिन उससे कहीं अधिक वे टेलीविजन के कैमरों को देखकर पहले नकली आवेश में और फिर उसी रौ में बहते हुए अपने असली रूप याने एक कुपढ़ और बददिमाग व्यक्ति के रूप में सामने आ जाते हैं। उन्हें लगता है कि अपने विरोधियों को जितना अधिक गरियाएंगे उनकी लोकप्रियता और वोटों में उतना ही इजाफा होगा। वे भूल जाते हैं कि आपका विरोधी ही आपके भाषणों का रिकार्डिंग करवा रहा है। तीसरे- नेताओं का अहंकार सिर पर चढ़कर बोलता है। इस दृष्टि से सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन करने की नसीहत दी है तथा व्यक्ति की मानहानि को अपराध की श्रेणी में रखा है तो वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए शायद उचित ही हुआ है।*

**(देशबन्धु में 19 मई 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/05/499-500.html

## प्रकाश पर्व

# आठवें नानक हरिकृष्ण राय

हरिकृष्ण राय जी का इस धरा पर आगमन सातवें नानक हरि राय साहिब के गृहग्राम में 7 जुलाई को 1656 में हुआ था। उनकी माता का नाम कृष्ण कौर था। आप 6 अक्टूबर 1661 को गुरुगद्दी पर विराजमान हुए तब इनकी आयु मात्र सवा पांच साल की थी। इस तरह गुरु घर में छोटी उम्र हो बड़ी कोई मायने नहीं रखती। जहां तीसरे नानक गुरु अमरदास जी 73 वर्ष की आयु में गुरु गद्दी पर विराजमान हुए वहीं आठवें नानक मात्र मात्र पांच वर्ष की उम्र में गुरु गद्दी पर बैठे। क्योंकि शरीर तो बदलता रहा पर ज्योति वही दूसरे शरीर में प्रवेश करती रही-

जोत उही जगति उही, सा काया फेर पलटिये।

आप सातवें नानक हरि राय साहिब के छोटे सुपुत्र थे। उनके बड़े बेटे भाई राम राय जी थे जिन्हें बादशाह औरंगजेब के दिल्ली बुलाने पर यह कहकर गुरु पिता ने भेजा था कि गुरु घर की मर्यादा के अनुसार ही बादशाह के प्रश्नों का उत्तर देना और कोई करामात नहीं दिखाना। गुरु राम राय जी ने औरंगजेब के सभी प्रश्नों के जवाब गुरुघर के मर्यादा के अनुसार दिये लेकिन गुरुग्रंथ साहिब की गुरुवाणी की एक लाइन का जवाब बादशाह के बहकावे में आकर गलत जवाब दे दिया। गुरुवाणी के अनुसार लाईन थी- मिट्टी मुसलमान की पेड़े कुमिहार की पई के स्थान पर मिट्टी मुसलमान बेईमान की कहकर गुरुवाणी को तोड़-मरोड़कर पेश कर दिया। इससे बादशाह तो बहुत खुश हुए। उन्हें ईनाम के तौर पर दून की कुछ रियासतें जागीर के तौर पर दे दी। इस बात का पता लगा तो गुरुदेव हरिराय जी ने संदेशा भिजवा कि गुरुवाणी को तोड़-मरोड़ करने वाला अब गुरु घर में कभी नहीं आए और इस तरह गुरु गद्दी अपने छोटे बेटे हरिकृष्ण को सौंप दी।

पदासीन होने के बाद आप को भी बादशाह औरंगजेब ने दिल्ली बुलवाया पर पिता की आज्ञा का पालन करते हुए आपने दिल्ली जाकर नहीं मलेछ को दर्सन देहे के मुताबिक आपने दिल्ली जाने से इंकार कर दिया। बाद में राजा जयसिंह के घर साध संगत की आज्ञा अनुसार दिल्ली चल पड़े। रास्ते में पंखाजोर नामक गांव में एक लालचन्द्र नामक अहंकारी पंडित आपके पास आया और कहा कि आपको याद होगा कि गीता में श्रीकृष्णजी ने गीता उच्चारण की थी आप हरिकृष्ण हैं तो उसका अर्थ ही बता दीजिए। तब उसके अहंकार को तोड़ने के लिए आपने कहा कि आप गांव से किसी को भी ले आइये मैं उसका अर्थ उसके मुख से ही छड़ी रखकर दूंगा तो सब बता देगा। तब लालचंद्र ने एक गूंगे और बहरे छज्जू नामक युवक को ले आया। गुरुदेव ने उस गूंगे के सिर पर छड़ी रख दी और कहा कि लालचंद्रजी जिस जिस श्लोक का अर्थ पूछें आप उसका उत्तर देते जाइए इस तरह सारे श्लोकों का अर्थ बताते गया। उस दिन से ही वह गूंगा बोलने और सुनने लगा।

दिल्ली में आपके रहते ही चेचक की महामारी फैल गई तब आपने उसी बंगले में जहां आपने निवास किया था वहीं एक बावली का निर्माण कराया और कहा जो भी इस जल से स्नान करेगा उसका दुख-तकलीफ दूर हो जाएगा-हरि हरि नाम दिओ दारु तिनि सगला रोग बिदारू।

वहीं सेवा करते हुए आप खुद भी चेचक के शिकार हो गए तब अपना अंतिम समय निकट जान गुरुघर की परंपरा के अनुसार पांच पैसे और एक नारियल रखकर शीश निवाते हुए कहा-बाबा बकाले और इस तरह गुरुतेग बहादुर नौंवे नानक के रूप में पदासीन हुए। आपका अंतिम संस्कार जमुना किनारे किया गया जहां आज गुरुद्वारा बाला साहिब और जिस बंगले में आपने निवास किया वहां गुरुद्वारा बंगला साहिब सुशोभित है।

इस तरह आप केवल तीन साल ही गुरुगद्दी पर रहे। इन तीन सालों में बहुत बड़े-बड़े कार्य किये। दशम गुरु ने फरमाया कि-

हरि कृष्ण धिआइये जिस डिठियां सब दुख जाये।

आज आपका प्रकाश पर्व है आपके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए आपके आदर्शों के अनुसार ही अपना जीवन मानव सेवा की भलाई में ही व्यतीत करें।

**-इंदरसिंह आहुजा**

# सड़कों के गहरे गड्ढे, बारिश में बढ़ा हादसों का खतरा

## ओवर लोड से टूट रही सड़कें, कलेक्टर के आदेश की अनदेखी





**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** अमरपाटन के लालपुर से कृष्णगढ़ होते हुए रामपुर बाघेलान को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों बदहाली का शिकार हो चुकी है। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में सड़क जगह-जगह उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और गड्ढों में अंतर करना मुश्किल हो जाता है। जिससे हादसे का खतरा और बढ़ गया है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से सड़क की हालत सुधारने के लिए कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।

### खानापूर्ति नहीं, हो स्थायी समाधान

ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों में मिट्टी अथवा गिट्टी डालकर महज खानापूर्ति करने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। सड़क की वास्तविक स्थिति का तकनीकी निरीक्षण कराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण आवश्यक है। वहीं ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हुआ तो सड़क की हालत लगातार बिगड़ती रहेगी। अब लोगों की निगाहें प्रशासन और संबंधित विभाग पर टिकी हैं कि कलेक्टर के निर्देशों का पालन कब सुनिश्चित कराया जाता है और लालपुर-रामपुर बाघेलान मार्ग की बदहाली से आम जनता को कब राहत मिलेगी।

### ओवरलोड वाहनों पर नहीं होती कार्रवाई




स्थानीय लोगों का आरोप है कि जर्जर सड़क पर क्षमता से अधिक पत्थर लादकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों का आवागमन भी लगातार जारी है। भारी वाहनों के दबाव के कारण सड़क की हालत और खराब होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्धारित क्षमता से अधिक पत्थर लेकर चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई को लेकर प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक ओवरलोड वाहनों के संचालन को लेकर कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के बावजूद सड़क पर भारी एवं क्षमता से अधिक पत्थर लदे वाहनों की आवाजाही जारी रहना प्रशासनिक निगरानी पर सवाल खड़े करता है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अमला सब कुछ जानते हुए भी अनजान बना हुआ है।



### बना रहता है खतरा

सड़क से दिन रात निकल रहे ओवर लोड वाहनों के चलते राहगीरों के साथ तो प्रतिदिन खतरा बना ही रहता वहीं सड़क की हालत भी दिनों दिन जर्जर होती जा रही है। यह सड़क अमरपाटन और रामपुर बाघेलान को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। रामपुर बाघेलान के कुर्मिहा टोला मोड़ से लालपुर होते हुए अमरपाटन को जोड़ने बाला यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख रास्ता है।

### आते-जाते हैं छात्र

बताया गया है कि प्रतिदिन ग्रामीणों के अलावा स्कूली एवं कॉलेजी छात्र-छात्राएं, नौकरी पेशा लोग, व्यापारी और छोटे-बड़े वाहन चालक इस मार्ग से गुजरते हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढों और लगातार दौड़ रहे भारी वाहनों के कारण आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति बेहद जोखिमपूर्ण बनी हुई है। बारिश के दौरान पानी से भरे गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। रात के समय सड़क की स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है।

# जारी रही पटवारियों कलमबंद हड़ताल



**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर चल रही अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल गुरूवार को चौथे दिन भी तहसील इकाई रामपुर बाघेलान में जारी रही। बड़ी संख्या में पटवारी निर्धारित धरना स्थल पर उपस्थित रहे और अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता का परिचय दिया। बताया गया है कि हड़ताल के दौरान रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू तहसीलदार रमेश कोल, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह जयसूर एवं नायब तहसीलदार मंगलेश्वर सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पटवारियों से चर्चा की तथा उनके आंदोलन के प्रति नैतिक समर्थन व्यक्त किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि आज हड़ताल के चौथे दिन शासन स्तर पर संघ एवं शासन के बीच वार्ता का दौर जारी है। संघ की प्रमुख मांग कैडर रिव्यू के संबंध में शासन चर्चा के लिए तैयार है, किंतु अब तक वार्ता से कोई सार्थक एवं ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। संघ को आशा है कि शासन सकारात्मक पहल करते हुए पटवारी संवर्ग की लंबित मांगों के समाधान की दिशा में शीघ्र निर्णय लेगा।



### नागौद में भी काम प्रभावित रहा

नागौद, देशबन्धु। मध्य प्रदेश पटवारी संघ, तहसील इकाई नागौद के आह्वान पर पटवारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 3 अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर बैठे हुए हैं। पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू एवं पदोन्नति, विभागीय परीक्षा का आयोजन, लंबित मानदेय का भुगतान, राजस्व न्यायालयीन मामलों में संरक्षण (प्रोटेक्शन) तथा पारदर्शी स्थानांतरण नीति शामिल हैं। संघ का कहना है कि उनकी वर्षों पुरानी मांगों के निराकरण के लिए यह आंदोलन आवश्यक था जब तक मांगें पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों की कलमबंद हड़ताल के चलते पीएम किसान, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसान एवं राजस्व संबंधी कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आम नागरिकों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सार-समाचार

### जल जीवन मिशन खस्ताहाल



**कोटर, देशबन्धु।** नगर पंचायत कोटर में जलजीवन मिशन का जनाजा निकल रहा है। बताया गया है कि घरों के दरवाजों के बाहर लगी दो वर्ष पूर्व की नल की टोटियों में जंग लगा गया है। तो कहीं सड़क किनारे पड़ी टोंटियां कबाड़ में तब्दील हो गई हैं। ज्ञात हो कि घर - घर पानी पहुंचाने की योजना में करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए गए, फिर भी पानी के लिए ग्रामीण पानी के परेशान हो रहे हैं। रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत के लखनवाह गांव में लगीं पानी की टोंटियां एवं वीडियो इस योजना की हकीकत बयां कर रहीं हैं।

### प्रदेश सरकार ने छीना रोजगारः अमित

**सतना, देशबन्धु।** अस्थाई एवं आउटसोर्स कर्मचारी मोर्चा के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह का कहना है कि प्रदेश सरकार ने रोजगार देने के बजाय प्रदेश के 2 लाख से अधिक अस्थाई, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को बेरोजगार कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की सबसे बड़ी श्रमिक विरोधी नीतियों में से एक है, जिसके कारण लाखों परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।



उनका कहना है कि सरकार यह प्रचारित करती है कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। प्रदेश में 35 हजार संविदा प्रेरक, 80 हजार राजस्व सर्वेयर, 5 हजार पेशा मोबिलाइज़र, स्वास्थ्य विभाग के लगभग 5 हजार लैब टेक्नीशियन, 10 हजार कोरोना वॉरियर्स, 9 हजार जनसेवा मित्र, 30 हजार स्वच्छाग्राही तथा विभिन्न विभागों के 10 हजार से अधिक आउटसोर्स एवं अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बाहर कर दिया गया। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका पर सीधा प्रहार है।

### एल्डरमैनों का नगर परिषद में सम्मान



**नागौद, देशबन्धु।** नगर परिषद कार्यालय नागौद में गुरूवार की दोपहर राज्य शासन द्वारा नाम निर्दिष्ट एल्डरमैनों को आमंत्रित कर सम्मान किया गया। समारोहपूर्वक आयोजित हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने माल्यार्पण कर सम्मान किया एवं नगर विकास में सहयोग करने की अपील करते हुए स्वागत किया। सम्मानित होने वाले एल्डरमैन में सुशील कुमार गुजर, नितिन गोयल, अरुण कुमार तिवारी ने कहां कि हमारा उद्देश्य भी नगर विकास के साथ शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे एवं नगर स्वच्छ एवं सुंदर बने हरियाली से युक्त हो। इस मौके में विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश पांडेय, इंद्रजीत गर्ग, राजेश मंगलानी, सतीश सोनी, बालेंद्र सिंह सहित नगर परिषद के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्कूल वाहनों के चालक कहीं अपराधी तो नहीं?

## स्कूलों ने नहीं कराया वेरिफिकेशन, थाना प्रभारी बोले, होगी कार्रवाई




**कोठी, देशबन्धु।** सावधान! यह खबर कोठी थान क्षेत्र में निजी स्कूलों में पढ़ाने वाले उन अभिभावकों के लिए है, जिनका बच्चा स्कूल वैन से रोजाना पढ़ने स्कूल आता-जाता है। यह हम इस लिए कह रहे हैं क्योंकि अभी तक निजी स्कूल संचालकों ने वाहन चला रहे चालकों का वेरीफिकेशन नहीं कराया है। जिसके चलते इन वाहन चालकों विवरण पुलिस के पास नहीं है। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि स्कूल वाहन चला रहा चालक आपराधिक न हो।

### नहीं दी गई जानकारी

इस मुद्दे को लेकर जब देशबन्धु की टीम ने कोठी थाना प्रभारी से बात की तो उनका कहना था कि 30 जुलाई को अंतिम तारीख थी। इसके बाद भी निजी स्कूल संचालकों द्वारा स्कूल वाहन चालकों की जानकारी थाने में साझा नहीं की गई है। ज्ञात हो कि इस मामले को देशबन्धु ने पहले भी प्रमुखता के साथ उठाया था। लेकिन प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। एक बार फिर से नया सत्र शुरू हो गया है तो फिर से इस मामले को उठाते हुए कोठी थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी बात की गई तो उन्होने बताया कि कुछ स्कूलों क़े वाहनों के रिकार्ड आ गए है बाकी का विवरण उपलब्ध न कराने वाले विद्यालय वाहनों की जाँच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कराया जाना था सत्यापन

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा विभाग की गाइड लाइन में संचालित जिन निजी विद्यालयों में स्कूल वाहन की सुविधा है, उन स्कूलों के वाहन चालकों का आधार कार्ड और पूरा विवरण मांग कर पुलिस से सत्यापन करवाया जाना था। अगर कोई वाहन चालक दूसरे जिले या राज्य का रहने वाला है तो उसके निवास स्थान में संबंधित थाने में संपर्क कर उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटानी आवश्यक है।

### कर रहे हैं मॉनिटरिंग

इस संबंध में सतना आरटीओ का कहना है कि जिले भर में प्रयवेट विद्यालयों की हम मॉनिटरिंग कर रहे हैं, फ़िर भी हम संज्ञान लेंगे। साथ ही जांच क़े दौरान जो भी ड्राइवर व वाहन स्वामी या विद्यालय संचालक हैं, अपनी गाड़ी की फिटनेस व वाहन छमता के गाइड लाइन का पालन कर व्यवस्था बनाए रखें। निजी विद्यालयों में बसें व अन्य वाहन चल रहे हैं। उन विद्यालयों में चालकों का वेरीफिकेशन और विवरण मैनेजर खुद रखें और हमारे कार्यालय में भी उपलब्ध कराएं। अभी तक विद्यालयों से यह विवरण कार्यालय में नहीं आया है।

# छात्रों को नागरिक दायित्वों की दी गई जानकारियां



**सतना, देशबन्धु।** जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ सांदीपनि विद्यालय मैहर में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। जहां विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। एसपी ने छात्रों को मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, साइबर सुरक्षा, नशे से दूरी, यातायात नियम एवं रोड सेफ्टी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज जहां आप बैठे हैं, कभी हम भी वहीं बैठा करते थे। आप सभी मन लगाकर अध्ययन करें और जीवन में उच्च पदों पर आसीन होकर अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनों, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों, नैतिक जिम्मेदारियों, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा एवं रोड सेफ्टी के संबंध में जागरूक करना है, ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में एसडीओपी मैहर ख्याति मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा से अवगत कराया गया तथा रोड सेफ्टी,साइबर अपराधों से बचाव एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# समाज परिवर्तन किसी एक व्यक्ति से नहीं



**सतना, देशबन्धु।** धर्म, सेवा, स्वैच्छिकता और जनसहभागिता की पावन भूमि चित्रकूट में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, सतना द्वारा आयोजित 'स्वैच्छिकता पर्व' एवं उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान समारोह सामाजिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास के संकल्प का सशक्त उत्सव बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं पद्मश्री सम्मानित मोहन नागर रहे। इसके अलावा नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, परामर्शदाता, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि समाज परिवर्तन किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि जन-जन की सहभागिता से संभव होता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने गांव, अपने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाए, तो विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। उन्होने कहा कि मां मंदाकिनी केवल एक नदी नहीं, बल्कि चित्रकूट की संस्कृति, आस्था और जीवनधारा हैं। उनकी निर्मलता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी से नदी संरक्षण, जल संवर्धन और पर्यावरण सुरक्षा के लिए निरंतर जनभागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में पद्मश्री मोहन नागर का शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ, माल्यापज़्ण एवं पारंपरिक साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं ग्राम विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों राम प्रकाश त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, सोना बाई सिंह, आरएन त्रिपाठी एवं बृजेंद्र सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सावन की फुहारों के बीच सावन मेला का समापन



अग्रवाल महिला मंडल के इस दो दिवसीय मेले में दिखी मातृशक्तियां

**सतना, देशबन्धु।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अयोजित दो दिवसीय सावन मेला मेला का बुधवार को गरिमामय समारोह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम में मिसेज कलेक्टर नमामी मेम एवं समाज सेवी उमाशंकर अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहें। दो दिनों तक चले इस मेले में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मेले में ज्वेलरी, सूट, साड़ियां, राखियां, पर्स, हैंडीक्राफ्ट, चादर, फूड जोन एवं गेम जोन सहित अनेक आकर्षक स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को भी खूब सराहना मिली और सभी स्टॉलों पर अच्छी खरीदारी हुई।

### हुई मनोरंजक स्पर्धाएं

मेले के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रथम दिवस महिलाओं के लिए ताजे फूल-पत्तियों से भगवान का झूला सजाने तथा बच्चों के लिए फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। द्वितीय दिवस महिलाओं के लिए भुट्टे से मीठा या नमकीन व्यंजन तथा बच्चों के लिए इयरबड्स से क्रिएटिव आर्ट प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। मेले में आने वाली महिलाओं के लिए दोनों दिनों 5-5 लकी ड्रा भी निकाले गए, जिसने आयोजन को और अधिक रोमांचक बना दिया। पीआरओ नमीता व जया ने बताया कि इस दो दिवसीय मेला का आयोजन अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष मणिका अग्रवाल सहित पूरे महिला मंडल द्वारा किया गया, जिन्होने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यकम की संयोजिका शशि अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, व्यवस्थापिका मीना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, हेमा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल सहित अन्य की प्रमुख सहभागिता रही।

# कई वर्षों से पर्याप्त बिजली आपूर्ति से वंचित हैं उपभोक्ता

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के नादन क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्याओं को लेकर गुरुवार को कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी दद्दा के नेतृत्व में ग्रामीणों और किसानों ने विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए क्षेत्र में व्याप्त बिजली संकट के स्थायी समाधान की मांग की। आंदोलन के दौरान कार्यपालन अभियंता (डीई) स्वयं स्थल पर पहुंचे, आंदोलनकारियों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने ज्ञापन प्राप्त करते हुए भरोसा दिलाया कि उठाई गई समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### मांगों पर एक नजर

ज्ञापन में बताया गया कि नादन शारदा प्रसाद तलैया टोला, टिकुरिया टोला सहित आसपास के कई स्थान में भूमिगत विद्युत केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण वर्षों से उपभोक्ता पर्याप्त बिजली आपूर्ति से वंचित हैं। मांग की गई कि क्षतिग्रस्त केबलों को तत्काल बदला जाए तथा बढ़ते लोड को देखते हुए 100 केवीए के स्थान पर 200 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कम बारिश के कारण किसान पहले से ही प्राकृतिक संकट का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में जले हुए ट्रांसफार्मरों और बाधित विद्युत आपूर्ति के कारण सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। जरियारी नादन सर्किल, करौंदी नरवर सहित कई गांवों में फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच रही हैं। किसानों ने कृषि कार्य के लिए बिजली आपूर्ति की समय-सीमा बढ़ाने और जले ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने की मांग भी की।

### सरकार की विफलता

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी ने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है जो सरकार और विद्युत विभाग की विफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य योजना गरीब परिवारों तक बिजली पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन पूर्वी क्षेत्र में इसी योजना में भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगे। उन्होने कहा कि किसान सूखे और बिजली संकट की दोहरी मार झेल रहा है। खराब केबल जले ट्रांसफार्मरा और लगातार कटौती ने ग्रामीणों का जीवन संकट में डाल दिया है।

### 15 दिन में हो समाधान

प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने यह चेतावनी भी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस ग्रामीणों के साथ मिलकर विद्युत विभाग के कार्यालय का घेराव करेगी और व्यापक जनआंदोलन छेड़ेगी। जनता अब केवल आश्वासन नहीं परिणाम चाहती है। इस दौरान मोनू लोधी, अरुण पांडेय, अमरनाथ पटेल, जगदीश पटेल, लालू साहू, रविंद्र तिवारी, रामजी पटेल सहित काफी संख्या में अन्य लोग रहे।

# डीएम का निरीक्षण, पंपापुर-कोटितीर्थ का होगा कायाकल्प

**चित्रकूट, देशबन्धु।** मध्यपदेश की सीमा हनुमान धारा से जुड़ा प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक महत्व के लिए विश्व प्रसिद्ध देवांगना घाटी स्थित पौराणिक कोटितीर्थ पंपापुर का जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरूवार को स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि यह स्थल प्राकृतिक रूप से अत्यंत रमणीय और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि यहां मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाए तो यह देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इसी को देखते हुए उन्होंने आवागमन के जर्जर मार्ग के निर्माण, यात्रियों के लिए टीन शेड, पेयजल, नियमित साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय साधु-संतों और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि पंपापुर देवांगना अति प्राचीन एवं सिद्ध तपोस्थली है। जिलाधिकारी को बताया गया कि इस तपोस्थली पर प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। वहीं गुरु पूर्णिमा, प्रत्येक अमावस्या और विशेष रूप से दीपावली अमावस्या मेले के अवसर पर यहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। पहाड़ी के नीचे स्थित गुफा में सिद्ध बजरंगबली की प्रतिमा विराजमान है, जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से मांगी गई मनोकामनाएं यहां अवश्य पूर्ण होती हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने पहाड़ी मार्ग के दोनों ओर रेलिंग लगाने के निर्देश दिए।



# इंसानियत शर्मसार : ड्राइवरों को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, वीडियो बनाकर फैलाया खौफ

### जबरन कबूलनामा और वीडियो

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में वाहन चालकों के साथ कथित रूप से तालिबानी अंदाज में मारपीट और जबरन कबूलनामा कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित चालकों ने थाना बुढ़ार में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उन्हें एक कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा गया, मारपीट का वीडियो बनाया गया और कोरे कागज पर जबरन हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान भी लगवाए गए। शिकायत सामने आने के बाद पूरे मामले ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कमरे में बंद कर बनाई गई मारपीट की वीडियो

आवेदन के अनुसार, 29 जुलाई 2026 को चालक इरशाद मोहम्मद एवं उसके अन्य साथियों को बुढ़ार स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में बुलाया गया। वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने सभी चालकों को कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि इसके बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। उपलब्ध वीडियो में भी एक युवक के साथ हाथापाई और दबाव बनाते हुए कई लोग दिखाई दे रहे हैं, जिससे पीड़ितों के आरोपों को बल मिलता है। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।



ड्राइवरों के साथ तालिबानी बर्बरता का दृश्य

**जबरन कबूलनामा हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाएं**-पीड़ितों का आरोप है कि मारपीट के दौरान डराकर उनसे जबरन कबूलनामा कराया गया और उसका वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया। इतना ही नहीं, कोरे कागज पर हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाकर भविष्य में किसी भी शिकायत पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि यदि पुलिस या किसी अन्य अधिकारी से शिकायत की गई तो जान से मार देंगे और घर से उठवा लेंगे। इन आरोपों के बाद पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग**- पीड़ितों ने थाना बुढ़ार में शिकायत



देकर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य में किसी के साथ इस प्रकार की बर्बरता न हो। अब निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप और वीडियो की सत्यता जांच में प्रमाणित होती है, तो संबंधित आरोपियों पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई संभव है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

## सराफा व्यापारी को लहूलुहान कर लूटेरों की लाखों रुपए की लूटपाट

### रजेगांव में रात को आभूषण का थैला लूटकर फरार

**बालाघाट, देशबन्धु।** जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र के रजेगांव में देररात सराफा व्यापारी से लूट का मामला सामने आया है, जिसमें व्यापारी पर डंडे से हमला कर, लूटेरे, नगद रूपए और जेवर का थैला, लूटकर ले भागे। यह सवा महिने में लांजी अनुविभाग क्षेत्र की तीसरी लूट की वारदात है। घटना रात के तकरीबन 9.30 से 10 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब सराफा व्यापारी गेंदलाल करंडे अपनी सराफा दुकान बंद कर वाहन से घर जा रहा था। इसी दौरान, दुकान और घर के रास्ते के बीच मोटर सायकिल से आए लूटेरो ने व्यापारी पर डंडे से हमला और मारपीट कर उसके पास रखा थैला लूटकर फरार हो गए। हालांकि, घटना के बाद से व्यापारी के घायल होने और घबरा जाने के कारण उसे घायल हालत में किरनापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि अभी व्यापारी घटना से घबराया है, वहीं बयान के बाद साफहो पाएगा कि लूट में नगद रकम और जेवर कितने है। हालांकि कोई इसे लाखो तो कोई इसे करोड़ो की लूट बता रहा है। बताया जाता है कि लूटेरो की संख्या आधा दर्जन से ज्यादा थी, जिन्होंने उसी पैटर्न में लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिस पैटर्न पर लूटेरो ने 28 जून की रात लांजी मुख्यालय में सराफा व्यापारी कपिल आसटकर के साथ हुई लूट में दिया था। फिलहाल घटना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है और तत्काल ही मामले की जांच के लिए टीम बनाकर संभावित क्षेत्र में आरोपियों की तलाश के लिए रवाना किया गया है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व 28 जून को लांजी मुख्यालय में सराफा व्यवसायी के साथ इसी तरह लाखो की लूट की वारदात हो चुकी है।



## सार-समाचार

### पांच हजार का इनामी हत्या काआरोपी गिरफ्तार, चार साल से फरार था, उमरिया पुलिस ने यूपी से पकड़ा

**उमरिया,देशबन्धु।** उमरिया जिले की अमरपुर चौकी पुलिस ने हत्या के एक मामले में पिछले चार वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी प्रमोद कुमार मौर्य को बुधवार को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र से गिरफ्तार किया है। ुलिस के अनुसार, यह मामला इंदवार थाना क्षेत्र की अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम बगैहा के पास जंगल में हुई रामलखन जैसवाल की हत्या से संबंधित है। जमीनी विवाद के चलते रामलखन की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले ही रामखिलावन जैसवाल, आशीष जैसवाल और धरमवीर मौर्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया था। हालांकि, प्रमोद कुमार मौर्य घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसके निवास सहित कई संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर उमरिया पुलिस अधीक्षक ने उस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।



अमरपुर चौकी पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य जानकारियों के आधार पर लगातार निगरानी रखी। इसी दौरान आरोपी के उत्तर प्रदेश में होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सोनभद्र पहुंचकर दबिश दी और प्रमोद कुमार मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को उमरिया लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी के साथ चार वर्ष पुराने इस हत्या प्रकरण के सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी पूरी हो गई है।

### उमरिया में बेकाबू होकर बाइक सवार फिसला सिर और मुंह पर गंभीर चोट; डायल-112 ने घायल को अस्पताल पहुंचाया

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के इंदवार थाना क्षेत्र की अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में बुधवार देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। सुभाषनगर टर्निंग के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और डायल-112 की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक घायल की पहचान चुपाली कोल (45 वर्ष) ग्राम देवगवा के निवासी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, वह अपनी ससुराल ग्राम चिल्हारी आए हुए थे और देर शाम बाइक से अपने घर देवगवा लौट रहे थे। इसी दौरान सुभाषनगर टर्निंग के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में घायल के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं।



**डायल-112 ने घायल को अस्पताल पहुंचाया**-हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल डायल-112 को सूचित किया। पुलिस की सहायता से घायल को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घायल की हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### हर-हर महादेव की गूंज से गूंजेगा मानपुर, 17 अगस्त को होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक

**मानपुर/उमरिया, देशबन्धु।** श्रावण मास की पावन बेला में भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबने का एक बार फिर शुभ अवसर आने वाला है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 अगस्त 2026 (सोमवार) को मानपुर नगर के पुरानी बाजार स्थित रामलीला मैदान में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का वातावरण बना हुआ है। मान्यता है कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इसी आस्था के साथ नगर एवं आसपास के क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु एक स्थान पर एकत्र होकर शिव भक्ति में लीन होंगे।

## डिस्को कर रहीं नगर परिषद मानपुर की स्ट्रीट लाइट्स

### करोड़ों की खरीदी पर उठे सवाल, टिमटिमाती लाइटों ने खोली व्यवस्था की पोल

**मानपुर,देशबन्धु।** नगर परिषद मानपुर द्वारा जेम (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से करोड़ों रुपये की लागत से कराई गई स्ट्रीट लाइट खरीदी अब गंभीर सवालों के घेरे में है। नगर के मुख्य मार्गों सहित विभिन्न वार्डों में लगी बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से डिस्को लाइट की तरह जल-बुझ रही हैं और टिमटिमा रही हैं। इससे रात के समय राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नगरवासियों को गुणवत्तापूर्ण प्रकाश व्यवस्था नहीं मिल पा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्ट्रीट लाइटें लगने के कुछ समय बाद से ही उनमें खराबियां आने लगी थीं। कई स्थानों पर लाइटें पूरी तरह बंद पड़ी हैं, जबकि कई जगह लगातार आंख-मिचौली कर रही हैं। शिकायतों के बावजूद नगर परिषद द्वारा आज तक व्यापक स्तर पर सुधार कार्य नहीं कराया गया। हैरानी की बात यह है कि जिन मुख्य मार्गों और वार्डों में स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब हैं, उन्हीं मार्गों से नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि भी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं है। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से नागरिकों में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर आम जनता की सुरक्षा और सुविधा से जुड़े इस मुद्दे को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा।

जानकारी के अनुसार स्ट्रीट लाइटों की खरीदी जेम (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से की गई थी। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या खरीदी गई सामग्री निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप थी? क्या सप्लाई के समय गुणवत्ता परीक्षण कराया गया था? यदि कराया गया था तो उसकी रिपोर्ट क्या कहती है? और यदि सामग्री वारंटी अवधि में थी तो दोषपूर्ण स्ट्रीट लाइटों को बदलने अथवा सुधारने की कार्रवाई अब तक क्यों नहीं की गई?

इस पूरे मामले में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत खरीदी, भुगतान, तकनीकी स्वीकृति, गुणवत्ता परीक्षण, वारंटी एवं अन्य अभिलेखों की जानकारी मांगी गई। नगर परिषद कार्यालय ने अपने लिखित उत्तर में कहा कि मांगी गई समस्त जानकारी एक साथ उपलब्ध कराना संभव नहीं है। इस जवाब के बाद खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक धन से कराए गए कार्यों की जानकारी समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

## गाड़ी-चितरासी सड़क कीचड़ में तब्दील लोग परेशान, एक साल पहले ही बनी थी



**शहडोल,देशबन्धु।** शहडोल के ब्यौहारी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुआं में गोड़ी-चितरासी सड़क निर्माण के एक साल में ही जर्जर हो गई। सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है। इसमें बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने सरपंच पर लापरवाही का आ यह सड़क गांव के लोगों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से छात्र-छात्राएं स्कूल जाते हैं, किसान अपने खेतों तक पहुंचते हैं और ग्रामीण रोजमर्रा के कामों के लिए आवागमन करते हैं। सड़क खराब होने से दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता,

### लोग बोले- सरपंच ने लापरवाही बरती, भ्रष्टाचार किया, अब कीचड़ में होकर कैसे निकलें

जिससे दुर्घटना का खतरा रहता है।

**बनने के कुछ महीनों में उखड़ने लगी सड़क**-ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि सड़क बनने के कुछ महीनों बाद ही इसकी परत उखड़ने लगी थी, लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। अब कई हिस्सों में क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए। यदि निर्माण कार्य में अनियमितता या लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही, सड़क की तत्काल मरम्मत कराकर लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वार्ड पंच ने बताया कि उन्हें सड़क की खराब स्थिति की जानकारी मिली है। ग्रामीणों की शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाएगा।

## जिला जांच दल की कार्रवाई से अवैध पैथोलॉजी संचालकों झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप, क्लीनिक बंद कर भागे

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** बुधवार 05/08/26 का दिन पैथालाजी संचालकों के लिए गाज गिरने वाला साबित झोलाछाप डॉ एवं पैथोलॉजी संचालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई वाल डॉ आरके शुक्ला अपनी टीम के साथ ब्यौहारी- पहुंचे टीम आने की भनक लगते हैं।

अधिकांश पैथोलॉजी संचालक ,झोलाछाप डॉक्टर, कुछ मेडिकल स्टोर संचालक मेडिकल स्टोर संचालक मेडिकल बंद करके भाग निकले इसी क्रम में नगर परिषद के अंतर्गत लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास ओम पैथालॉजी के संचालक सुनील तिवारी अपनी पैथालॉजी बंद रफूचक्कर हो गये , अस्पताल के सामने भी अधिकांश पैथोलॉजी संचालक भुमिगत हो गये



जिला से जांच दल के प्रभारी डॉ रमाकांत शुक्ला रूजोपचार शाखा प्रभारी धीरेंद्र श्रीवास्तव द्वारा भुमिगत हुये पैथालाजी संचालकों के खिलाफ बिना कारवाई किए ही लौटना पड़ा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके शुक्ला ने कहा है कि जब खोलेंगे तब कार्रवाई की जाएगी कितना भागेंगें उल्लेखनीय है कि चांदसी मेडिकल के बगल में दुकान चलाने वाले सुनील तिवारी बिना पंजीयन के खून जांच किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आखिर किसके इशारे पर अभय दान दिया गया है अस्पताल के पास तीन पैथोलॉजी संचालित कि सिर्फ एक का पंजीयन वहां पर एक्सरे और पैथोलॉजी दोनों का संचालन दिया जाता है। एक्स रे सेंटर में काम करने के लिए टेक्नीशियन तक नहीं उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही इसी तरह से एचपी पैथोलॉजी द्वारा दो-दो जगह पैथालॉजी संचालन किया जा रहा है वहां पर कारवाई कब चस्पा होगी रेट सूची पैथोलॉजी सेंटरों में खून जांच का ज्यादा पैसा भी वसूला जाता है नगर वासियों ने कलेक्टर से शीघ्र अवैध पैथोलॉजियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने 5 मवेशियों को कुचला, चालक फरार, शहडोल में हाईवे पर घंटों पड़े रहे शव

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के सोहागपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क पर बैठे पांच मवेशियों को कुचल दिया। हादसा भारत पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जिसमें सभी मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो मवेशी ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गए।

हादसे के बाद ट्रेलर सड़क पर ही खड़ा रहा और गुरुवार सुबह तक मवेशियों के शव मौके पर पड़े रहे। इससे कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के कई घंटे बाद तक पुलिस और यातायात विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर बुढार से शहडोल की ओर जा रहा था। चालक सड़क पर बैठे मवेशियों को नहीं



देख सका और वाहन सीधे उनके ऊपर चढ़ गया। ग्रामीणों का कहना है कि भारत पेट्रोल पंप के सामने भारी वाहनों की अवैध पार्किंग और सड़क पर घूमने वाले मवेशियों के कारण यह स्थान लगातार हादसों का केंद्र बना हुआ है।

**ग्रामीणों ने की कार्रवाई और स्थायी समाधान की मांग**-ग्रामीणों ने ट्रेलर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई, पेट्रोल पंप के सामने से अवैध पार्किंग हटाने और सड़क पर घूमने वाले मवेशियों के लिए स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

## संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट में सावन की झमाझम बारिश में रंग-रोगन पर उठने लगे गंभीर सवाल

### लगभग 28 लाख के टैंडर का कार्य



**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** उमरिया जिले स्थित संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट की आवासीय कॉलोनी इन दिनों विकास कार्यों की अनोखी टाइमिंग को लेकर क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। एक तरफ जहां मानसून के दस्तक देते ही क्षेत्र में जलभराव और नालियों की सफाई सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरती है वहीं दूसरी ओर सिविल विभाग द्वारा भारी बारिश के बीच आवासीय परिसर की बाउंड्री वॉल पर रंग रोगन पुताई और फेंसिंग तार बदलने का कार्य जोर शोर से कराया जा रहा है। मौसम के इस मिजाज में कराए जा रहे इस सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर स्थानीय समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने शासकीय धन के अपव्यय की आशंका जताते हुए सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है।

तकनीकी रूप से यह सर्वविदित है कि मानसूनी बारिश के दौरान पुताई या बाहरी रखरखाव के कार्य टिकाऊ नहीं होते। ऐसे में सावन के महीने में बाउंड्री वॉल चमकाने के इस फैसले पर जन चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों का तर्क है कि जिस समय प्राथमिकता नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की होनी चाहिए थी उस समय बाउंड्री वॉल की सुंदरता संवारना प्राथमिकताओं के विपरीत प्रतीत होता है।

**फेंसिंग तारों को बदलने पर भी उठे सवाल**-मामला केवल पुताई तक सीमित नहीं है। बाउंड्री वॉल के ऊपर लगी सुरक्षा फेंसिंग के तारों को भी पूरी तरह बदला जा रहा है। जागरूक नागरिकों का आरोप है कि यदि केवल क्षतिग्रस्त डैमेज हिस्सों की मरम्मत कराई जाती तो भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रह सकती थी।

## कंगन चोरी के मामले में तीन साल बाद भी कोर्ट में चालान पेश नहीं कर पाई पुलिस!

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** थाना व्यवहारी के अंतर्गत नगर की मुख्य जगह टोपन तिराहा स्थित सानिया ब्यूटी पार्लर चर्चाओं में बना हुआ है क्योंकि 3 साल पहले जो 2 तोला 670 मिलीग्राम सोने का कंगन सानिया ब्यूटी पार्लर से गायब हुआ था वह अभी तक नहीं मिला पुलिस द्वारा मामला तो कायम किया गया लेकिन इसमें सुस्ती दिखाते हुए 3 साल बीत जाने के बाद भी चालान पेश नहीं हुआ जिससे पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं आवेदन करता अनामिका सिंह परिहार सिंह उम्र 32 वर्ष ग्राम सेमरपाखा थाना ब्यौहारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की दिनांक 26.4.2024 को हमारी छोटी बहन अमृता की शादी हो रही थी तो मेरी



छोटी बहन और मैं अनामिका सिंह दोनों सानिया ब्यूटी पार्लर में मेकअप करवाने गए थे ब्यूटी पार्लर की संचालिका कल्पना गुप्ता पति राम राज गुप्ता की ब्यूटी पार्लर में पहले मेरी छोटी बहन अमृता सिंह मेकअप करवाई और मैं अपने दोनों कंगन उतार रही थी तो मेकअप करने वाली कल्पना गुप्ता बोली की दो हम तुम्हारे कंगन उतार दें तब कल्पना गुप्ता हमारे दोनों हाथ के कंगन उतरकर पता नहीं कहां रखी मेकअप कराने के बाद मैं अपने कंगन मांगी तो बोली हल्ला मत करो मैं ढूंढ कर दूंगी आज अभी किसी से मत बताना और आज तक कंगन ढूंढ कर नहीं दी और अब अपनी मायके चली गई फोन पर बात हुई तो आश्वासन देती रही जब कंगन नहीं मिला और जब यह घटना हुई तो मेरी बहन और कल्पना गुप्ता थे। कई बार कंगन मांगने के बाद जब नहीं मिला तो निराश होकर मैंने रिपोर्ट 27/ 4/ 2024 को व्यवहारी थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने कायमी में भी लापरवाही करते हुए 15 दिन बाद प्रकरण दर्ज किया क्योंकि वह पत्रकार रामराज गुप्ता के द्वारा अपने रसूक का इस्तेमाल कर मामले को दबाना चाहता थे और तत्कालीन प्रभारी थाना प्रभारी मोहन पडवार द्वारा पूरी तरह से पक्षपात किया गया।

# हाई-टेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**कोतमा, देशबन्धु।** कोतमा थाना क्षेत्र में 11 केवी हाई-टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने कोतमा थाने में लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम बरगवां निवासी मोनू यादव उम्र 26 को सुरेंद्र पांडेय अपने साथ बिजली से संबंधित कार्य कराने के लिए लेकर गया था। आरोप है कि 28 जुलाई को कोतमा स्थित सरस्वती स्कूल के पीछे कार्य के दौरान मोनू यादव 11 हजार वोल्ट की हाई-टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई दिनों तक उसका



उपचार चलता रहा। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और 5 अगस्त को दोपहर लगभग 12 बजे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

मृतक के छोटे भाई दीपक यादव ने कोतमा थाना प्रभारी को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि सुरेंद्र पांडेय ने मोनू यादव से अत्यंत जोखिमपूर्ण विद्युत कार्य कराया, लेकिन कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि हादसे के बाद घायल युवक के समुचित इलाज और चिकित्सा व्यवस्था में भी अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मामले में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने, यह पता लगाने कि मोनू यादव को किस उद्देश्य से वहां ले जाया गया था तथा बिना सुरक्षा व्यवस्था के हाई-टेंशन लाइन के समीप कार्य क्यों कराया गया। साथ ही जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा पीड़ित परिवार को नियमानुसार उचित मुआवजा एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा परिवार पर किसी भी प्रकार का दबाव या समझौते का प्रयास न होने देने की भी मांग की गई है। कोतमा पुलिस ने परिजनों का शिकायत पत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर रत्नाकर झा ने बुधवार सायंकाल जिला चिकित्सालय अनूपपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नवजात शिशु देखभाल इकाई, जनरल मेडिसिन वार्ड, ओपीडी सहित अस्पताल परिसर के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के उपचार, साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और स्वच्छता पर दिए जोर**

# वैतरणी बस स्टैंड की बदहाल व्यवस्थाओं पर एसडीएम सख्त

## अतिक्रमण, साफ-सफाई, पेयजल, सड़क व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

**अमरकंटक, देशबन्धु।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली एवं पवित्र नगरी अमरकंटक में वैतरणी बस स्टैंड की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को एसडीएम पुष्पाराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट ने अमरकंटक विकास प्राधिकरण कार्यालय में बस स्टैंड परिसर की आवंटित दुकानों के संचालकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में व्यापारियों ने लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं, बुनियादी सुविधाओं की कमी तथा बकाया राशि से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

दुकानदारों ने बताया कि वैतरणी बस स्टैंड की अधिकांश दुकानें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जबकि दुकानों के सामने अवैध रूप से अस्थायी दुकानें संचालित हो रही हैं। इन अस्थायी दुकानों से नगर परिषद द्वारा नियमित बाजार बैठकी शुल्क वसूला जाता है, जिससे स्थायी दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना था कि अतिक्रमण के कारण ग्राहकों का आवागमन बाधित होता है और कारोबार लगातार घटता जा रहा है।



बैठक के दौरान व्यापारियों ने बस स्टैंड परिसर में सड़क, पेयजल, साफ-सफाई और सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में जलभराव और फिसलन से यात्रियों और व्यापारियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों ने यह भी बताया कि लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण परिसर में गंदगी फैली रहती है। शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है, जहां शराबखोरी जैसी गतिविधियां होती हैं। खुले में शौच एवं पेशाब तथा आवारा मवेशियों के विचरण से स्थिति और भी खराब हो गई है। रखरखाव के अभाव में अमरकंटक विकास प्राधिकरण की कई दुकानों के शटर जर्जर होकर जंग लगने से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद एसडीएम वसीम अहमद भट्ट ने अमरकंटक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दुकानदारों की सभी समस्याओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर परिषद अमरकंटक को बस स्टैंड के सामने किए गए अतिक्रमण हटाने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम सारंग धाम मंदिर में 9 को

**पन्ना, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम सारंग धाम मंदिर में आयोजित किया गया है कार्यक्रम के आयोजक सुरेंद्र सिंह अध्यक्ष जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्यक्रम 9 अगस्त को दोपहर 12: बजे से सारंग धाम मंदिर में आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष अनीश खान तथा अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। सुरेंद्र सिंह ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं एवं लोगों से शामिल होने का अनुरोध किया है।

### चार महीना से ट्रांसफार्मर खराब बम्होरी गांव में छाया अंधेरा लेकिन हर माह थमाए जा रहे बिजली के बिल

**पन्ना, देशबन्धु।** बिजली विभाग की लापरवाही चरम सीमा पर चल रही है भारी भरकम बिजली बिल दिए जाने के बावजूद लगातार कटौती हो रही है जिससे आम लोग परेशान हैं दूसरी तरफ अनेक ग्रामों में ट्रांसफार्मर खराब है उसके बावजूद बिजली के बिल प्रत्येक माह थमाए जा रहे हैं इसी प्रकार का मामला रैपुरा तहसील अंतर्गत सिमरिया विद्युत वितरण केंद्र के ग्राम बमोरी का सामने आया है जहां पर 4 माह से ट्रांसफार्मर खराब है लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं उसके बावजूद प्रत्येक माह बिजली के बिल उपभोक्ताओं को दिए जा रहे हैं उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा सिमरिया विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर आवेदन दिया गया है तथा तत्काल ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य कराए जाने की मांग की गई है ज्ञात हो वर्तमान बरसात के समय में अंधेरे के चलते जहां जहरीले कीड़ा निकल रहे हैं मच्छरों से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है डेंगू टाइफाइड मलेरिया की बीमारियां बढ़ रही हैं वहीं दूसरी ओर छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है स्थानीय लोगों ने तत्काल ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य जाने की मांग की है आगे देखना है कब तक ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य होता है।

### क्षत्रिय समाज ने मृत्यु भोज बंद करने का किया ऐलान

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला क्षत्रीय समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें समाज में फैली अनेक कुरीतियों को बंद करने का आवाहन किया गया। क्षत्रिय समाज द्वारा निर्णय लिया गया कि मृत्यु होने के बाद सभी प्रकार से पूजन पाठ एवं अन्य कार्यक्रम होना चाहिए लेकिन 13वीं के दिन व्यापक स्तर पर होने वाले भोज को बंद करना चाहिए क्योंकि इससे मृतक परिवार पर अनावश्यक बोझ पड़ता है जिसको बंद किया जाना चाहिए क्षत्रिय समाज के निर्णय से सहमत होकर डॉक्टर विजय परमार ने अपनी माताजी की मृत्यु के उपरांत बड़ा भोज देने को टाल दिया तथा कार्यक्रम में खर्च होने वाली राशि अन्य सामाजिक कार्य में खर्च करने का निर्णय लिया।। 13वीं के दिन पूजन पाठ करने 13 ब्राह्मणों को भोजन कराने । के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा उक्त निर्णय से क्षत्रिय समाज संगठन ने उनकी सराहना की तथा कहा कि इस प्रकार का निर्णय हर समाज के लिए उचित है। इस दौरान अनेक लोगों उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से भास्कर देव बुंदेला डॉ विजय परमार शिवजीत सिंह वीरेंद्र सिंह समर बहादुर सिंह प्रभा सिंह परिहार मनु देव बुंदेला अमरजीत सिंह बाबा राजा अजेंद्र बुंदेला आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर में 368 दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन, मूल्यांकन एवं दिव्यांगता प्रमाणन के उद्देश्य से गुरुवार को जिला चिकित्सालय अनूपपुर परिसर में जिला स्तरीय विशेष दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे 368 दिव्यांगजनों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। कलेक्टर रत्नाकर झा एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिव्यांगजनों का परीक्षण कर दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर चिन्हांकन एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी की। परीक्षण के बाद पात्र हितग्राहियों के यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की कार्रवाई की गई, जिससे वे शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में मानसिक रोग, मेडिसिन, नाक-कान-गला, नेत्र, अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक) तथा शिशु रोग विशेषज्ञों ने दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। समाचार लिखे जाने तक विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी थी। इस अवसर पर आयुष्मान भारत कार्ड एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए भी विशेष कैंप लगाया गया, जिसका लाभ बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने उठाया। जिला पंचायत सीईओ ने शिविर का निरीक्षण कर दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों से चर्चा की।

**सीईओ जिप. ने शिविर का निरीक्षण कर सुनीं समस्याएं, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया दिव्यांगता मूल्यांकन**

# संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज ने मनाया 10वां स्थापना दिवस

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज ने गुरुवार को अपना 10वां स्थापना दिवस उत्साह, गरिमा और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया। संस्था ने 9 वर्षों की सफल एवं प्रेरणादायी यात्रा पूरी करते हुए 10वें स्थापना वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में शिक्षा, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक जागरूक, जिम्मेदार और सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनूपपुर रेड क्रॉस समिति के सभापति डॉ. आर.के. सोनी, रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे, जिले के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद् एवं पत्रकार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संस्था की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बताया। इस अवसर पर संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अंकित शुक्ला ने संस्था की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि संकल्प की शुरुआत सीमित संसाधनों और एक छोटे से कार्यालय से हुई थी, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और समाज के सहयोग से आज संस्था 9 वर्षों की सफल यात्रा पूरी कर अपने 10वें स्थापना वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। वर्तमान में कॉलेज में एक हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिन्हें रोजगारपरक, गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है।



**9 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूर्ण, 10वें वर्ष में किया प्रवेश, शिक्षा के साथ सामाजिक सेवा का दिया संदेश**

स्थापना दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की शैक्षणिक उपलब्धियों, सामाजिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। समारोह का एक विशेष आकर्षण डायरेक्टर अंकित शुक्ला का सामाजिक सेवा का संकल्प रहा। उन्होंने अपने जन्मदिन को उत्सव के बजाय सेवा का माध्यम बनाते हुए विकलांग छात्रावास, ममता बाल गृह एवं वृद्धाश्रम पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच आवश्यक सामग्री एवं उपहार वितरित किए।

कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज परिवार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प दोहराते हुए आने वाले वर्षों में भी उत्कृष्ट कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया।

# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल कोतमा में आयोजित हुआ पदग्रहण समारोह

## नवनिर्वाचित छात्र परिषद ने ली शपथ नेतृत्व व अनुशासन का दिया संदेश

**कोतमा, देशबन्धु।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल कोतमा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद का पदग्रहण समारोह बांकिम बिहार में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक राजेश खन्ना तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मिंटू सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन शब्बीर राय बोहरा ने की। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य हमजा हुसैन, विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नव-निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह रहा। स्कूल कैप्टन, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए विद्यालय की गरिमा, अनुशासन और अखंडता बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आकर्षक नृत्य एवं मधुर संगीत प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।



पूरे सभागार में तालियों की गूंज के बीच विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की गई। मुख्य अतिथि राजेश खन्ना ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षक में गुरु द्रोणाचार्य जैसी विद्वता और समर्पण तथा विद्यार्थियों में एकलव्य जैसी निष्ठा और अर्जुन जैसा लक्ष्य के प्रति अटूट ध्यान होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 07 अगस्त 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, श्रावण कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र-कृतिका**

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोड़कर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार से किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ भी व्यवहार में सावधानी रखनी पड़ेगी। दुर्घटना या बीमारी से बचना होगा।

कर्क - आप का दिन आनंद और उल्लास में गुजरेगा। व्यापार में लाभ होगा। आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा।

सिंह - आज कार्यक्षेत्र में आप प्रभावी होंगे। उच्च अधिकारियों पर आपके काम का सकारात्मक असर होगा, इससे वे आप पर प्रसन्न रहेंगे।

कन्या - आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला - आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। तबियत का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे।

धनु - आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।

मकर - जो लोग कला और साहित्य में रुचि रखते हैं, वे अपनी प्रतिभा अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे सृजनशक्ति और रचनात्मकता को अच्छी तरह लोगों के समक्ष पेश कर सकेंगे।

कुंभ - आप अत्यधिक भावुक बनेंगे, इस कारण भय का अनुभव होगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह से बना सकेंगे। माता की तरफ से आपको लाभ होगा।

मीन - आज का दिन काम में सफलता पाने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनुकूल है। आपके विचारों में स्थिरता रहेगी। सभी काम अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे।

1,6,3,9-16,64,32,95,42,50,89,01

# आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए बर्तन, ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे की रॉड तथा घटना में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिल जब्त की गई हैं। मामले में तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय अशोक एक्का के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार भरियाटोला सकरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता मंती बैगा ने 5 अगस्त





**चोरी के बर्तन, औजार सहित दो बाइक जब्त, तीन फरार**

को शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 से 27 जुलाई की रात के बीच अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़कर शासकीय एलजी कंपनी का एलईडी टीवी, पानी का आरओ, वजन करने की मशीन तथा स्टील के बर्तन चोरी कर लिए थे। शिकायत पर कोतवाली थाना में बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोलू उर्फ आकाश बैगा उम्र 23 वर्ष, अजय बैगा उम्र 19 वर्ष एवं दद्दा बैगा उम्र 22 वर्ष सभी निवासी ग्राम पटनाकला थाना चचाई को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों सानू बैगा, विकास उर्फ विक्कू बैगा एवं मिथुन चौधरी के साथ मिलकर दो मोटरसाइकिलों से आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर लोहे की रॉड से ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो स्टील की थालियां, दो चम्मच, एक स्टील का डिब्बा, ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे की रॉड तथा दो बाइक जब्त की हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि चोरी किया गया एलईडी टीवी, आरओ और वजन करने की मशीन फरार साथियों के पास है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। उनकी गिरफ्तारी के बाद शेष चोरी गया सामान भी बरामद किए जाने की संभावना है।

# जनभागीदारी और समाज निर्माण पर हुआ मंथन

**कोतमा, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद विकासखंड कोतमा के तत्वावधान में गुरुवार को बीआरसी भवन, जनपद कोतमा में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज परिवर्तन, जनभागीदारी को सशक्त बनाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनपद अध्यक्ष जीवन सिंह ने की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, आजीविका मिशन से रजनीश सिंह तथा विकासखंड समन्वयक सरीमन साकेत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिलीप शुक्ला ने किया। इस दौरान दिलीप शुक्ला ने मध्यप्रदेश सरकार के प्रमुख अभियान एक पेड़ मां के नाम, नवांकुर सखी तथा हर घर तिरंगा अभियान की उपयोगिता बताई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि ओंकार सिंह, निखिल कुमार सैनी, हिरेंद्र तिवारी, महेंद्र यादव, परामर्शदाता रश्मि रैकवार, सरिता मिश्रा, कीर्ति राज जैन, अजय द्विवेदी सहित प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कई विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

**प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम आयोजित**

### गुरु और शिक्षक के अटूट रिश्ते की भावुक तस्वीर आई सामने

## शिक्षक हुए बिदा तो छलकने लगे छात्रों के आंसू



**सीधी देशबन्धु।** जिले में एक सरकारी स्कूल से गुरु और शिक्षक के अटूट रिश्ते की ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने हर किसी को भावुक कर दिया है। बरसों तक छात्रों को शिक्षा देने वाले शिक्षक साधु साकेत की सेवानिवृत्त पर आयोजित विदाई समारोह में छात्र-छात्राएं अपने आंसू नहीं रोक सके। कोई अपने प्रिय शिक्षक से गले लगकर रो पड़ा तो कोई उनका हाथ पकड़ कर उन्हें रोकने की कोशिश करता नजर आया। यह भावुक दृश्य अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल सीधी जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गजरी में पदस्थ शिक्षक साधु साकेत के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह के बाद जैसे ही शिक्षक विद्यालय से बाहर निकलने लगे, छात्र-छात्राएं भावुक हो उठे।

कई बच्चे उनसे गले लगकर रोने लगे। जबकि कुछ छात्राएं नम आंखों से अपने प्रिय गुरु को विदा करती नजर आई हैं। विद्यालय परिसर का यह दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर गया। बताया गया कि साधु साकेत ने अपने लंबे शिक्षकीय जीवन में कई विद्यालयों में सेवा दी।



### सरकारी स्कूल में गुरु शिष्य के रिश्ते की बनी मिसाल

लेकिन गजरी विद्यालय के छात्रों के साथ उनका विशेष जुड़ाव रहा। छात्रों का कहना है कि वे केवल पढ़ाई ही नहीं कराते थे बल्कि हर बच्चे की समस्या को समझते थे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित करते थे। कमजोर छात्रों को अलग से समय देना, अनुशासन के साथ स्नेह पूर्ण व्यवहार करना और सभी को समान अवसर देना उनकी पहचान रही है। गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों को लेकर अक्सर तरह-तरह की चर्चाएं होती हैं। लेकिन सीधी के गजरी विद्यालय से सामने आया यह दृश्य बताता है कि समर्पित शिक्षक आज भी छात्रों के दिलों में विशेष स्थान रखते हैं।

## लगातार बारिश से तहसील में भरा पानी

### राजस्व कार्यों के लिए आए लोग इंतजार कर लौटे



**सीधी देशबन्धु।** गुरुवार सुबह तेज बारिश के कारण सेमरिया तहसील कार्यालय परिसर में जलभराव हो गया, जिससे कार्यालय का संचालन प्रभावित रहा। तहसीलदार के नहीं पहुंचने से दूर-दराज से आए लोगों को बिना काम कराए लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, सेमरिया तहसील कार्यालय फिलहाल ग्राम पंचायत भवन में संचालित हो रहा है। लगातार बारिश के चलते भवन में पानी भर गया, जिससे कार्यालय का नियमित कामकाज संभव नहीं हो सका। पेशी और अन्य राजस्व कार्यों के लिए पहुंचे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि गुरुवार को प्रभारी तहसीलदार कार्यालय नहीं पहुंचे। कर्मचारियों के अनुसार, बुधवार को भी वे अनुपस्थित थे। लगातार दूसरे दिन कामकाज प्रभावित रहने से लोगों में नाराजगी देखी गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि तहसील से जुड़े कार्यों के लिए उन्हें बार-बार जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रभारी तहसीलदार आशीष द्विवेदी ने कहा कि जलभराव के कारण वे कार्यालय नहीं पहुंच सके। उन्होंने आवश्यक कार्य वाले लोगों को जिला कार्यालय जाकर समस्या का समाधान कराने की सलाह दी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि हर छोटे-बड़े काम के लिए जिला मुख्यालय जाना समय और आर्थिक रूप से अतिरिक्त बोझ बनता है।

## सार-समाचार

### भास्कर को मिली पीएचडी की उपाधि



**रीवा देशबन्धु।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग के अतिथि विद्वान भास्कर प्रसाद मिश्रा ने अपने अथक परिश्रम, समर्पण एवं विद्वत्ता के बल पर अपना पीएच.डी. शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि अर्जित की है। भास्कर प्रसाद मिश्रा, श्री बिहारी लाल मिश्रा के सुपुत्र हैं तथा ग्राम भडरा, तहसील अमरपाटन, जिला मैहर के निवासी हैं। उनका शोध विषय रीवा जिले के कृषि विकास में बाणसागर परियोजना की भूमिका एवं अनुशीलन है, जो वर्तमान समय की कृषि, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों में से एक है। यह शोध कार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर डॉ. आर. एन. तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पूर्ण हुआ। साथ ही सह-शोध निर्देशक डॉ. प्रवीण कुमार पाठक के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह शोध कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### विद्युत वितरण कंपनी ने 37 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश किये जारी किए

**रीवा/जबलपुर देशबन्धु।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र कंपनी ने अपने 37 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए हैं। मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.) कार्यालय से जारी आदेशानुसार लेखाधिकारी, प्रबंधक (आई.टी.), सहायक अभियंता, कनिष्?ठ अभियंता, परीक्षण सहायक, अनुभाग अधिकारी एवं कार्यालय सहायक उच्च वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले कार्मिक शामिल है । कंपनी द्वारा जारी आदेशानुसार 09 वर्षीय विकल्प नियम के तहत उच्च वेतनमान का लाभ 03 लेखाधिकारी, 04 प्रबंधक (आई.टी.), 07 सहायक अभियंता एवं 09 कनिष्ठ अभियंताओं को दिया गया । 18 वर्षीय विकल्प नियम के तहत उच्च वेतनमान का लाभ 02 परीक्षण सहायकों तथा 25 वर्षीय विकल्प नियम के तहत उच्च वेतनमान का लाभ 01 अनुभाग अधिकारी को दिया गया । 30 वर्षीय विकल्प नियम के तहत उच्च वेतनमान का लाभ 01 कनिष्ठ अभियंता एवं 02 परीक्षण सहायकों को दिया गया । 35 वर्षीय विकल्प नियम के तहत उच्च वेतनमान का लाभ 02 कनिष्ठ अभियंताओं, 02 परीक्षण सहायकों एवं 04 कार्यालय सहायकों को दिया गया ।

### मऊगंज में चोरों का तांडव, जिससे पुलिस भी अछूत नहीं रही

**मऊगंज देशबन्धु।** दिन दहाड़े घरो के सामने से गाड़िया हो रही हैं चोरी हद तब हो गई जब एस. पी कार्यालय के सामने खड़ी तीन पुलिस वाहन के चोर निकाल ले गए बैटरी जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या होगा। मऊगंज नगर में चोरों का तांडव दिन व दिन बढ़ता ही जा रहा है पीड़ित साहिल खान पिता अली हैदर हाल निवासी ग्राम घुरेहटा वार्ड क. 10 थाना मऊगंज के रहने वाला हैं जिसकी गाड़ी दिनांक 04-08-2026 को मऊगंज सीधी रोड के बगल मे स्थित भाठी सेंगर ग्राम मे प्रतिभा मिश्रा के घर मे चैनल पोतने का काम करने गया था जिसकी मोटरसायकल क0-एम.पी.17एम. एक्स./9695 प्रतिभा मिश्रा के घर के सामने से लापता हो गई पीड़ित व्यक्ति का कहना हैं मै ने बाहर रख दिया और पोताई के काम मे लग गया जब मै काम से लंच के समय लगभग 1.30 बजे गेट के बाहर आया तो मेरी उक्त मोटरसायकल नही थी उक्त मोटरसायकल मेरे नाना अजीजुददीन खान पिता महीनुददीन खान के नाम पर रजिस्टर्ड है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नही मिली जिसकी एफ .आई. आर मऊगंज थाने में की हैं।

## कलेक्टर ने ग्राम गड़रिया में अवैध कालोनी निर्माण पर की कार्रवाई

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने हुजूर नगर तहसील अंतर्गत ग्राम गड़रिया में बिना वैध अनुमति के अवैध कालोनी विकसित करने वाले भू-स्वामियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसील हुजूर नगर के वृत्त कोठी स्थित पटवारी हल्का नंबर 33 के ग्राम गड़रिया में विभिन्न भू-स्वामियों द्वारा बिना सक्षम स्वीकृति के अवैध रूप से भू-खंडों की प्लाटिंग कर कालोनी बसाने का मामला सामने आया था। राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि संबंधित भू-स्वामियों ने कृषि भूमि का डायवर्सन कराए बिना उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर लोगों को विक्रय कर दिया। जिन्हें भूखण्ड विक्रय किए गए हैं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। इस क्षेत्र में बिना अनुमति के कच्ची सड़कें बनाई गईं तथा पेयजल और ड्रेनेज की व्यवस्था कराए बिना निर्माण कार्य कराए गए। इस पूरे मामले में एसडीएम हुजूर की जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा सभी संबंधित 12 भू-स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया था। प्रकरण में शामिल एक अनावेदक देवेंद्र कुमार तिवारी (जो नोटिस तामील होने के बाद भी अनुपस्थित रहे) को छोड़कर अन्य सभी भू-स्वामियों ने अपना-अपना जवाब प्रस्तुत किया। भू-स्वामियों ने अपने जवाब में पारिवारिक आवश्यकताओं, कर्ज चुकाने और इलाज के खर्चों

### भू-स्वामियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने और संपत्ति कुर्की के दिए आदेश

का हवाला देते हुए जमीन बेचने की बात स्वीकार की, परंतु अवैध कालोनी निर्माण के आरोपों को स्वीकार नहीं किया। कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत सभी जवाबों और दस्तावेजों का गहन परीक्षण करने पर पाया गया कि किसी भी भू-स्वामी के पास कालोनी विकास, डायवर्सन अथवा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की कोई वैध अनुमति उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण उनके द्वारा प्रस्तुत पक्ष असंतोषजनक पाए गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने अवैध कालोनी की स्थापना में हुई अनियमितताओं के कारण भू-स्वामियों के विरुद्ध कड़े आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत एसडीएम हुजूर को निर्देशित किया गया है कि वे कालोनी निर्माण में संलग्न भू-स्वामियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराएं।

इसके अलावा, कालोनी में वर्तमान में निवास कर रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दोषी भू-स्वामियों की अन्य स्थान पर स्थिति भूमि या अविक्रीत भूमियों को कुर्क कर तत्काल कब्जा प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित जमीनों के खसरे में 'अवैध कालोनी' की प्रविष्टि दर्ज करने, नामांतरण और नए विक्रय पत्रों के पंजीयन पर रोक लगाने के सख्त निर्देश भी जारी किए हैं। साथ ही विद्युत मंडल को नए कनेक्शन न देने, ग्राम पंचायत को निर्माण की अनुमति न देने और कालोनी सेल को शासन को हुई आर्थिक क्षति की वसूली करने के आदेश दिए गए हैं।

### इन पर कार्रवाई के दिए आदेश

कलेक्टर ने भूमि स्वामियों गिरिवरधारी पिता गया प्रसाद दुबे निवासी जिवला तहसील रायपुर कर्चुलियान, रामलली दुबे पिता चन्द्रशेखर प्रसाद दुबे निवासी शिवप्रसाद मार्ग बेलाऊहन टोला समान रीवा तथा गोमती प्रसाद पिता रामगोपाल दुबे निवासी जिवला तहसील रायपुर कर्चुलियान के विरूद्ध कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार श्रीनिवास विश्वकर्मा पिता हजारीलाल विश्वकर्मा, श्रीमती प्रेमवती पत्नी हजारीलाल विश्वकर्मा, अनीता विश्वकर्मा पुत्री हजारीलाल विश्वकर्मा, संजू उर्फ अंजू पुत्री हजारीलाल विश्वकर्मा तथा चिड्डी पिता हजारीलाल विश्वकर्मा निवासी गड़रिया तहसील हुजूर नगर के विरूद्ध भी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। धनवन्ती रजक पत्नी मधुवन निवासी रीवा तहसील हुजूर, श्रीमती पूनम पत्नी रामानुज विश्वकर्मा निवासी मढ़ीकला तहसील मनगवां, तथा सुरेश कुमार उपाध्याय पिता सूर्य प्रसाद उपाध्याय निवासी रतहरी तहसील हुजूर नगर रीवा के विरूद्ध कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### बसपा विधायक स्व. उमाशंकर सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**रीवा देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के खनवर नामक छोटे से गाँव में 2 जनवरी 1971 को जन्मे बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रसड़ा विधानसभा से लगातार तीन बार विधायक रहे स्व. उमाशंकर सिंह के निधन पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं अधिवक्ता एडवोकेट अभिषेक पटेल ने गहरा शोक व्यक्त किया। वे लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन को बहुजन आंदोलन एवं उत्तर प्रदेश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया एडवोकेट अभिषेक पटेल ने कहा कि स्व. उमाशंकर सिंह आजीवन अपनी विचारधारा, बहुजन समाज पार्टी और आदरणीया बहन सुश्री मायावती जी के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुड़े रहे। उन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और अंतिम समय तक संगठन के प्रति अडिग रहे। ऐसे समर्पित, ईमानदार और वचनबद्ध नेता राजनीति में विरले ही देखने को मिलते हैं।

### पीएम पोषण योजना में गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर दिए गए सख्त निर्देश



**सीधी देशबन्धु।** कलेक्टर विकास मिश्रा के कुसमी भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास मानकुमारी पनाडिया ने स्व-सहायता समूहों के अध्यक्षों एवं सचिवों की विशेष बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य शासकीय विद्यालयों एवं आंगन बाड़ी केंद्रों में संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पी.एम. पोषण) योजना के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करना था।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुरूप स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन वितरण से पूर्व बच्चों के हाथ साबुन से धुलवाने, उन्हें व्यवस्थित रूप से बैठाकर भोजन कराने तथा प्रत्येक बच्चे को निर्धारित मात्रा में भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही भोजन निर्माण एवं वितरण के दौरान स्वच्छता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। निर्देश दिए गए कि प्रत्येक विद्यालय में भोजन के समय एक शिक्षक की ड्यूटी अनिवार्य रूप से लगाई जाएगी, जो बच्चों के साथ भोजन ग्रहण करते हुए भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

### भाजपा मंडल गुढ़ की कामकाजी बैठक में दी गई आगामी कार्यक्रमों की जानकारी



**गुढ़ देशबन्धु।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल गुढ़ की कामकाजी बैठक दिनांक 06 अगस्त 26 दिन गुरुवार को श्री भागवत पैलेस में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री बाबूलाल यादव के मुख्य आतिथ्य तथा मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन के कार्यों एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथों पर सुनने और उसे संगठन ऐप पर अपलोड करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों, शक्तिकेंद्र संयोजकों तथा बूथ अध्यक्षों ने कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया, जिनका आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा।

बैठक में मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी बाबूलाल यादव, मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, कपिल पयासी, आलेश पयासी, अनिल सिंह गहरवार, बी.के. पाण्डेय, डॉ. भृगुनाथ पाण्डेय, उमेश कुमार गुप्ता, दहिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 1645 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप व स्कॉर्पियो जब्त,18.45 लाख का माल बरामद

**मऊगंज देशबन्धु।** मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत मऊगंज पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में अवैध नशीली कफ सिरप की खेप जब्त की है। कार्रवाई में 1645 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप एवं तस्करी में प्रयुक्त एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन जब्त की गई है।

जब्त सामग्री एवं वाहन की कुल अनुमानित कीमत रू18,45,450 आंकी गई है। पुलिस महा निरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा संचालित ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत पुलिस उपमहा निरीक्षक रीवा रेंज हेमन्त चौहान के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मऊगंज सुरेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में थाना मऊगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 6 अगस्त 2026 को थाना मऊगंज पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से एक सफेद रंग की



स्कॉर्पियो वाहन में अवैध नशीली कफ सिरप की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राम सिंह पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की गई। वाहन की विधिवत तलाशी लेने पर उसमें रखी 7 बोरियों से कुल 1645 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## नशीली सिरप व कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार



**सेमरिया देशबन्धु।** अवैध नशीली प्रतिबंधित टैबलेट एवं नशीली कफ सीरफ की घूम फिर कर बिक्री करने वाले आरोपी को सेमरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के ऊपर पूर्व से है कई आपराधिक मामले दर्ज है। जानकारी के अनुसार थाना सेमरिया में पदस्थ उप निरी. ललन सिंह को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खारा के गौरव सिंह उर्फ मोनू और गौरव सिंह उर्फ आकाश अटरिया मोड के पास काफी मात्रा में नशीली कफ सिरप और टेबलेट कैप्सूल अपने पास रखे है बिक्री करने हेतु किसी ग्राहक के इंतजार में है, यदि समय पर कार्यवाही की जायेगी तो निश्चित सफलता मिल सकती है जिसमें कार्यवाही करने हेतु 02 स्वतंत्र गवाहानो के साथ मय पुलिस टीम के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई तो 01 व्यक्ति पुलिस मौजूदगी को देखकर भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ के घेराबंदी कर पकडा गया एवं नाम पता पूंछा गया तो क्रमशः अपना नाम गौरव सिंह उर्फ मोनू पिता स्व. सुरेंद्र सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम खारा थाना सेमरिया का होना बताया जिनके आधिपत्य के नीले रंग के झोले की तलाशी ली गई तो झोले के अंदर से अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) एवं आँनरेक्स कफ सीरफ होना पाई गई। उनके कब्जे से कुल 320 नग अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) एवं कुल 225 नग एवं 11 शीशी अवैध नशीली आँनरेक्स कफ सीरफ कीमती 4,400 रुपये को जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तारी का समुचित कारण बताते हुये गिरफ्तार किया गया ।

**सराहनीय भूमिकाः** थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, उनि.ललन सिंह नेताम, उनि.लंकेश वर्मा, सउनि. गिरजा प्रासद पाण्डेय, प्र.आर.हफीजुर्रहमान, प्र.आर. प्रमोद अग्निहोत्री, आरक्षक प्रबल त्रिपाठी, आरक्षक शिवम सिंह, आरक्षक जोगेन्द्र गौतम, आरक्षक विवेक सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## मेधावी छात्र शिवम को डॉ. बीएल मिश्रा ने एक लाख रुपए से किया सम्मानित

### 50 हजार छात्र को, 50 हजार विद्यालय विकास के लिए प्रदान किए

**गुढ़ देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजुहा में बुधवार को हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नौवां स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र शिवम नामदेव, पिता रोहिणी प्रसाद नामदेव, निवासी कनौजा का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग डॉ. बी.एल. मिश्रा ने पूर्व घोषणा के अनुसार कुल एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। इसमें 50 हजार रुपये छात्र शिवम नामदेव को तथा 50 हजार रुपये विद्यालय के विकास कार्यों के लिए दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा के




वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. के.के. परौहा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बी.एल. मिश्रा, सेवानिवृत्त सीएमओ संतोष पांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजबहोरन पटेल, श्रीमती अंजू मिश्रा तथा पूर्व जनपद सदस्य रामानुज चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुनील गौतम ने की।

प्राचार्य सुनील गौतम ने विद्यालय की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी देते हुए विद्यालय की आवश्यकताओं से भी अतिथियों को अवगत कराया तथा विपरीत मौसम के बावजूद कार्यक्रम में शामिल होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह में दवा विक्रेता संघ के सचिव शशि मिश्रा, संतोष मिश्रा, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य शरद चंद्र त्रिपाठी, भाजपा गुढ़ मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, सुशील द्विवेदी, जोकीहा सरपंच उमाशंकर यादव, कनौजा सरपंच अखिलेश पांडे, खजुहा संकुल के समस्त शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. के.के. परौहा, विशिष्ट अतिथि डॉ. बी.एल. मिश्रा एवं श्रीमती अंजू मिश्रा ने शिवम नामदेव को उनके माता-पिता के साथ 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में डॉ. बी.एल. मिश्रा, श्रीमती अंजू मिश्रा, पूर्व सरपंच सुरेंद्र यादव, सूर्यप्रकाश मिश्र तथा प्राचार्य सुनील गौतम ने आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

## वनकर्मियों पर पथराव करने वाले 70 लोगों पर केस

### ● मैहर में वनभूमि से अतिक्रमण हटाने गए थे दो वनकर्मी भी घायल

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र में आरक्षित वनभूमि से 5अगस्त को अवैध कब्जा हटाने के दौरान वन विभाग और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान पथराव की घटना हुई, जिसमें दो वनकर्मी घायल हो गए और दो जेसीबी मशीनों के कांच टूट गए। वन विभाग की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद सहित 60 से 70 अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 121(1), 221, 296(बी), 351(3), 191(2), 191(3), 190, 324(4) के तहत अपराध कायम किया गया है। इसमें चार नामजद आरोपी हैं। हासिल जानकारी के मुताबिक दर्ज अपराध में रामसरोवर कोल पिता झुर्री कोल, निवासी ग्राम बहिली, शिवप्रसाद कोल पिता दसई कोल, निवासी ग्राम बहिली, राजू साकेत पिता भोल्ला साकेत,



निवासी ग्राम मौदहा एवं रामप्रताप कोल पिता दसई कोल, निवासी बहिली थाना बदेरा जिला मैहर का नाम है। इसके अतिरिक्त अन्य 60-70 महिलाएं एवं पुरुष का उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंग के बहिली गांव में आरक्षित वनभूमि पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एक बार फिर विवाद बढ़ा। बुधवार को वन विभाग की टीम वहां अतिक्रमण हटाने पहुंची, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। इस दौरान टीम पर पथराव भी हुआ, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। यह मामला मैहर वनपरिक्षेत्र की जुड़वानी बीट के कक्ष नंबर पी-583 से संबंधित है। वन विभाग का कहना है कि आरक्षित वनभूमि पर प्रतिमा स्थापित कर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। विभाग ने ग्रामीणों को समझाया कि आरक्षित वनभूमि पर प्रतिमा स्थापना या किसी भी प्रकार का निर्माण नियमानुसार प्रतिबंधित है। समझाइश के दौरान कुछ ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेद्र सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी में वन विभाग ने प्रतिमा और अन्य निर्माण सामग्री हटाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की।

### एम माह से चल रहा विवाद...

सूत्र बताते हैं कि यह विवाद पिछले लगभग एक महीने से चर्चा में है। इससे पहले 2 जुलाई को भी वन विभाग ने इसी स्थान से प्रतिमा हटवाई थी और दो लोगों के खिलाफ वन अपराध का केस दर्ज किया था। तब आदिवासी समाज के लोगों ने वन विभाग कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया था। बाद में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ था। प्रशासन ने बताया कि उस समय संबंधित पक्ष ने लिखित आश्वासन भी दिया गया था कि भविष्य में वनभूमि पर प्रतिमा स्थापित नहीं की जाएगी।

सीएसपी महेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि वनभूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया है और वर्तमान में स्थिति पूरी तरह शांत और नियंत्रण में है। एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने भी पुष्टि की है कि वन विभाग के साथ पुलिस बल अतिक्रमण हटाने पहुंचा था और अब स्थिति सामान्य है।

## ज्वेलरी दुकान में खरीदारी करने आई महिलाओं ने जेवर पर किया हाथ साफ





**रीवा देशबन्धु।** सराफा दुकान में ग्राहक बनकर आई महिलाओं ने ज्वेलरी दुकान में हाथ की सफाई दिखाई और सोने के जेवर गायब कर दिये। दुकानदार को इस बात की जानकारी तब हुई जब महिला दुकान से जा चुकी थी। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दुकानदार के द्वारा तकरीबन 10 सोने की कील चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुड़ाई बाजार स्थित मालती ज्वेलर्स में दोपहर तकरीबन 2.30 बजे दो महिलाएं खरीददारी करने ज्वेलरी शॉप में आई हुई थी। दुकान संचालक का कहना है कि महिलाओं के द्वारा कोई खरीददारी नहीं की गई। लेकिन जब वह अपना सामान समेट रहा था तो पता चला कि तकरीबन 10 सोने की कील चोरी हो चुकी हैं। फरियादी के द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अब पुलिस संदिग्ध महिलाओं की तलाश कर रही है। वहीं

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

इस संबंध में थाना प्रभारी निशा मिश्रा का कहना है कि सराफा दुकान में इसके पूर्व भी विभिन्न शहरों में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। जिसके लिए सराफा दुकानदारों को भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। चेहरे को छिपाकर या फेस कवर करके यदि कोई महिलाएं आती हैं तो उन पर दुकानदारों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद अब पुलिस के द्वारा दोनों संदिग्ध महिलाओं की तलाश लगातार की जा रही है।

### सार-समाचार

## स्कूल में करंट लगने से छात्र घायल

**मझगवां, देशबन्धु।** स्कूल में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से कक्षा सात में अध्ययनरत छात्र बुरी तरह से घायल हो गया है। करंट से घायल हुए छात्र का इलाज मझगवां सीएचसी में चल रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक



बबेरू निवासी राकेश प्रजापति का पुत्र सुजीत प्रजापति मझगवा में अपने नाना के घर मे रहकर संदीपनी विद्यालय में पढ़ता है। खेलते समय वह स्कूल की छत पर चढ़ गया और हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। आनन-फानन में स्कूल के चौकीदार उसे सीएचसी मझगवा ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। मझगवां एसडीएम ने मासूम को करंट लगने की जानकारी पर लिया संज्ञान, बीईओ रामविश्वास साकेत और संदीपनी विद्यालय मझगवां के प्राचार्य राजेन्द्र उपाध्याय को कारण बताओ नोटिस किया जारी, 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है।

## शासकीय खाद्यान्न में हेराफेरी करने वाला विक्रेता गिरफ्तार

**रीवा देशबन्धु।** जिले के सिरमौर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सदहना की शासकीय उचित मूल्य की दुकान के राशन के स्टाक को खुर्द-बुर्द सहित अन्य अनियमितता किए जाने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस पूरी कार्यवाही के संबंध में



थाना प्रभारी सिरमौर प्रशांत शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा कलेक्ट्रेट कार्यालय खाद्य विभाग रीवा द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान सदहना की जांच की गई थी, इस दौरान विक्रेता रामचरण वर्मा द्वारा स्टाक को खुर्द-बुर्द व अन्य अनियमितता किया जाना पाया गया था,जिसके बाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा द्वारा विक्रेता रामचरण वर्मा के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, थाना प्रभारी ने बताया कि ईसी एक्ट के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले में आरोपी रामचरण वर्मा निवासी खैरहन थाना सिरमौर जिला रीवा को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## सड़क पार कर रहे अधेड़ को ट्रक ने कुचला, मौके पर हुई दर्दनाक मौत

**रीवा देशबन्धु।** रतहरा बाईपास में बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक शख्स की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मृतक रजनीश सिंह दुकान बंद कर पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार



कर रहे शख्स को कुचल दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया था। जहां आज सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## शातिर बदमाश सलमान राणा गिरफ्तार



### मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर फरार था आरोपी

**रीवा देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस ने शातिर बदमाश इश्तियाक खान उर्फ राणा उर्फ सलमान को आज गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ संभाग के विभिन्न स्थानों में 24 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। तो वहीं पकड़े गए आरोपी का आज पुलिस ने जुलूस भी निकाला है। बताया जा रहा है कि निपनिया निवासी सलमान राणा एक मासूम बच्ची बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। काफी समय से आरोपी पुलिस को चकमा दे रहा था। बीते दिवस पुलिस को एक बार फिर सलमान राणा के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद घेराबंदी करते हुए आरोपी को ठेका से गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि इसके पूर्व भी आरोपी पुलिस के हाथ से बस निकला था। आज पकड़े गए फिलहाल आरोपी का पुलिस ने सरेआम जुलूस निकाला है। थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शातिर बदमाश है।

## जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, महिला का फूटा सिर

### ● मारपीट का वीडियो आया सामने

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज थाना क्षेत्र के बमहा प्राणनाथ गांव में वर्षों पुराने जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक महिला के सिर पर डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बीच बचाव करने पहुंची परिवार की अन्य महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट होती दिखाई दे रही है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर



जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बमहा प्राणनाथ निवासी रूबी विश्वकर्मा ने थाना मऊगंज में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उनके परिवार और राजेंद्र प्रयासी पक्ष के बीच जमीन का विवाद लंबे समय से तहसील और न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि बुधवार को राजेंद्र प्रयासी अभिषेक मिश्रा और प्राची मिश्रा उनके घर पहुंचे और विवाद के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने रूबी की मां प्रभा विश्वकर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के मुताबिक राजेंद्र प्यासी ने डंडे से प्रभा के सिर पर वार कर दिया जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। शोर सुनकर बड़ी मां सुनीता विश्वकर्मा और बहन रोशनी विश्वकर्मा बीच बचाव करने पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### चार लोग हुए घायल..

घटना में प्रभा विश्वकर्मा समेत चार लोग घायल हुए। सभी को सिविल अस्पताल मऊगंज ले जाया गया। जहां प्रभा विश्वकर्मा के सिर पे गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया। मऊगंज पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## वाराणसी से सीधी ले जाई जा रही थी नशीली कफ सिरप की खेप, मऊगंज पुलिस ने पकड़ा

**रीवा देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश से मऊगंज के रास्ते सीधी ले जाई जा रही नशीली कप सिरप की खेप को मऊगंज पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने एक स्कर्पियो वाहन से सात बोरियों में 1600 से ज्यादा नशीली कप सिरप बरामद की है। वहीं नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। कार्रवाही के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मऊंगज थाना प्रभारी राम सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक सफ़ेद रंग की स्कर्पियो वाहन में भारी मात्रा में अवैध नशीली कप सिरप की खेप वाराणसी उत्तर प्रदेश से मऊंगज होते हुए सीधी जाने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम गठित



कर गाढ़ा ओवर ब्रिज के पास घेराबंदी की गई। पुलिस की घेराबंदी देख आरोपी स्कर्पियो वाहन को डिवाइडर से टकराकर सर्विस लेन से होते हुए बराव मोड़ से बराव तरफ भागा। जिसका पीछा पुलिस टीम के द्वारा किया गया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर स्कर्पियो वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिए प्रयास किया जा रहा है। वहीं स्कर्पियो वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें सात बोरियों में कुल 1645 सीसी अवैध नशीली कफ सिरप बरामद हुई है। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम हर संभव प्रयास कर रही है।

## अधूरी दुकानों का ऑनलाइन टैंडर जारी

### निर्माण अनुमति को लेकर उठे सवाल
### नगर पंचायत उचेहरा का मामला

**उचेहरा, देशबन्धु।** नगर परिषद उचेहरा द्वारा निर्मित कराई जा रही अधूरी दुकानों के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिषद द्वारा दुकानों के आवंटन बिक्री की कार्रवाई को लेकर अब नगरीय निकाय अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा शुरू हो गई है। जानकारों का कहना है कि नगरीय निकाय अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार की अधूरी, अवैध अथवा बिना पूर्ण निर्माण अनुज्ञा प्राप्त दुकानों की स्वतंत्र रूप से बिक्री या रजिस्ट्री नहीं की जा सकती। ऐसे निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित नियमों और आवश्यक अनुमतियों का पालन किया जाना अनिवार्य होता है।



स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि नगर परिषद द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू करने से पहले दुकानों के निर्माण की स्थिति, स्वीकृत नक्शा, निर्माण अनुमति एवं अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं की जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी अड़चन उत्पन्न न हो।

अब देखना होगा कि नगर परिषद प्रशासन इस मामले में क्या स्पष्टीकरण देता है और टेंडर प्रक्रिया को लेकर कौन-कौन से दस्तावेज एवं नियमों का पालन किया जाता है।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने मारी ऑटो को टक्कर, चालक की हालत गंभीर

**रीवा देशबन्धु।** शहर के सिरमौर चौराहे के पास बाल भारती स्कूल के सामने समदड़िया गोल्ड के पास तेज रफ्तार बोलेरो वाहने आटो को टक्कर मार कर चालक को घायल कर दिया। और बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना आज गुरूवार को देर शाम की है। जानकारी के अनुसार गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के रौरा गांव निवासी मनीष कुशवाहा ऑटो से मार्केट से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मनीष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को निजी वाहन और एंबुलेंस की

**वाहन छोड़कर फरार हुआ चालक**



मदद से संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोलेरो तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद चालक बोलेरो छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

## नशीली सिरप बेचते महिला गिरफ्तार

**रीवा देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में फिर एक महिला को नशीली कफ सिरप की बिक्री करते गिरफ्तार किया गया है जिसके खिलाफ एनडीपीएस की कार्यवाही की गई ह। कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि कबाड़ी मोहल्ला निवासी विमला लोनिया के द्वारा नशीली कफ सिरप बिक्री करने की सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां विमला लोनिया को नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा गया आरोपी महिला के द्वारा घर के अंदर रखकर नशीली कफ सिरप बेची जा रही थी तलाशी लेने पर नशीली कफ सिरप पुलिस के हाथ लगी है।



## एक दर्जन से अधिक दुकानदारों पर लगा स्पॉट फाइन



### स्वच्छता टीम कचरा फैलाने पर की कार्यवाही

**सतना, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम की स्वच्छता टीम द्वारा शहर में कचरा फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में बुधवार को सिविल लाइन चौराहे से लेकर कोठी मोड़ तक कचरा फैलाने वाले फल-सब्जी, समोसा-आलूबंडा बेंचने वालो सहित कोठी मोड़ स्थित देशी-अग्रेंजी कम्पोजिट शराब दुकान व ठेले वालों पर कार्यवाही करते हुए स्पॉट फाइन लगाया और कचरा डस्टवीन में ही इकट्ठा करने व डालने की हिदायत दी। इस दौरान दुकानों के सामने फैले कचरे को लेकर निधि प्रसाद पर गंदगी फैलाने पर 1000 रूपए, प्रकाश चौरसिया पर 250 रूपए, मनीष पान पैलेस पर 500 रूपए, नंदलाल दुबे पर 500 रूपए, राजेंद्र गुप्ता पर 500 रूपए, प्रदीप कोरी पर 250 रूपए, नीरज रैकवार, 500 रूपए, नितेश रैकवार पर 250 रूपए, सुनील-अनिल पर 500 रूपए, पीयूष-कमलेश पर 500 रूपए, वेंकटेश फूड 500 रूपए, उमेश ड्राई फूड पर 500 रूपए, दीपक जूस सेंटर पर 500 रूपए के जुर्माने सहित कुल 6250 रूपए का फाइन लगाया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत इसी तरह 3 जुलाई को विभिन्न स्थानों में कचरा फैलाने वालों के ऊऊपर स्वच्छता टीम द्वारा स्पाट फाइन लगाकर 3850 रूपए का जुर्माना वसूला गया था।



## शासकीय आराजी से प्रशासन ने हटाया कब्जा

**सतना।** जिले की बरौंधा तहसील क्षेत्र के बरौंधा स्थित मध्य प्रदेश शासन की आराजी नंबर 257/1 पर देर रात अवैध अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आने पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई है। प्रशासन के तुरंत हरकत में आ जाने से अतिक्रमणकारी की मंशा पर पानी फिर गया। उत्तर प्रदेश के किसी शख्स द्वारा शासकीय भूमि पर देर रात कब्जा जमा लिया गया। जिस जगह यह अतिक्रमण किया गया वहां मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न शासकीय कार्यालय संचालित होते हैं। शासकीय आराजी पर इस तरह अचानक हुए कब्जे की खबर मिलते ही बरौंधा तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक को भेजकर जेसीबी मशीन के जरिये तत्काल अतिक्रमण हटवाया।

## काले कपड़े पहनकर पटवारी पहुंचे धरना स्थल, जताया विरोध

### कहा, कैडर रिव्यू और पदोन्नति जल्द लागू नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

**सतना, देशबन्धु।** पटवारी कैडर रिव्यू, पदोन्नति और समयमान वेतनमान जैसी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर बैठे जिले भर के पटवारी गुरूवार को काले कपड़े पहनकर धरना स्थल पर पहुंचे और शासन-प्रशासन की हठधर्मिता और न्यायसंगत मांगो का आज तक निराकरण नहीं किए जाने का विरोध जताया। पटवारी संघ के आह्वान पर पटवारियों की इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण राजस्व विभाग से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रघुराजनगर तहसील से लेकर जिले की विभिन्न तहसीलों में



पटवारियों के बस्ते बंद होने से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, और भू-अभिलेख से जुड़े अनिवार्य कार्य लोगों के नहीं हो पा रहे है, जिससे शासन को राजस्व की भी क्षति हो रही है। पटवारियों के इस हड़ताल से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और फसल गिरदावरी जैसे मैदानी काम रुकने से आम जनता और किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

सारा पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, और पीएम किसान सम्मान निधि सत्यापन समेत 12 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं बाधित हैं। पटवारियों का कहना है कि पटवारी भर्ती होती है और पटवारी रहकर रिटायर हो जाते हैं, लेकिन अब यह बर्दाश्त नहीं होगा।

यहां बता दें कि पटवारियों की मांग है कि कैडर रिव्यू और पदोन्नति जल्द लागू हो। नायब तहसीलदार के लिए विभागीय परीक्षा का रास्ता साफ हो। पटवारियों को मैदानी कार्यों के दौरान सुरक्षा और न्यायिक संरक्षण मिले। लंबित वित्तीय भुगतानों का निराकरण और नियम विरुद्ध तबादलों पर रोक लगे। अन्यथा अभी तो कलमबंद हड़ताल है, आगे और लंबी लड़ाई व उग्र आंदोलन जिले से लेकर पूरे प्रदेश में एकजुटता के साथ होगी। जिसकी पूरी जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# खेल जगत

## पाकिस्तान के खिलाफ लॉरेंस की टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट के लिए बैटिंग ऑलराउंडर डैन लॉरेंस को 16-सदस्यीय टीम में वापस बुलाया है। वहीं, जॉर्डन कॉक्स नंबर-3 पोजिशन पर बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच 19 अगस्त से तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज लीड्स में शुरू होगी। इसके बाद दोनों देश 27 अगस्त से लॉर्ड्स में दूसरा मुकाबला खेलेंगे। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 9 सितंबर से बर्मिंघम में खेला जाएगा।जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल की जगह टॉप ऑर्डर में नजर आएंगे। बेथेल भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीत के दौरान अपना दाहिना घुटना चोटिल करवा बैठे थे। बेथेल अब तक इस चोट से उबर नहीं सके हैं, जिसके चलते तीन मुकाबलों की पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं, लॉरेंस को सरे के साथ शानदार काउंटी चैंपियनशिप सीजन के लिए इनाम मिला है, जहां वह 5 शतक और 788 रनों के साथ डिवीजन वन में सबसे आगे हैं। लॉरेंस नंबर-6 पर बैटिंग करेंगे।

# भारत को पदक जीतने के लिए मजबूती से खेलना होगा: प्रीतम

## अनुभवी नवनीत व सविता को जूनियर खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रेरित करना होगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर और कप्तान 51 बरस की प्रीतम रानी सिवाच बतौर हॉकी खिलाड़ी भारत का नाम रोशन करने के बाद अब बतौर महिला हॉकी कोच अपनी प्रीतम सिवाच हॉकी एकेडमी के जरिए देश की हॉकी का भविष्य संवार रही हैं। 2002 में भारत को मैनचेस्टर में राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जिताने में ममता खरब के साथ बतौर स्ट्राइकर प्रीतम सिवाच ने अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय महिला हॉकी टीम की इसी कामयाबी पर चर्चित 'चक दे इंडिया' जैसी चर्चित फिल्म बनी और इसमें शाहरुख खान ने कोच का अहम किरदार अदा किया था। प्रीतम सिवाच एकेडमी की पांच लड़कियां भी भारत की एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप

> हमारी मौजूदा टीम की अनुभवी खिलाड़ियों को टीम की नौजवान और जूनियर खिलाड़ियों को साथ लेकर चलना होगा: प्रीतम रानी




महिला हॉकी विश्व कप

बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 में शिरकत करने जा रही टीम में शामिल हैं। प्रीतम का बेटा बतौर मिडफील्डर भारत की पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने वाली टीम की अहम कड़ी हैं। प्रीतम सिवाच की बेटी कणिका सिवाच भी भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम की अहम सदस्य हैं।

यह भी एक सुखद संयोग है कि वह खुद 1998 में उट्रेक्ट (नीदरलैंड) में भारत के लिए महिला हॉकी विश्व कप में खेली थी तब टीम अपने चारों मैच कड़े और करीबी संघर्ष में हार कर अंतिम स्थान पर रही थी। भारतीय महिला हॉकी टीम की विश्व कप में संभावनाओं पर प्रस्तुत हैं प्रीतम सिवाच से हुई बातचीत। भारत का अब तक महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में चौथा स्थान है और आप खुद 1998 के महिला हॉकी विश्व कप में उट्रेक्ट (नीदरलैंड) में देश की नुमाइंदगी कर चुकी हैं। इस बार महिला हॉकी विश्व कप में कहां तक जाएगी भारत की चुनौती?

मैं 1998 में आखिरी बार भारत के लिए महिला विश्व कप में खेली थी और तब हमारी टीम अपने सभी मुकाबले करीब संघर्ष में हार कर संदीप कौर की कप्तानी में आखिरी स्थान पर रही थी। 2026 के विश्व कप भारतीय महिला हॉकी टीम में चुनी गई अनुभवी नवनीत कौर, सुशीला चानू, खुद कप्तान सलीमा टेटे और अनुभवी गोलरक्षक सविता को टीम की नई और नौजवान खिलाड़ियों को साथ ले उनका मार्गदर्शन कर उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रेरित करना होगा। हमारी भारतीय टीम अनुभवी और नौजवान खिलाड़ियों की मिली खासी संतुलित है। बेशक हमारी टीम के कोच शुएर्ड मराइन के पास महिला हॉकी विश्व कप के अच्छी योजना भी होगी। हमारी मौजूदा टीम की अनुभवी खिलाड़ियों को टीम की नौजवान और जूनियर खिलाड़ियों को साथ लेकर चलना होगा। भारत को महिला हॉकी विश्व कप में पदक जीतने के लिए किले की मजबूती से चौकसी के साथ पूरी शिद्दत से मैदान खेल कर अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का पहला लक्ष्य बेशक क्वार्टर फाइनल में पहुंचना होना चाहिए और वे इसमें सक्षम भी दिखाई देती हैं। हमारी भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची बेशक हॉकी विश्व कप में पदक जीतने में भी कामयाब रहेगी। मेरी प्रीतम सिवाच हॉकी एकेडमी की पांच लड़कियां- नेहा, साक्षी राणा, ज्योति,शिल्पी डबास और इशिका भारत की महिला हॉकी विश्व कप में शिरकत करने जा रही टीम का हिस्सा हैं। मुझे अपनी इन पांचों के साथ भारतीय टीम के लिए विश्व कप में कामयाबी की नई कहानी लिखने का भरोसा है। नवनीत कौर जैसी स्ट्राइकर, मिडफील्डर ललरेमिसयामी व कप्तान सलीमा टेटे व सविता को टीम की ज्योति, शिल्पी और इशिका जैसी खिलाडियों का साथ लेकर चलना होगा।

### विश्व कप में यशदीप खुलकर खेलेंगे



जहां तक मेरे बेटे यशदीप सिवाच की बात है तो उसकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 में भारतीय टीम में जिम्मेदारी ओवरलेप कर काउंटर पर गोल करने की है। उसे टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, सुमित का मार्गदर्शन और राजिंदर सिंह सभी का सहयोग मिलेगा। मेरे बेटे यशदीप को मुझसे और अपने पिता कुलदीप से बचपन से बिना किसी दबाव के खुल कर हॉकी खेलने और पूरा लुत्फ उठाने का सबक मिला है। बेशक वह विश्व कप में खुलकर खेलेंगे और भारतीय टीम को विश्व कप में आगे तक ले जाने में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आगे तक ले जाने में मददगार बनेंगे।

**पूल डी में चीन, इंग्लैंड के खिलाफ जवाबी हमलों और डिफेंस में कम से कम गलतियां करनी होगी**

आज मॉडर्न यानी नए जमाने की हॉकी बिल्कुल बदल गई है। आज के जमाने में गोल करने से कहीं ज्यादा अहम है अपने किले की मुस्तैदी से चौकसी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति में अनुभवी फुलबैक सुशीला चानू और गोलरक्षक सविता सहित सभी को यह कोशिश करनी चाहिए कि प्रतिद्वंद्वी टीम को कम से कम से पेनल्टी कॉर्नर लेने दें। आज सभी टीमें एक दूसरे की मजबूत चौकसी कर खेलने उतरती हैं और इसलिए मैदानी गोल के मौके आज बहुत कम हो जाते हैं। सच तो यह है कि पेनल्टी कॉर्नर बनाने और इस पर गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर बचाना ही मैचों के फैसलों में अहम रहेगा। आज चाहे कोई चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सभी स्ट्रक्चर और योजना से खेलेंगी और कोई भी कमजोर नहीं है। महिला हॉकी विश्व कप में जो भी टीम स्ट्रक्चर और योजना से खेलेगी, पेनल्टी कॉर्नर बना इसे भुनाएंगी और पेनल्टी कॉर्नर पर मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी करेगी वही उपर जाएगी। हमारी भारतीय टीम को मिले मौकों चाहे वह पेनल्टी कॉर्नर हो या मैदानी गोल, हर को भुनाना होगा। हमारे चीन और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खासे संघर्षपूर्ण रहे हैं। बस जरूरी है इन सभी के खिलाफ जीतना है तो मौकों को भुनाना होगा। विश्व कप में पूल डी में चीन के खिलाफ अपने किले की चौकसी, इंग्लैंड के खिलाफ जवाबी हमलों और डिफेंस में कम से कम गलतियां करनी होगी। पेनल्टी कॉर्नर बना इन्हें भुनाने के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के पेनल्टी कार्नर को रोकना होगा। चीन के पास खतरनाक ड्रैग फ्लिकर हैं और उसके खिलाफ गोल करने से पहले हमें अपने किले की मुस्तैदी से चौकसी करनी होगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के पूर्व कोच ओलंपियन कर्नल बलबीर सिंह कहते थे मॉडर्न में कामयाबी के लिए जरूरी है पहले अपने घर को जलने (गोल खाने) से बचाना क्योंकि हम अपना घर बचाने में सफल रहे तो फिर प्रतिद्वंद्वी के घर को जला (गोल कर) सकते हैं। हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गोल अपनी आक्रामक हॉकी खेल कर ज्यादा से गोल करने की कोशिश करनी होगी।

# खाईदम चानू के हाथ होगी भारत की कप्तान

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। मिडफील्डर खाईदम शिलिमा चानू मोकी, चीन में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले एएचएफ महिला जूनियर हॉकी एशिया कप 2026 में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तान होंगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने इस साल के शुरू में नए कोच टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में महिला जूनियर हॉकी एशिया कप के लिए गहन तैयारी की है। महिला जूनियर हॉकी एशिया कप की तैयारी के लिए भारतीय जूनियर टीम हाल ही में इंग्लैंड का दौरा किया और इसके बाद ही वहां तैयारी कर चीन में इसमें शिरकत करने जा रही है। इंग्लैंड के दौरे से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अहम अंतरराष्ट्रीय मैचों का अहम मिला और जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के लिए बहुत अहम बातें सीखने को मिलीं। जूनियर महिला हॉकी एशिया कप में एशिया की प्रमुख जूनियर टीमों के खिलाफ खेलने भारत की जूनियर खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी की अगली पीढ़ी को तैयार करने का अहम टूर्नामेंट है। मैचों का कार्यक्रम और इसके पूल की घोषणा जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के शुरू होने से पहले की जाएगी।



महिला जूनियर हॉकी एशिया कप

**खुद को एशिया की जू सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आंकने का मौका : व्हाइट**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच टिम व्हाइट ने कहा, 'जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के लिए भारतीय जूनियर टीम में स्थान पाने के लिए दिखाई प्रतिबद्धता और जीवट पर मुझे गर्व है। बीते कुछ महीनों से भारत की इन जूनियर खिलाड़ियों में अपने खेल को हर तरह बेहतर करने के लिए शिद्दत से मेहनत की है। मैंने इस दौरान इन खिलाड़ियों को बतौर टीम और खिलाड़ी विकसित होते देखा है। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम की खिलाड़ी इस मौके को पूरी तरह भुनाते हुए अपने सपनों को साकार करें। जूनियर महिला हॉकी एशिया कप हमारे लिए अपने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने की यात्रा में खुद को एशिया की जूनियर सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आंकने का अहम मौका है। मुझे अपनी टीम की खिलाड़ियों की प्रतिभा और जीवट पर पूरा भरोसा है। हमारी टीम हर मैच में पूरे विश्वास और अनुशासन के साथ खेलने उतर कर भारत का गौरव बढ़ाएंगे।

**भारत की एएचएफ जूनियर महिला हॉकी एशिया कप 2026 के लिए टीम**

**गोलरक्षक :** निधि, इंजिल हर्षा रानी मिंज

**रक्षापंक्ति :** पूजा साहू, सुप्रिया, पूजा मलिक, पर्वती टोपनो, मधु।

**मध्य पंक्ति :** खाइदम शिलिमा चानू (कप्तान), तनुजा टोपो, बिनिमा धन, रोशनी ऐंद, गीता यादव

**अग्रिम पंक्ति :** ललरिनपूई, पूर्णिमा यादव, सुखवीर कौर, कृष्णा शर्मा, सानिका चंद्रकांत माणे, मधु सिदर

**वैकल्पिक खिलाड़ी :** एफ ललबियाकसियामी, तनुश्री दिनेश काडू।

## अंडर-20 एथलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप

# कंबोज ने विमेंस डिस्कस थ्रो के फाइनल में जगह बनाई

**यूजीन,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय थ्रोअर अमानत कंबोज ने गुरुवार को इस सीजन का अपना सबसे अच्छा थ्रो करते हुए अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं के डिस्कस थ्रो फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मई 2026 में 52.24 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ एशियन अंडर-20 का गोल्ड मेडल जीतने वालीं अमानत ने क्वालिफिकेशन राउंड में 52.58 मीटर का थ्रो किया, जिसके साथ अमानत दुनिया की बेहतरीन अंडर-20 थ्रोअर्स में छठे स्थान पर रहीं। महिलाओं का डिस्कस थ्रो फाइनल शनिवार को होगा। अमानत जैवलिन थ्रो फाइनल में जगह बनाने वालीं तीसरी भारतीय हैं। उनसे पहले आशीष यादव और टी. धरणीधरन पुरुषों के जैवलिन थ्रो फाइनल में जगह बना चुके हैं। आशीष ने 69.87 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ अपने ग्रुप में टॉप किया, जबकि धरणीधरन ने 68.07 मीटर का थ्रो करते हुए अपने ग्रुप से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुल मिलाकर, आशीष क्वालिफिकेशन में दूसरे, जबकि धरणीधरन 12वें पायदान पर रहे। साउथ अफ्रीका के अंडर-20 जैवलिन चैंपियन जान-हेंड्रिक हेमैंस ने यूजीन में शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले ही थ्रो में 76.02 मीटर के साथ ऑटोमैटिक क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया। हेमैंस के पीछे, तीन एथलीट्स ने 69 मीटर से ज्यादा का थ्रो किया, जिनमें भारत के आशीष, पोलैंड के अलेक्जेंडर वोज्ना (69.80 मीटर) और चीन के यांग झाओयी (69.80 मीटर) शामिल हैं। ऐसे में फाइनल में कड़े मुकाबले की उम्मीद है। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में, मोगली वेंकटराम ने अपनी हीट में 1:52.81 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि उविन आनंद ने 1:52.37 का बेहतर समय निकाला।



अमानत दुनिया की बेहतरीन अंडर-20 थ्रोअर्स में छठे स्थान पर रहीं

# वैभव बनाएंगे टी-20 में वर्ल्ड रिकॉर्ड : बटलर

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में कीरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ते हुए इस बड़ी उपलब्धि को अपने नाम किया। हालांकि, बटलर ने भारत के 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। बटलर का कहना है कि टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का उनका रिकॉर्ड भविष्य में वैभव सूर्यवंशी तोड़ सकते हैं। 'स्टार स्पोर्ट्स' के साथ बातचीत करते हुए बटलर ने कहा, 'यह सोचना वाकई बहुत कूल है कि आपने सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाए हैं। एक दिन कोई इसे पार कर जाएगा, और उसका नाम शायद वैभव सूर्यवंशी होगा।' वैभव ने पिछले एक साल में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया है। वैभव इंग्लैंड के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वैभव ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में अपनी बल्लेबाजी से जमकर धमाल मचाया। उन्होंने पहले टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में सिर्फ 18 गेंदों में अर्द्धशतक लगाया था।



वैभव ने पिछले एक साल में अपने बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया

## भारत-श्रीलंका के टेस्ट सीरीज

# हमें मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार रहना होगा : गंभीर

**कोलंबो,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हर चुनौती का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने की सलाह दी है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होना है। इससे पहले, भारतीय टीम श्रीलंका इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच में हिस्सा लेगी, जिसकी शुरुआत 7 अगस्त से होनी है। पहले टेस्ट की मेजबानी गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम करेगा, जबकि दूसरा टेस्ट मुकाबला 23 अगस्त से कोलंबो का सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान करेगा। गंभीर ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए गए वीडियो में कहा, 'दोस्तों, हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या है। हम जानते हैं कि हम किसके लिए खेल रहे हैं। हम जोर लगा सकते हैं, हम अपनी सीमा को पार कर सकते हैं, हम सभी चीजों को पूरा कर सकते हैं। 15 तारीख की सुबह, चाहे हम पहले बैटिंग कर रहे हों, या पहले गेंदबाजी कर रहे हों, हमें हर सवाल और हर जवाब के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। इसलिए पक्का करें कि हम अभी से सभी चीजों को पूरा करें।' भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में मौजूदा रैंकिंग में 48.15 के जीत प्रतिशत के साथ पांचवे नंबर पर मौजूद है। वहीं, श्रीलंका 41.67 के जीत प्रतिशत के साथ छठे नंबर पर काबिज है। गंभीर ने नए खिलाड़ियों, ऑफ-स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का टेस्ट सेटअप में आधिकारिक तौर पर स्वागत किया। इसके साथ ही हेड कोच ने नए नियुक्त फील्डिंग कोच, सुभादीप घोष का भी स्वागत किया।



सीरीज से पहले आज भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी

### श्रीलंका में जडेजा का अनुभव बहुत काम आएगा: दीप

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता का मानना है कि अनुभवी रवींद्र जडेजा का स्पिन के लिए मददगार पिचों पर गेंदबाजी करने का लंबा अनुभव श्रीलंका में होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज में टीम के लिए बेहद अहम होगा। मौजूदा टीम में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार श्रीलंका के टेस्ट दौरे पर आए हैं, जबकि जडेजा और केएल राहुल के पास ही श्रीलंका में टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव मौजूद है। राहुल 2015 और 2017 में श्रीलंका दौरे पर आई भारतीय टीम का हिस्सा थे। वहीं, जडेजा साल 2017 में 3-0 से जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए दासगुप्ता ने कहा, 'अगर अनुभव की बात करें, तो कई खिलाड़ियों के लिए श्रीलंका में यह पहली टेस्ट सीरीज है। मुझे लगता है कि जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले यहां खेला है। स्पिन के लिए मददगार पिचों पर भी ऐसा नहीं है कि आप आएं और गेंद को हिट करें और आपको विकेट मिल जाए।

# टैलोन ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया

## टैलोन ने पिछले आठ टूर लेवल मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल की थी



कैनेडियन ओपन



मॉन्ट्रियल, 6 अगस्त (एजेंसियांस)। नीदरलैंड्स के टेनिस खिलाड़ी टैलोन ग्रीक्सपोर ने कैनेडियन ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(3), 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत को उनके करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जा रहा है। टैलोन ग्रीक्सपोर ने पिछले आठ टूर लेवल मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल की थी। ग्रीक्सपोर 2022 में निक किर्गियोस द्वारा डेनियल मेदवेदेव को हराने के बाद कैनेडियन ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। जेवरेव के खिलाफ 2-9 के रिकॉर्ड के बावजूद, ग्रीक्सपोर ने हाल के वर्षों में उन्हें कड़ी टक्कर दी है। 2025 में दोनों के बीच हुए मैराथन मैच बराबरी के रहे थे। वहीं, 2024 के फ्रेंच ओपन में पांचवें सेट में ग्रीक्सपूर के पास 2 ब्रेक की बढ़त थी, लेकिन वो उसे बरकरार रखने में सफल नहीं रह सके थे और मैच हार गए थे। ग्रीक्सपूर की सर्व उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है और उसे ब्रेक करना काफी मुश्किल रहता है। जेवरेव के खिलाफ हुए मुकाबले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। साल 2023 में अपने करियर की बेस्ट 21वीं रैंकिंग तक पहुंचने वाले ग्रीक्सपूर ने मुकाबले में शानदार वापसी की। पहले सेट के टाईब्रेकर से पहले ग्रीक्सपूर के पास एक सेट प्वाइंट था, लेकिन वह डिफेंसिव खेलने के चक्कर में अपनी बढ़त गंवा बैठे और उनका एक बैकहैंड शॉट मिस हो गया। ग्रीक्सपूर ने शानदार खेल जारी रखा। तीसरे सेट में एक लंबी रैली के बाद उन्होंने इनसाइड-आउट फोरहैंड लगाकर 3-2 से सर्विस ब्रेक की। ज्वेरेव 2-4 और 0-30 से पीछे चल रहे थे, लेकिन वह अहम मौकों का फायदा उठाने के साथ खुद को मैच में बनाए रखने में सफल रहे। अगले गेम में ग्रीक्सपूर को पहला ब्रेक प्वाइंट मिला। जब ज्वेरेव ने लाइन के किनारे बैकहैंड मारा, जो बाहर चला गया और ग्रीक्सपूर उनकी सर्विस तोड़ने में कामयाब रहे। इसके बाद ग्रीक्सपूर ने एक फोरहैंड शॉट खेलते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। ज्वेरेव ने 20 विनर्स बनाए, जबकि ग्रीक्सपोर ने नेट पर 18 में से 17 सही शॉट मारे।

■ इस जीत को उनके करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जा रहा है

# विजेंदर को देखकर शुरू की मुक्केबाजी: साक्षी

**भिवानी,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का जलवा रहा। खासतौर पर महिला मुक्केबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में 5 गोल्ड मेडल डाले। इन महिला मुक्केबाजों में साक्षी चौधरी का भी नाम शुमार रहा, जिन्होंने 51 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड जीता। हरियाणा के भिवानी स्थित अपने घर पहुंचने पर साक्षी का भव्य स्वागत हुआ। साक्षी ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि उनके परिजन भारी तादाद में पहुंचकर उनके मेडल जीतने के जश्न मनाने पहुंचे हैं। साक्षी ने कहा कि वह अपना गोल्ड मेडल सभी देशवासियों को समर्पित करना चाहेंगी, क्योंकि वह ग्लासगो में पूरे देश का प्रतिनिधत्व कर रही थीं। साक्षी के अनुसार, उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए रवाना होने से पहले अपने माता-पिता से वादा किया था कि वह गोल्ड जीतकर वापस आएंगी और वह ऐसा करने में सफल रहीं। उन्होंने कहा कि अपना वादा पूरा करने की उन्हें काफी खुशी है। साक्षी ने ग्लासगो में उनकी वजह से पोडियम पर भारत का राष्ट्रगान चलने को सबसे खास पल बताया। उन्होंने कहा, 'सबसे गर्व का पल वह था जब राष्ट्रगान बजाया गया और तिरंगा फहराया गया। अपनी उपलब्धि की वजह से विदेश में राष्ट्रगान सुनना एक सपना सच होने जैसा था। हम अपने देश के लिए बहुत मेहनत करते हैं और भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना बहुत गर्व की बात है। 'साक्षी ने बताया कि उन्होंने मुक्केबाजी की शुरुआत विजेंदर सिंह को देखकर की थी।

> साक्षी चौधरी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीता

## सार संक्षेप

### जम्मू- कश्मीर के लिए अगला घरेलू सीजन खेलेंगे बृजेश

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा घरेलू क्रिकेट का अगला सीजन (2026-27) अपने गृह राज्य जम्मू और कश्मीर की तरफ से खेलेंगे। बृजेश जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले के माडा शहर के रहने वाले हैं। बृजेश शर्मा आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए खेलते हुए चर्चा में आए थे। आईपीएल नीलामी के लिए बृजेश ने खुद को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के खिलाड़ी के तौर पर पंजीकृत किया था। जम्मू और कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) के विश्वसनीय सूत्र ने गुरुवार को एजेंसी को बताया, 'हां, बृजेश शर्मा रणजी ट्रॉफी के लिए जम्मू और कश्मीर टीम से जुड़ गए हैं। वह तैयारी कैंप के लिए टीम के साथ हैं। बृजेश का नाम जम्मू-कश्मीर के उन खिलाड़ियों की लिस्ट में था जो 10 से 17 अगस्त तक श्रीनगर के एसके स्टेडियम में उत्तराखंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगे। बृजेश ने जम्मू-कश्मीर की एज-ग्रुप टीमों के लिए खेला, फिर दिल्ली जाकर कोच दीपक पुनिया से ट्रेनिंग ली। उन्होंने 2025 बंगाल प्रो टी-20 लीग में शानदार प्रदर्शन के दम पर अपना आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया।

### यूरोपीय फुटबॉल लीगों के संघ ने फीफा में सुधार की मांग की

**रबात (मोरक्को)।** यूरोपीय फुटबॉल लीगों के संघ ने आगामी विश्वकप में टीम की संख्या 64 के विस्तार करने संभावनाओं की आलोचना करते हुए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) के प्रशासन में सुधार की मांग की है। फुटबॉल संघ ने बुधवार को कहा, 'अब पहले से कहीं अधिक, फीफा को ऐसे शासन सुधार की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करे कि सभी संबंधित हितधारकों की हमारे खेल के भविष्य को आकार देने वाले निर्णयों में औपचारिक भूमिका हो।' अपने बयान में यूरोपीय लीगों ने विश्व कप को 64 टीमों तक विस्तारित करने की संभावना की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, 'फीफा को एकतरफा रूप से विघटनकारी निर्णय लेना जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सुधार नहीं होता, तब तक यह फीफा प्रतियोगिताओं के 'विस्तार या सृजन' को अस्वीकार करेगा।'पुर्तगाल और रियल मैड्रिड के महान खिलाड़ी लुइस फिगो ने भी इन्फेंटिनो से पद छोड़ने की मांग करते हुए कहा कि उन्होंने 'पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

### वेस्ट हैम यूनाइटेड ने किया जोएल के साथ किया एक साल का करार

**लंदन।** वेस्ट हैम यूनाइटेड ने अनुभवी डच डिफेंडर जोएल वेल्टमैन के साथ एक साल का करार किया है, जिसे एक और साल के लिए बढ़ाने का विकल्प भी है। ईस्ट लंदन का यह क्लब खराब प्रदर्शन के कारण पिछले सीजन में प्रीमियर लीग से बाहर हो गया था और अब वापसी करना चाहता है। अनुभवी लीडर जोएल वेल्टमैन ने अजाक्स और ब्राइटन एंड होव एल्बियन के लिए टॉप लेवल पर 450 से ज्यादा मैच खेले हैं, जिनमें यूरोपियन प्रतियोगिताओं में 50 से ज्यादा और प्रीमियर लीग में 165 मैच शामिल हैं। वेल्टमैन ने दोनों क्लबों के लिए कप्तानी भी की है। जोएल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावित करते हुए अपनी नेशनल टीम, नीदरलैंड्स का 28 मुकाबलों में प्रतिनिधित्व किया है। वेल्टमैन ने साल 2014 में अपने देश को फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचाने में मदद की और यूईएफए यूरो 2020 में भी खेले। हैम यूनाइटेड से जुड़ने पर वेल्टमैन ने कहा, 'मैं इस कॉन्ट्रैक्ट से बहुत खुश हूं और काम शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यहां का प्रोजेक्ट मुझे सच में उत्साहित करता है। मैंने नूनो के साथ-साथ अपने परिवार और एजेंट से बात की, और सब कुछ सही लगा। हम जानते हैं कि वेस्ट हैम को प्रीमियर लीग में होना चाहिए, और निश्चित रूप से इस सीजन के लिए हमारा यही लक्ष्य है।

| SENSEX | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 78954.76 ▲373.76 | NSE | 24636.00 ▲ 11.35 | MCX Gold 149644 ▲1151 | silver 226442 ▼1142 |



# अर्थ जगत

## भारत की सबसे पसंदीदा कंपनी बनी गूगल, टाटा समूह और अमेजन भी टॉप-3 में

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल वर्ष 2026 में भारत की सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड बनकर उभरी है, जबकि टाटा समूह और अमेजन क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) 2026 रिपोर्ट में दिया गया यह निष्कर्ष 34 बाजारों के 1.75 लाख से अधिक प्रतिभागियों और भारत में करीब 3,500 उत्तरदाताओं से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है। सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि भारत में 46 प्रतिशत कर्मचारी अगले छह महीनों में नौकरी बदलने की योजना बना रहे हैं।



### जेप्टो,इंडिगो, फिजिक्स वाला समेत 9 प्लेटफॉर्म्स पर लगाया जुर्माना

## सरकार की ऑनलाइन शॉपिंग में 'डार्क पैटर्न' पर कार्रवाई

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ऑनलाइन शॉपिंग या फूड ऑर्डर करने के दौरान कस्टमर्स से हिडन चार्जेज वसूलने और बिना उसकी सहमति के डोनेशन या मेंबरशिप जोड़ने पर सख्ती बढ़ा दी है. सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने जेप्टो, फिजिक्स वाला,इंडिगो समेत 9 डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कार्रवाई की है. सरकार ने राज्यसभा में बताया कि इन कंपनियों को इस तरह की ऑनलाइन प्रैक्टिस बंद करने के निर्देश दिए गए हैं.*

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने संसद में लिखित जवाब में कहा कि डिजिटल मार्केटप्लेस में डार्क पैटर्न्स के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डार्क पैटर्न गाइडलाइंस के उल्लंघन के मामलों में सीसीपीए अब तक करीब 20 लाख रुपये का जुर्माना वसूल चुकी है. इसके अलावा जून 2025 में सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को सेल्फ ऑडिट कर ऐसे पैटर्न की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई थी.

**क्या हैं डार्क पैटर्न?**-डार्क पैटर्न प्रिवेंशन एंड रेगुलेशन गाइडलाइंस, 2023 के तहत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर अपनाई जाने वाली 13 तरह की भ्रामक तरीकों की पहचान की गई है. इनका उद्देश्य ग्राहकों को भ्रमित करना या उनकी पसंद को



प्रभावित करना माना जाता है. इनमें फॉल्स अर्जेंसी, बास्केट स्नीकिंग , ड्रिप प्राइसिंग , सब्सक्रिशन ट्रैप , कन्फर्म शेमिंग और ट्रिक क्वेश्चन जैसी प्रैक्टिस शामिल हैं.

**जेप्टो पर सबसे ज्यादा जुर्माना**-सरकार के मुताबिक, जेप्टो मार्केट प्लेस पर सबसे अधिक 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. जांच में पाया गया कि चेकआउट के दौरान ग्राहकों के बिल में हैंडलिंग चार्ज और मेंबरशिप फीस अपने आप जोड़ दी जाती थी. सीसीपीए ने हैंडलिंग फीस को ड्रिप प्राइसिंग और ऑटोमैटिक मेंबरशिप को बास्केट स्नीकिंग की श्रेणी में माना. सरकार ने बताया कि कंपनी ने अब इन प्रैक्टिस को बंद कर दिया है.

**फिजिक्स वाला पर भी कार्रवाई**-फिजिक्स वाला पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. यह कार्रवाई सीसीपीए द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद की गई. मामला फिजिक्स वाला फाउंडेशन के लिए पहले से चुने गए 10 रुपये के डोनेशन से जुड़ा था. जांच में पाया गया कि डोनेशन हटाने से रोकने के लिए यूजर्स को भावनात्मक संदेश दिखाए जा रहे थे. साथ ही कुछ फ्री कोर्सेज तक पहुंचने के लिए अनावश्यक निजी जानकारी भी मांगी जा रही थी. सरकार के अनुसार कंपनी ने जुर्माना जमा कर दिया है और इस तरह की प्रैक्टिस बंद कर दी हैं.

**इंडिगो और बुकमाईशो ने बदला सिस्टम**-सरकार ने बताया कि इंडिगो ने कन्फर्म शेमिंग से जुड़ी शिकायतों के बाद अपने मोबाइल ऐप में बदलाव किया है. वहीं बुकमाईशो को अपनी सामाजिक पहल बुकआइस्माइल के लिए टिकट बुकिंग के दौरान पहले से चयनित 1 रुपये का डोनेशन हटाने का निर्देश दिया गया. सीसीपीए ने इसे भी बास्केट स्नीकिंग माना.

## 1 अक्टूबर से बदल जाएंगे फिक्स्ड डिपॉजिट के नियम

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिए आरबीआई ने किए 3 बड़े बदलाव

*नई दिल्ली। अगर आपका फिक्स्ड डिपॉजिट किसी स्मॉल फाइनेंस बैंक में है या आप नई फिक्स्ड डिपॉजिट कराने की तैयारी कर रहे हैं, तो भारतीय रिजर्व बैंक ने स्मॉल फाइनेंस बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़े नियमों में बदलाव किया है. ये नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे. आरबीआई का कहना है कि इन बदलावों का मकसद कस्टमर के लिए इंटरेस्ट रेट्स को ज्यादा अच्छा बनाना और सभी के साथ एक तरह का बर्ताव करना है.*



छोटे बैंकों को हर दिन सुबह 10 बजे तक अपनी वेबसाइट पर बताना होगा कि बड़ी एफडी पर कितना इंटरेस्ट मिलेगा. अगर किसी वजह से अपडेट में देरी होती है तो बैंक को सिर्फ 10 मिनट की एक्स्ट्रा छूट मिलेगी. आरबीआई के हिसाब से, 3 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा की एक साथ एफडी को बल्क डिपॉजिट माना जाता है. इस तरह की एफडी आमतौर पर कंपनियां, ट्रस्ट और बड़े इन्वेस्टर कराते हैं.

**एफडी से पहले दिखानी होगी पूरी इंटरेस्ट रेट लिस्ट**- आरबीआई ने ये भी साफ कर दिया है कि बैंक अब एफडी स्वीकार करने से पहले अपनी इंटरेस्ट रेट की पूरी लिस्ट वेबसाइट पर डालेंगे. यानी कस्टमर पहले ही देख सकेंगे कि किस समय की स्नेष्ठ पर कितना इंटरेस्ट मिल रहा है. इसके बाद बैंक उसी रेट पर स्नेष्ठ मंजूरी देंगे, जो वेबसाइट पर दिखाई गई होगी. इससे कस्टमर के लिए अलग-अलग बैंकों की इंटरेस्ट रेट को कंपेयर करना भी आसान हो जाएगा.एक और बड़ा बदलाव ये है कि अब एक ही दिन एक जैसी रकम की स्नेष्ठ कराने वाले सभी कस्टमर को एक जैसा इंटरेस्ट रेट मिलेगा. बैंक किसी एक कस्टमर को ज्यादा और दूसरे को कम इंटरेस्ट नहीं दे सकते है. ये नियम सभी ब्रांच पर लागू होगा, ताकि हर कस्टमर के साथ एक जैसा बर्ताव हो.

**बल्क एफडी पर लागू नहीं होगा ये नियम**-ये नियम बल्क डिपॉजिट पर लागू नहीं होगा. बैंक बल्क एफडी पर अलग-अलग इंटरेस्ट रेट दे सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें पहले से नियम फिक्स करने होंगे और उन्हें पब्लिश भी करना होगा. ये अंतर डिपॉजिट की मजबूती और बैंक की कैश जरूरतों जैसे आधार पर रखा जा सकता है. ये नियम एनआरआई कस्टमर के बल्क डिपॉजिट पर भी लागू होगा आरबीआई का मानना है कि इन नए नियमों से स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी से जुड़ी इंतेजाम पहले से ज्यादा साफ, ईमानदार और कस्टमर के हित में होगी.

## रुपया 16 पैसे टूटकर 95.24 डॉलर पर



*मुंबई। मुंबई के अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ 95.24 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 95.12 से 95.24 के दायरे में रहा, जहां विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर सूचकांक में मजबूती से इस पर असर पड़ा। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भारतीय मुद्रा की गिरावट को एक सीमित दायरे तक रोके रखा।*


### विदेशी फंड्स की निकासी से बढ़ा दबाव

डॉलर सूचकांक में मामूली बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे कमजोर होकर 95.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मामूली सुधार और विदेशी कोषों की निकासी से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि, कच्चे तेल की अपेक्षाकृत नरम कीमतों ने रुपये को कुछ हद तक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.13 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.12 से 95.24 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 95.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव की तुलना में 16 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 20 पैसे मजबूत होकर 95.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से सेंसेक्स 374 अंक चढ़ा

*मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 374 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही।*

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान पूरे समय सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 373.76 अंक यानी 0.48 प्रतिशत चढ़कर 78,954.76 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करता रहा और अंत में 11.35 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान



निफ्टी ऊंचे में 24,677.05 अंक तक गया और नीचे में 24,604.15 अंक तक आया।

सोमवार से दोनों प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन में अंतर देखने को मिल रहा है। यह बदलाव उन शेयरों के लिए नई नीलामी व्यवस्था लागू किए जाने के बाद आया है, जिनमें वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) अनुबंध उपलब्ध हैं। इक्विटी नकद खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से शुरू हुआ। इसके तहत पात्र शेयरों के समापन मूल्य तय करने के लिए नीलामी आधारित नई व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य कीमत निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है। एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, घरेलू शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा। निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया संघर्ष के कूटनीतिक समाधान की उम्मीद के बीच सतर्क लेकिन सकारात्मक बनी रही। उन्होंने कहा कि निफ्टी सीमित दायरे में कारोबार करते हुए लगभग स्थिर रहा। सेंसेक्स में बढ़त दर्ज की गई, जिसे मुख्य रूप से प्रमुख शेयरों में लिवाली से समर्थन मिला।

## एलन मस्क की नेटवर्थ में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की नेटवर्थ में बुधवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। स्पेसएक्स के शेयरों में 13.61 प्रतिशत गिरावट आई जबकि टेस्ला का शेयर भी 1.77 प्रतिशत लुढ़क गया। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक इससे मस्क की संपत्ति में 89.6 अरब डॉलर की गिरावट आई। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 85.7 अरब डॉलर से ज्यादा है। हालांकि, साल 2026 की शुरुआत से अब तक मस्क की संपत्ति में कुल 68.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी बनी हुई है।

### मुद्रा बाजार

#### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 95. 22 |
| एक यूरो | 109. 44 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 128. 67 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 66. 65 |
| एक जापानी येन | 0. 60 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## होर्मुज समझौते से चढ़ा कच्चे तेल का भाव, क्रूड में आई तेजी

*मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त देखने को मिली। लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद तेल की कीमतें संभली हैं। इसकी बड़ी वजह ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही को लेकर हुआ एक अस्थायी समझौता है। इससे बाजार को उम्मीद है कि इस अहम रास्ते से तेल की सप्लाई पहले के मुकाबले आसान हो सकती है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, ब्रेंट क्रूड (अक्टूबर 2026) 79.88 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। इसमें 0.43 डॉलर यानी 0.54 फीसदी की बढ़त रही। कारोबार के दौरान इसका हाई 80.34 डॉलर और निचला स्तर 78.55 डॉलर रहा।*

वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड (सितंबर 2026) 75.61 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 0.39 डॉलर यानी 0.52 फीसदी की तेजी रही। दिन में इसका भाव 74.64 डॉलर से 76.02 डॉलर



प्रति बैरल के बीच रहा।

**क्या है होर्मुज वाला समझौता?**-ईरान और ओमान ने होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के लिए एक अस्थायी शिपिंग रूट पर सहमति बनाई है। यह व्यवस्था अगले दो से चार महीने तक लागू रह सकती है। हालांकि, ईरान ने साफ कर दिया है कि इसका मतलब यह नहीं है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह खोल दिया गया है।

## विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने का कोई प्रस्ताव नहीं- नायडू

*नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि विमान ईंधन (एटीएफ) में एथनॉल मिलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विमानन सुरक्षा को लेकर गलत जानकारी फैलाने से हवाई यात्रियों में बेवजह चिंता पैदा होती है। नायडू ने यह बात दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस दावे के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार एटीएफ में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है।*

केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सूत्रों ने संकेत दिया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे उड़ानों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नायडू ने कहा, विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने की योजना का दावा पूरी तरह झूठा और गैर-जिम्मेदाराना है। ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा, विमानन सुरक्षा को लेकर गलत सूचना फैलाने से केवल हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है। यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च



प्राथमिकता है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि एथनॉल और पर्यावरण अनुकूल विमान ईंधन पूरी तरह अलग-अलग हैं और दोनों को एक-दूसरे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा,एसएएफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमानन ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) ने मान्यता दी है। इसे दुनिया के कई देशों ने अपनाया है। यह कड़े परीक्षणों से गुजरता है और वैश्विक सुरक्षा मानकों पर खरा उतरा है।

## सतना बाजार भाव

### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,29,900 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,22000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 210000 रु. | प्रति किलो |

### दाल- किराना भाव

- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

### लोहा वाला ट्रेडर्स

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं.

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम -49.50, 10 एमएम -48.00, 12 एमएम -47.50, 16 एमएम -47.50

कामधेनू- 8 एमएम -54.50, 10 एमएम -53.00, 12 एमएम -52.50, 16 एमएम -52.50

## एआई से बड़ी कंपनियों में नौकरियां घटेंगी, छोटे कारोबार बढ़ाएंगे रोजगार-नीलेकणि

*नई दिल्ली। इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वचालन और कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से भारत की बड़ी एवं सुव्यवस्थित कंपनियों में आने वाले वर्षों में नौकरियां घट सकती हैं, जबकि लाखों छोटे कारोबार भविष्य में रोजगार सृजन का प्रमुख आधार बनेंगे। एनसीएईआर इंडिया पॉलिसी फोरम-2026को संबोधित करते हुए नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन को लेकर देश की सोच में बुनियादी बदलाव की जरूरत है।*

नीलेकणि नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च के संचालन मंडल के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने कहा, बड़ी कंपनियां, जो बहुत सुव्यवस्थित ढंग से काम करती हैं, नौकरियों में कटौती के लिहाज से सबसे अधिक प्रभावित होंगी। इसका कारण यह है कि वहां हर काम कुछ तय कार्यों तक सीमित होता है, जिन्हें स्वचालन के जरिये आसानी से किया जा सकता है। इसलिए आने वाले वर्षों में बड़ी कंपनियां शुद्ध रूप से रोजगार घटाने वाली बन सकती हैं। इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का भविष्य लाखों छोटे कारोबार क्षेत्रों में है, क्योंकि वे एआई से होने वाले बदलावों के प्रति अपेक्षाकृत अधिक सक्षम हैं।



नीलेकणि ने कहा, लाखों छोटे कारोबार में एआई के जरिये व्यापक स्तर पर बदलाव करना कहीं अधिक जटिल है। इसलिए उन पर नौकरियों में कटौती का असर अपेक्षाकृत कम होगा और वे अधिक रोजगार सृजित करेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में अर्थव्यवस्था इस सोच पर आगे बढ़ेगी कि कुछ कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार दें, इसके बजाय लाखों कंपनियां एक-एक व्यक्ति को रोजगार दें। नीलेकणि ने अनुमान जताया कि भारत में स्टार्टअप की संख्या 2035 तक बढ़कर 10 लाख हो सकती है, जबकि फिलहाल यह करीब 1.5 लाख है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव को समर्थन देने के लिए बड़े पैमाने पर नियामकीय बोझ कम करने और कारोबार से जुड़े तंत्र को सरल बनाने की जरूरत है। छोटे उद्यमियों को अनावश्यक नियमों के बोझ से बचाने के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक के अकाउंट एग्रीगेटर और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) जैसे डिजिटल मंचों के माध्यम से उन्हें पूंजी और बाजार तक आसान पहुंच उपलब्ध कराई जानी चाहिए। नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन के तौर-तरीकों पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है।

## सोना 1.50 लाख के करीब

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में भू राजनीतिक तनाव कम होने से फेडरल रिजर्व द्वारा आगे ब्याज दरों में बढ़ोतरी टालने की बढ़ती उम्मीदों से सोने चांदी की कीमतों को समर्थन मिला। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। ग्लोबल मार्केट कामैक्स पर सोना 4,325 डॉलर प्रति औंस के करीब, जबकि चांदी 62.30 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रही है। घरेलू मार्केट एमसीएक्स पर खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 1,49,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,28,100 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 536 रुपये की तेजी के साथ 1,49,029 रुपये के भाव पर खुला।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# अब न देरी, न दूरी



- नामांतरण, सीमांकन व फाइलें अब अटकेंगी नहीं, होगा ऑन-द-स्पॉट क्लीयरेंस!
- हर योग्य किसान को फार्मर ID और टॉप-क्वालिटी खाद-बीज की इंस्टेंट डिलीवरी
- आयुष्मान कार्ड का 100% कवरेज + हॉस्पिटल्स का ऑन-ग्राउंड सरप्राइज ऑडिट
- e-KYC और आधार कार्ड अपडेशन बिना किसी झंझट के तुरंत डन!
- कुटीर व लोकल बिजनेस को N.O.C. और स्वीकृतियों का सुपरफ़ास्ट अप्रूवल
- PM आवास, नल से जल, राशन और लॉ एंड ऑर्डर का स्ट्रिक्ट ऑन-स्पॉट चेक
- लोक सेवा गारंटी प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान, सरकारी कार्यप्रणाली का इवैल्यूएशन और जनसमस्याओं का क्विक सॉल्यूशन
- आंगनवाड़ी सेवाओं व बच्चों के पोषण की निगरानी और स्कूल-कॉलेजों की शिक्षा का मूल्यांकन
- सड़क, तालाब, अमृत सरोवर और अन्य विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन

## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान
## अब सरकार हमारे द्वार



शुभारंभ

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** द्वारा

छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश

**7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027**

**हर शुक्रवार, सरकार जनता के द्वार**

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी D-11073/26

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026